रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 79,468.01 +874.94

डॉलर 83.908 -0.048

रांची सर्राफा
10 ग्राम 68,880 | 01 किलो 87,500

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

श्रावण शुक्ल पक्ष 04, संवत 2081 | रांची, गुरुवार, 08 अगस्त 2024, वर्ष-25, अंक- 187, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 पूर्व पीएम शेख हसीना ने हिंडन में...

## एक नजर

### राज्यसभा की 12 सीटों के लिए अधिसूचना जारी, तीन सितंबर को होंगे चुनाव

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने राज्यसभा की 12 रिक्त सीटों के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। आयोग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार तीन सितंबर को चुनाव कराए जाएंगे। राज्यसभा की 12 सीटों पर तीन सितंबर को होने वाले चुनाव के लिए नामांकन की आखिरी तारीख 21 अगस्त है। नामांकन पत्रों की जांच 21 अगस्त को होगी, नामांकन वापसी की अंतिम तिथि 26 और 27 अगस्त है। बता दें कि 9 राज्यों की 12 राज्यसभा सीटों पर चुनाव होने हैं। चुनाव आयोग की अधिसूचना के अनुसार, राज्यसभा सदस्यों के चुनाव के लिए 14 अगस्त को नोटिफिकेशन जारी होगा। नोटिफिकेशन जारी होने के बाद नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। नामांकन की आखिरी तारीख 21 अगस्त रखी गई है, 22 अगस्त को नामांकन पत्रों की जांच होगी। इसके बाद अगर कोई उम्मीदवार अपना नामांकन वापस लेना चाहता है तो वह 27 अगस्त तक ले सकता है।

### बोकारो में करंट लगने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

**बोकारो।** बोकारो में बुधवार को बिजली करंट की चपेट में आकर एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई। यह हादसा बाथरूम में जमा पानी को टुल्लू पंप से निकालने के दौरान हुआ। बताया गया कि माराफारी थाना अंतर्गत कैंप वन इलाके में रहने वाले परिवार की सुलेखा देवी ने बाथरूम में जमा पानी निकालने के लिए टुल्लू पंप लगाया था। इसी दौरान करंट लगने से वह झटका खाकर गिर गईं। इसके बाद उन्हें बचाने की कोशिश में उनकी पुत्री करिश्मा (16) और महिला का भांजा सौरभ कुमार (22) भी करंट की चपेट में आ गए। पड़ोस के परिवार ने उनकी चीख सुनी तो बिजली की लाइन काटी। इसके बाद तीनों को बोकारो जेनरल हॉस्पिटल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना पाकर बोकारो के भाजपा विधायक बिरंची नारायण सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग हॉस्पिटल पहुंचे।

## आज कल




# 100 ग्राम वजन ज्यादा होने से विनेश ओलंपिक से बाहर

-ब्यूरो

**दिल्ली ।** भारतीय महिला रेसलर विनेश फोगाट 50 किलोग्राम महिला वर्ग की रेसलिंग के फाइनल से बाहर हो गई हैं। फोगाट को ओवरवेट होने की वजह से डिसक्वालीफाई किया गया है। भारतीय कुश्ती और देश के लिए यह एक बड़ा झटका है, क्योंकि विनेश फोगाट स्वर्ण पदक जीतने के बेहद करीब थीं। भारतीय ओलंपिक संघ ने कहा, भारतीय दल महिला कुश्ती 50 किग्रा वर्ग से विनेश फोगाट के अयोग्य घोषित किए जाने की खबर आपसे साझा करता है। रात भर टीम द्वारा किए गए बेहतरीन प्रयासों के बावजूद, आज सुबह उनका वजन 50 किग्रा से कुछ ग्राम अधिक था। इस समय दल द्वारा कोई और टिप्पणी नहीं की जाएगी। भारतीय दल आपसे विनेश की निजता का सम्मान करने का अनुरोध करता है। वह मौजूदा प्रतियोगिताओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहेगी। इसके अलावा, भारतीय पहलवान को यूडब्ल्यूडब्ल्यू नियमों के अनुसार अंतिम स्थान दिया जाएगा।



**विनेश फोगाट** बढ़े वजन के कारण फाइनल से पहले कुश्ती स्पर्धा के लिए अयोग्य घोषित की गई

**भारतीय ओलंपिक संघ** के पदाधिकारियों ने अंतरराष्ट्रीय कुश्ती संघ से कड़ा विरोध दर्ज किया

## नहीं मिलेगा कोई पदक, अंतिम स्थान पर पहुंची

मंगलवार को विनेश ओलंपिक खेलों के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बन गईं, जब उन्होंने सेमीफाइनल में क्यूबा की युस्नेलिस गुजमैन को 5-0 से हराया। उन्होंने अपने अभियान की शुरूआत दुनिया की नंबर-1, जापान की चार बार की विश्व चैंपियन और टोक्यो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता युई सुसाकी को हराकर की, जो पहलवान के रूप में अपने पूरे करियर में 95 अंतरराष्ट्रीय मैचों में अपराजित रहीं। इसके बाद विनेश ने दिन के अपने दूसरे मुकाबले में यूक्रेन की ओक्साना वासिलीवना लिवाच को 7-5 से हराकर अपने पहले सेमीफाइनल में प्रवेश किया। 48 किग्रा में पूर्व विश्व नंबर 1 विनेश अपने तीसरे ओलंपिक में भाग ले रही थीं। वह चोट के कारण 2016 रियो ओलंपिक में पदक से चूक गईं। वह टोक्यो ओलंपिक में 53 किग्रा क्वार्टर फाइनल में वेनेसा कलादजिंस्काया से हार गईं। विनेश राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय महिला भी हैं।

# मानकी व परगनैत को ₹6,000 मुंडा व ग्राम प्रधान को ₹4,000

## झारखंड कैबिनेट की बैठक में 37 प्रस्तावों पर लगी मुहर



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कुल 37 प्रस्तावों को मंजूरी मिली। सरकार ने परंपागत पदाधिकारी मानकी, परगनैत, मुंडा, ग्राम प्रधान, डाकुवा, पराणिक, बीबीनायकी, गोड़ेत, मूल रैयत, ग्रामीण दिउरी, पहड़ा राजा, ग्रामसभा का प्रधान, घटवार व तावेदन को देय सम्मान राशि को दोगुना करने का फैसला लिया है। मानकी व परगनैत को 6,000 रुपये एवं मुंडा एवं ग्राम प्रधान की 4,000 रुपये सम्मान राशि दी जायेगी। वहीं, अन्य पारंपरिक ग्राम प्रधानों को 2000 रुपये प्रतिमाह दिए जायेंगे। इस बढ़ोतरी से सरकार को अतिरिक्त 44.79 करोड़ का बोझ पड़ेगा। इसमें करीब 89.58 करोड़ की राशि खर्च होगी।

### बैठक के मुख्य फैसले

- केंद्रीय एजेंसी के कार्य दायित्व के मामले की कार्य मंत्रिमंडल सचिवालय निगरानी विभाग करेगा।
- बाल आरक्षी से सामान्य आरक्षी में नियुक्ति के लिए शारीरिक योग्यता या चिकित्सीय योग्यता प्राप्त नहीं करने वाले बाल आरक्षी को पुलिस विभाग में ही फोर्थ ग्रेड में नियुक्ति की जाएगी।
- बिहार परिवहन निगम के 619 परिवहन निगम कर्मियों का समायोजन दूसरे विभाग में करने की स्वीकृति दी गई। इसमें 50 करोड़ की राशि खर्च होगी।
- विधानसभा सदस्य इंद्रजीत महतो के चिकित्सा इत्यादि खर्च के संपूर्ण राशि देने की स्वीकृति।
- मुख्यमंत्री अस्पताल का एकल्प योजना के लिए गाइडलाइन बना है और दो स्तर पर राज्य और जिला स्तर पर समिति गठित होगी।
- राज्य अंतर्गत सभी मेडिकल कॉलेज जिला अस्पताल इत्यादि का उन्नयन किया जाएगा।
- दूसरे चरण में सभी अनुमंडल सामुदायिक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का उन्नयन किया जाएगा।
- झारखंड राज्य अंतर्गत नर्सिंग संस्थान क्षेत्र के नामांकन प्रबंधन के नियम 2023 में संशोधन किया गया है।
- सभी सीटों में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा में न्यूनतम 40 प्रतिशत न्यूनतम अंक लाना अनिवार्य किया गया है।
- सदर अस्पताल खूंटी के डॉक्टर नीलम को सेवा से बर्खास्त किया गया।

शेष पेज 11 पर

## गरिमा व भव्यता के साथ मनायें आदिवासी दिवस

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को झारखंड मंत्रालय में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की तैयारियों की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि नौ व दस अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर झारखंड आदिवासी महोत्सव सम्पूर्ण गरिमा और भव्यता के साथ मनाया जाय। महोत्सव में पहुंचने वाले सभी आगंतुकों के लिए बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सांस्कृतिक समारोह स्थल में आगंतुकों के बैठने की पूरी व्यवस्था हो। साज-सज्जा तथा भव्यता में कोई कमी न रहे इसके लिए पूरी तैयारी एक बेहतर प्लानिंग के साथ करें। ख्याति प्राप्त कलाकारों के साथ नये कलाकारों को भी अवसर मिले। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि समारोह के दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में झारखंड की समृद्ध कला, संस्कृति को प्राथमिकता के तौर पर शामिल करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यक्रम की भव्यता झारखंड के कला-संस्कृति पर केंद्रित हो यह सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आयोजन के दौरान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान परिसर में लगे पेड़-पौधों को कोई नुकसान नहीं पहुंचे, इसका विशेष ध्यान रखें। समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मुख्य समारोह में आयोजित कल्चरल प्रोग्राम में स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता के तौर पर मौका दें।

शेष पेज 11 पर

## बांग्लादेश में जारी हिंसा के बीच अवामी लीग के 20 नेता मृत मिले

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार का तख्तापलट हो गया है। जारी हिसा के बीच देशभर में 20 अवामी लीग नेताओं समेत 29 लोगों के शव मिले हैं। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, ये मौतें बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे और सोमवार को उनके देश से चले जाने के बाद हुई हैं। हिंसा प्रभावित सतखीरा में कम से कम 10 लोग मारे गए और कोमिल्ला में भीड़ के हमलों में 11 अन्य लोगों की जान चली गई। इस उथल-पुथल के कारण अवामी लीग के नेताओं और कार्यकतार्ओं के घरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों में बड़े पैमाने पर तोड़फोड़ और लूटपाट हुई है। पुलिस ने कई शहरों में आगजनी की घटनाओं की भी सूचना दी है। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, चश्मदीदों ने बताया कि अशोकतला में पूर्व पार्षद मोहम्मद शाह आलम के घर पर हमला हुआ। भीड़ ने उनके घर को आग के हवाले कर दिया। आग में पांच नाबालिग समेत छह लोगों की मौत हो गई, जिनके शव सोमवार रात और मंगलवार सुबह बरामद किए गए।

शेष पेज 11 पर

## एयर इंडिया का विशेष विमान ढाका से 205 यात्रियों को ले दिल्ली पहुंचा



एजेंसी

**नई दिल्ली।** टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया एयरलाइन ने बुधवार सुबह राजधानी नई दिल्ली से बांग्लादेश की राजधानी ढाका के बीच एक विशेष उड़ान का संचालन किया, जिससे छह बच्चों समेत 205 लोगों को भारत लाया गया। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, ए 321 नियो विमान से संचालित एयर इंडिया की चार्टर्ड उड़ान मंगलवार देररात ढाका से रवाना हुई, जिसके जरिए छह बच्चों और 199 वयस्कों सहित 205 लोगों को भारत लाया गया है। एयर इंडिया ने ढाका एयरपोर्ट पर बुनियादी ढांचा संबंधी चुनौतियों के बावजूद इस विशेष उड़ान का संचालन किया है। नई दिल्ली से ढाका के लिए उड़ान भरने वाले एयर इंडिया के इस विमान में कोई यात्री नहीं था।

शेष पेज 11 पर

## रांची में उग्रवादियों ने छह गाड़ियों में लगाई आग, क्षेत्र में दहशत

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के बुढ़मू में छापर स्थित दामोदर नदी बालू घाट पर मंगलवार देररात उग्रवादियों ने साकेत साहू और बलराम साहू के छह वाहनों को आग के हवाले कर दिया। उग्रवादियों ने बालू ढुलाई में लगे चार ट्रबो, एक ट्रैक्टर और एक जेसीबी मशीन में आगजनी की है। इस घटना से इलाके में दहशत है। लेवी को लेकर आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया है। फिलहाल किसी उग्रवादी संगठन ने इसकी जिम्मेदारी नहीं ली है। चर्चा है कि जेजेएमपी कमांडर राहुल तुरी उर्फ अलोक ने इस घटना को अंजाम दिया है। वह उग्रवादी संगठन झारखंड जन मुक्ति परिषद् (जेजेएमपी) से जुड़ा हुआ है। इस घटना का मकसद डर का माहौल पैदा कर कारोबारियों से लेवी वसूलना है। ग्रामीणों के अनुसार मंगलवार देररात दर्जनों वाहन छापर घाट पर बालू की अवैध निकासी कर उसे ट्रकों और हाइवा में भर रहे थे।



● बुढ़मू थाना प्रभारी रामजी कुमार और एक सब-इंस्पेक्टर को सस्पेंड कर दिया।

इस दौरान छह बाइकों से हथियारबंद लोग पहुंचे। उन्होंने मजदूरों को मारपीट कर भगा दिया। इसके बाद वाहनों को आग के हवाले कर दिया। बुढ़मू थाना प्रभारी रामजी ने बताया कि आगजनी की सूचना मिली है लेकिन वह अवकाश पर हैं। उल्लेखनीय है कि रांची के बुढ़मू इलाके में एनजीटी की रोक के बावजूद बालू उत्खनन हो रहा है। इस घटना के बाद बुधवार को एसएसपी चंदन सिन्हा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बुढ़मू थाना प्रभारी रामजी कुमार और एक सब-इंस्पेक्टर को सस्पेंड कर दिया। साथ ही रितेश महतो को थाना प्रभारी बनाया गया है। फिलहाल, किसी उग्रवादी संगठन ने इसकी जिम्मेदारी नहीं ली है।

## रिश्वत लेते हाई स्कूल प्रधानाध्यापिका गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**पलामू।** एसीबी ने गढ़वा जिले के कांडी थाना क्षेत्र में राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय कांडी की प्रधानाध्यापिका विद्यानी बाखला को पांच हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद प्रधानाध्यापिका को एसीबी के मेदिनीनगर कार्यालय लाया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। प्रधानाध्यापिका विद्यानी बाखला गढ़वा जिले के रमकंडा थाना क्षेत्र के बैरिया की रहने वाली है। पलामू एसीबी के अनुसार प्रधानाध्यापिका विद्यानी बाखला ने स्कूल के वोकेशनल टीचर से 20 हजार रिश्वत की मांग की थी। वोकेशनल टीचर 2019 से कार्यरत है। वोकेशनल टीचर एनजीओ के माध्यम से सेवारत हैं। प्रधानाध्यापिका उनसे हर साल 20 हजार रिश्वत मांगती थी। उनका मानदेय 20 हजार महीने का है। 20 हजार नहीं देने पर प्रधानाध्यापिका वोकेशनल टीचर को हटाने की बात कहती थी तथा मासिक उपस्थिति पर हस्ताक्षर नहीं करती थी जबकि शिक्षक घूस देने के पक्ष में नहीं थे।



उन्होंने इसकी शिकायत भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पलामू के मेदिनीनगर कार्यालय में की थी। मामले में एसीबी के पुलिस उपाधीक्षक द्वारा सत्यापन किया गया और मामले को सही प्रकार इस संबंध में 6 अगस्त को मामला दर्ज किया गया। सात अगस्त को एसीबी की एक टीम प्रभावित शिक्षक के साथ कांडी राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय पहुंची और जैसे ही वादी शिक्षक से प्रधानाध्यापिका ने 5000 रुपये रिश्वत ली, उसे रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया।

### जेजे कॉलेज में दिवाकर की जगह नीरज दे रहा था परीक्षा, धरा गया

**कोडरमा।** जगन्नाथ जैन महाविद्यालय में बुधवार को बीए सेमेस्टर-3 परीक्षा के दौरान फर्जी परीक्षा दे रहे युवक को पकड़ा गया। युवक की पहचान नीरज कुमार, नवलशाही के रूप में हुई है। परीक्षा विभाग को सूचना मिलते ही फर्जी परीक्षा दे रहे युवक को कॉलेज के सी-5 रूम से धर दबोचा गया। बताया गया है कि पहली पारी में डिजिटल एजुकेशन विषय की परीक्षा संचालित हो रही थी। परीक्षार्थी दिवाकर कुमार साव की जगह पर फर्जी तरीके से नीरज कुमार परीक्षा देते पाया गया। केंद्राधीक्षक सह प्राचार्य ने फर्जी परीक्षा दे रहे युवक को पुलिस के हवाले कर दिया है। आरोपित को कोडरमा थाना में हिरासत में रखा गया है। जेजे कॉलेज के केंद्राधीक्षक सह प्राचार्य मामले में एफआईआर दर्ज करा रहे हैं।

## इंडिया

## वायनाड त्रासदी कारण और झारखंड कनेक्शन



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक


वायनाड में प्रकृति के कोप से जितनी जान माल की क्षति हुई उसपर देश विदेश में हो रही चर्चा से ज्यादा सोशल मीडिया पर रील,पोस्ट और विश्लेषण से इतर झारखंड कनेक्शन की कहीं चर्चा नहीं हो रही है । वायनाड-नीलगिरी पर्वतमाला के ऊंचे पहाड़ों से होकर कभी एक नदी बहती थी। तेज गति वाली नदी गर्मी में सुप्त रहती थी, लेकिन बरसात के छह महीने तेज वेग में नीचे जाकर पश्चिमी घाट की नदियों में मिल जाती। सन 1876 में इंग्लिश और स्कॉटिश कॉपरेटिव सोसायटी ने यहां के पहाड़ों पर सीढ़ीनुमा क्यारियां बनाकर कंटूर विधि से असम और चीन की चाय की संकर नस्ल की खेती शुरू की। वहां कई छोटी-छोटी जल सरिताएं थीं। अंग्रेज बागान मालिक ने उन सरिताओं पर मिट्टी डलवा दी और उस पर मजदूरों के लिए बस्ती बसा दी।वायनाड में आई भयावह त्रासदी में सबसे अधिक नुकसान वेल्लारीमाला पर्वतमाला के नीचे मुंदक्कई और चूरलमाला में हुआ है। असल में इन दोनों जगहों पर घर और इमारतें मिटा दी गई नदी के ऊपर बने हुए थे। वेल्लारमाला स्कूल की विशाल इमारत भी उस नदियों नालों के बहाव मार्ग पर बनी थी, जो कुछ साल पहले अपना रास्ता तो बदल चुकी थी, लेकिन प्राकृतिक ढलान में उसे भूली नहीं थी। इस छोटे से कस्बे की सुंदरता और जैव विविधता जिस चलियार नदी के कारण है, वह लाशों से पट गई। यह नदी वायनाड जिले में इलमपिलेरी पहाड़ियों से निकलती है।वायनाड से लगभग 90 किलोमीटर दूर शव के टुकड़े मिलना बताते हैं कि वायनाड भूस्खलन से हुई त्रासदी में सबसे बड़ी भूमिका उन नदियों की है, जिनको अनावश्यक मानकर कभी समाप्त करने का प्रयास किया गया था। विकास और लालच की दौड़ में लोग यह भूल गए कि सभी नदियां जीवित जीव की तरह होती हैं और उनकी याददाश्त 200 साल की होती है।वायनाड की दुःखद घटना के मूल में वेल्लारीमाला पर्वतमाला का भूस्खलन है और इसके लिए जलवायु परिवर्तन के साथ मानवीय भूल जिम्मेदार है, लेकिन मलबे के तेजी से बहने के पीछे लुप्त नदी का अचानक जीवंत होना भी बड़ा कारण है। वर्ष 2020 में केरल में घटित जलवायु परिवर्तन, खासकर तापमान में वृद्धि पर तंत्र ने ध्यान नहीं किया। उस वर्ष केरल में भयंकर जल प्लावन के बाद जैव विविधता के लिए जगजाहिर वायनाड में अचानक केंचुए और कई प्रकृति प्रेमी कीट विलुप्त हो गए थे। कई शोध बताते हैं कि तापमान में बढ़ोतरी से पश्चिमी घाट के आसपास के इलाकों में अचानक भारी बरसात होगी ही और जब ऐसे में प्रकृति पर मानवीय दखल बढ़ा, जंगल कम होने से मिट्टी की पकड़ ढीली हुई, तो भारत के इतिहास के सर्वाधिक भयावह भूस्खलन में से एक वायनाड में घटित हो गया।वेल्लारीमाला पर्वतमाला घने जंगल और छोटी-बड़ी जलनिधियों से संपन्न ऊंट की पीठ के आकार की पर्वतमाला है। बार-बार इसे विशेष क्षेत्र घोषित कर सभी तरह के निर्माण रोकने की मांग होती रही, लेकिन पहाड़ खोद कर कोझिकोड राजमार्ग को चौड़ा करना जारी रहा। स्पष्ट है कि वेल्लारीमाला का भूस्खलन दरारों के कारण हुआ था। जब इस तरह की दरारों में लंबे समय तक पानी जमा होता है और मिट्टी की पकड़ ढीली पड़ती जाती है, तो यह अचानक फट पड़ता है। कोई 100 मीटर सीधी ऊंचाई से ढेर सारा मलबा नीचे आना और फिर उससे लुप्त हो गई नदी के बहाव का जुड़ जाना कल्पना से परे है कि मानव निर्मित कोई संरचना इस वेग में खड़ी रह सकती थी। फिर दो घंटे में 37 सेंटीमीटर बारिश का प्रकोप, तो था ही।वायनाड में पुनर्वास का काम चल रहा है। कम से कम तीन कस्बे फिर से बसाने होंगे। ऐसे में यह ध्यान रखना जरूरी है कि अब किसी भूली बिसराई नदी के सुप्त हो गए बहाव पर बस्ती नहीं बसाई जाए। साथ ही प्रचुर मात्रा में बांस लगाए जाएं। झारखंड सहित अन्य राज्यों को इससे सीख लेनी चाहिए वे नदी नालों तालाबों की जमीन की लूट रोकें या अतिक्रमण पर कड़े कानून बनाकर पूर्व की स्थिति बहाल करें।



## खुली जगहों व मोहल्लों में गोवंश मांस की बिक्री पर रोक लगाएं

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने रांची के एसएसपी को शहर में खुली जगहों और मोहल्लों में गोवंश मांस की बिक्री पर रोक लगाने के लिए सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने एसएसपी से पूछा कि 'झारखंड गोजातीय पशु वध निषेध अधिनियम-2005' के तहत रांची में क्या कार्रवाई की गई है? रांची सहित राज्य में कई स्थानों पर मीट शॉप के बाहर कटे हुए बकरे एवं मुर्गियों को खुले में प्रदर्शित किए जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कोर्ट में कुछ तस्वीरें पेश की गई, जिसमें खुलेआम गोवंश मांस की बिक्री होती दिख रही है। इस पर कोर्ट ने मौखिक तौर पर कहा कि अगर शहर में खुली जगहों पर यह कारोबार हो रहा है तो अत्यंत दुर्भाग्यजनक है। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को आश्वस्त किया कि वे खुले में गोमांस की बिक्री होने की बात को वेरीफाई करेंगे। कोर्ट ने यह भी कहा कि आदेश के बाद भी चिकन एवं मीट दुकान संचालक काले शीशे का प्रयोग नहीं कर रहे हैं। कई मीट दुकानें बिना लाइसेंस के चल रही हैं। उन पर एक्शन लिया जाए। सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि रांची शहर में अवैध रूप से संचालित 70 से अधिक मीट शॉप संचालकों पर कार्रवाई की गई है। जनहित याचिका श्यामानंद पांडे की ओर से दाखिल की गई है, जिसमें कहा गया है कि रांची शहर सहित राज्य में मीट विक्रेता बाहर खुले में कटे हुए बकरे एवं मुर्गियों को प्रदर्शित करते हैं। यह भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के रूल एंड रेगुलेशन के साथ-साथ सुप्रीम कोर्ट एवं विभिन्न हाईकोर्ट के गाइडलाइन के विपरीत है।





## एक नजर

### ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत 10 से

**सिल्ली।** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 10 अगस्त से 30 दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रबंधन प्रशिक्षण शुरू होने वाला है। ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक बेरोजगार महिलाएं जिनका उम्र 18 से 45 वर्ष के बीच है तथा प्रशिक्षण लेकर स्वयं का रोजगार स्थापित करना चाहते हैं वो संस्थान कार्यालय मे अपना नामांकन करा सकते हैं। प्रशिक्षण के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, बीपीएल कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक, महिला समूह कोड सभी का फोटो कॉपी आदि दस्तावेज देना होगा। यह प्रशिक्षण पूर्णत निःशुल्क होगी एवं प्रशिक्षण के दौरान रहना, खाना आदि निःशुल्क रहेगा।

### खेल सामाग्री का डॉ. परमेश्वर भगत ने किया वितरण

**मांडर।** मांडर प्रखंड के टांगरबसली में पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत खेल प्रेमियों को प्रोत्साहित करने के लिए जर्सी और फुटबॉल वितरित किए। इस अवसर पर डॉ परमेश्वर भगत ने खेल के महत्व पर जोर दिया और युवाओं को खेलों में भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इन्होंने कहा की खेल न केवल शारीरिक फिटनेस के लिए आवश्यक है, बल्कि यह सामुदायिक एकता को भी बढ़ावा देते हैं। खिलाड़ियों ने डॉ परमेश्वर भगत के प्रति आभार व्यक्त किया और उनकी इस पहल को सराहा। खेल प्रेमियों ने भी जर्सी और फुटबॉल प्राप्त करने के बाद अपने खेल के प्रति नई ऊर्जा और समर्पण का संकल्प लिया।

### रामवि डकरा में बनेगा चार कमरा

**खलारी।** खलारी पूर्वी की जिप सदस्य शाल्या परवीन के अनुशंसा पर खलारी प्रखंड अंतर्गत रामवि डकरा में चार कमरा बनवाया जाएगा। इसे लेकर जिला परिषद रांची के कनीय अभियंता संजीत कुमार बुधवार को कमरों की मापी किए। ज्ञात हो कि हाल ही में शाल्या परवीन ने जिला परिषद रांची में इस समस्या को रखा और भवन बनाने की मांग की थी। जिप सदस्य की ही अनुशंसा पर बमने मे बजरंगबली मंदिर से मनातू तक डेढ़ किलोमीटर कालीकरण रोड तथा केडीएच भुइयां टोली मे विवाह मंडप का निर्माण का भी मापी किया गया। इस मौके पर मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी, राजू पासवान, मनोज बैठा, चैता महतो, फिरोज अंसारी शामिल थे।

# मंईयां सम्मान योजना के लिए मानक संचालन प्रक्रिया विभाग ने की जारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

**राज्य अन्तर्गत झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस संबंध में यह स्पष्ट किया जाता है कि 21 वर्ष से 50 वर्ष की महिलाओं को उक्त योजना का लाभ दिया जाना है। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए महिला को निम्न दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।**




एक पासपोर्ट साईज फोटो।

आधार कार्ड की छायाप्रति।

बैंक पासबुक की छायाप्रति।

राशन कार्ड की छायाप्रति

स्व घोषणा पत्र

**1. झारखण्ड की निवासी हो**

- आवेदन के समय 21 वर्ष की आयु पूरी कर चुकी हो तथा 50 वर्ष से कम आयु की हो।
- आवेदिका का आधार कार्ड एवं राशन कार्ड उपलब्ध हो।
- आयकर अदा करने वाले परिवार से नहीं हो, परिवार से अभिप्रेत है - पति/पत्नी, अविवाहित बच्चे, दिव्यांग बच्चे।
- आवेदिका स्वयं या उनके पति, अविवाहित आवेदिका के संदर्भ में पिता केन्द्र/राज्य सरकार अथवा केन्दीय/राज्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, विधिक निकाय, स्थानीय निकाय, शहरी निकाय तथा सरकार से सहायता प्राप्त संस्थानों में नियमित / स्थायी कर्मी/संविदा कर्मी/मानदेय कर्मी के रुप में नियोजित न हो, अथवा सेवानिवृत्ति के उपरान्त पेंशन / पारिवारिक पेंशन प्राप्त नहीं कर रही हो।
- आवेदिका ईपीएफ धारी नहीं हो।
- आवेदिका महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड, रांची द्वारा संचालित किसी अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभ पहले से प्राप्त नहीं कर रही हो।

2.उपर्युक्त वर्णित बिन्दुओं के आधार पर महिला आवेदिका को योजना का लाभ प्रदान करने के लिए निम्नलिखित मानक संचालन प्रक्रिया निर्धारित की जाती है-

- ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनबाड़ी केन्द्र और पंचायत भवन तथा शहरी क्षेत्रों में आंगनबाड़ी केन्द्र अथवा उपायुक्त द्वारा निर्धारित स्थल को आवेदन संग्रहण केन्द्र घोषित किया जाता है।
- आवेदन संग्रहण केन्द्र पर आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका के साथ एक अन्य सरकारी कर्मी को उपायुक्त द्वारा प्रतिनियुक्त किया जायेगा।
- आवेदन संग्रहण केन्द्र पर सरकारी कर्मी/आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका द्वारा आवेदिकाओं से आवेदन पत्र प्राप्त कर पावती दिया जाएगा जिसमें प्राप्तिकर्ता द्वारा अपना नाम, पदनाम तथा मोबाईल संख्या स्पष्टतः अंकित किया जायेगा।
- आवेदिका द्वारा आवेदन के साथ निम्नांकित दस्तावेज अनिवार्य रूप से समर्पित किया जायेगा।
- टिप्पणी - योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु मतदाता पहचान पत्र अनिवार्य दस्तावेज नहीं होगा।

3. उपर्युक्त दस्तावेजों के आधार पर आवेदिका को योजना का लाभ प्रदान किया जा सकता है। जिस महिला का राशन कार्ड में नाम नहीं है, उनके लिए उनके पिता/पति का राशन कार्ड मान्य होगा।

4.आवेदन जमा हो जाने के बाद लाभुकों को योजना का लाभ प्रदान करने के लिए जैप-आईटी द्वारा विकसित पोर्टल पर डिजिटाइजेशन का कार्य उपायुक्त के दिशा-निर्देश में सम्पन्न कराया जायेगा एवं एबीपीएस/पीएफएमएस पोर्टल या अन्य डिजिटल माध्यमों से सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा द्वारा भुगतान किया जायेगा।

### खलारी जामा मस्जिद के सदर चुने गए गुलाम रसूल



**खलारी ।** जामा मस्जिद खलारी कमेटी के सदर व सेक्रेटरी पद के लिए वोट द्वारा चुनाव किया गया। कमेटी के 63 सदस्यों ने सुबह 9 बजे से लेकर दोपहर 12:30 बजे तक अपने वोट डाले। जिसमें 40 वोट प्राप्त कर गुलाम रसूल सदर पद के लिए चुने गए व 48 वोट प्राप्त कर फैय्याजुद्दीन सिद्दीकी जामा मस्जिद खलारी के सेक्रेटरी बने। दोनों के निर्वाचित होने पर जामा मस्जिद खलारी कमेटी के लोगों ने हर्ष प्रकट करते हुए दोनों को बधाई दी। बधाई देने वालों में मोहम्मद शाहनवाज आलम, गुलाम सरवर, जहीर अंसारी, नवाजुद्दीन सिद्दीकी अहमद, असलम अंसारी, शाहिद अंसारी, मो अल्ताफ, नसीम अंसारी, नसीम अहमद, मोहम्मद चांद, अशरफ खान, मोहम्मद तबारक, मोहम्मद नासिर, मोहम्मद सरताज, मोहम्मद वारिस, सब्बा कैसर सहित अन्य शामिल हैं।

## न्यूज बॉक्स

### सर्पदंश पीड़ित से हॉस्पिटल मिलने पहुंचे डॉ. परमेश्वर भगत



**चान्हो।** प्रखंड के ग्राम बदरी निवासी मुकेश यादव सर्पदंश के कारण गंभीर स्थिति में हैं। उनका उपचार मेडिका हॉस्पिटल रांची में चल रहा है। आज पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ. परमेश्वर भगत रोगी और उनके परिवार से मिलने हॉस्पिटल पहुंचे और इस दुख की घड़ी में परिवारवालों को नैतिक एवं आर्थिक साथ दिया। ज्ञात हो की पिछले सप्ताह जब मुकेश यादव का इलाज मांडर मिशन हॉस्पिटल में चल रहा था उस समय भी डॉ परमेश्वर भगत रोगी से मिलने हॉस्पिटल पहुंचे थे और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया था।

### मृतक भाजपा नेता के परिजन से मिले सन्नी टोप्पो



चान्हो। चान्हो मंडल के भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष आशिक अंसारी की मृत्यु की खबर सुनकर बुधवार को भाजपा नेता सन्नी टोप्पो उनके परिजन से मिले। आशिक अंसारी की मृत्यू बीमारी के कारण हुई। उनके गांव पंडरी पहुंचकर भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो परिवारवालों से मिलकर उन्हें सांत्वना दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा ने एक सच्चा सेवक खो दिया। इन्होनें भाजपा के लिए निःस्वार्थ भाव से सेवा किया। मौके पर चान्हो मंडल के अध्यक्ष विजय महतो, बिजुपाड़ा मंडल के अध्यक्ष सदानंद सिंह, सतीश साह, विशेश्वर महतो, दीपक साहु समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### नोटरी नियुक्ति में ओबीसी आरक्षण पर अध्यक्ष से मिले अधिवक्ता द्वारिका



**रांची/ रामगढ़।** राज्य आयोग के अध्यक्ष योगेन्द्र प्रसाद महतो से आरक्षण की मांग को लेकर बुधवार को अधिवक्ता द्वारिका प्रसाद महतो मिले। उन्होंने बताया कि विधि विभाग झारखण्ड सरकार द्वारा राज्य के सभी व्यवहार न्यायालयों में लेख प्रमाणकों, नोटरी की नियुक्ति में ओबीसी वर्गों को आरक्षण नहीं दिया गया है। इसे लेकर सिविल कोर्ट रामगढ़ के अधिवक्ता द्वारिका प्रसाद ने राज्य आयोग के अध्यक्ष योगेन्द्र प्रसाद महतो को लिखित शिकायत सौंपा हैं। उन्होंने बताया है कि विधि विभाग झारखंड सरकार ने विज्ञप्ति संख्या 01/2024 के माध्यम से राज्य के सभी व्यवहार न्यायालयों में नोटरी के स्वीकृत पदो के विरुद्ध रिक्त पदों पर विहित प्रपत्र के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए थे। विज्ञापन के कंडीका 3 में नोटरी के अर्हता से संबंधित प्रावधान दिए गए है। उक्त प्रावधान में ओबीसी श्रेणी को आरक्षण नहीं दिया गया है एवं विज्ञप्ति के कंडीका 8 में लिखा है कि नोटरी अधिनियम, नोटरी नियमावली के अंतर्गत प्रावधान भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा जारी निर्देश यथावत लागू रहेंगे। उन्होंने बताया कि नोटरी नियमावली 1956 की नियम (3) (एए) में कहा गया है कि एसटी, एससी, ओबीसी का अनुभव अगर 7 वर्ष हो चुका है तो नोटरी का आवेदन दे सकते है। विधि विभाग झारखंड सरकार की विज्ञप्ति संख्या 01/24 की कंडीका 3, 8 व नोटरी नियमावली 1956 की नियम (3) (एए) को देखने से काफी भिन्नता नजर आ रही है। जो विधि विरुद्ध है। उक्त विज्ञापन में ओबीसी श्रेणी के अभ्यर्थी आवेदन करने से वंचित हो गए हैं, जिससे ओबीसी अभियाथीर्यों में काफी रोष है।


## मुख्यमंत्री से केन्द्रीय सरना समिति, भारत का एक प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को झारखंड मंत्रालय में केन्द्रीय सरना समिति, भारत के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर विशाल शोभायात्रा एवं समिति के समस्त पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में सम्मिलित होने के लिए सादर आमंत्रित किया तथा आदिवासी समाज के विभिन्न मांगों से संबंधित एक ज्ञापन भी सौंपा। मौके पर केंद्रीय सरना समिति भारत के अध्यक्ष नारायण उरांव, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष लाली कच्छप, विधिक सलाहकार कमल किशोर लकड़ा, केंद्रीय सदस्य बुधवा उरांव, राष्ट्रीय प्रचारिका संगीता कच्छप, रायमनी किस्पोट्टा शाहिद अन्य उपस्थित थे।

### भुईयार जाति का प्रतिनिधिमंडल सीएम से मिला



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से झारखंड मंत्रालय में बुधवार को राज्य के गढ़वा, पलामू, लातेहार गुमला और सिमडेगा जिले में रहने वाले भुईयार जाति के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर मंत्री श्रीमती दीपिका पांडेय सिंह, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, पूर्व विधायक ममता देवी मौजूद थीं।

## कांग्रेस देश में सांप्रदायिक अराजकता फैलाना चाहती है : मंत्री संजय सेठ



रांची। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भारत सरकार ने सलमान खुर्शीद के उस बयान जिसमें उन्होंने कहा बांग्लादेश में जो आज हो रहा है वह अब भारत में भी होगा। इस बयान की कड़ी शब्दों में निंदा की है। मंत्री श्री सेठ ने कहा कांग्रेस पार्टी देश में सांप्रदायिक अराजकता फैलाना चाहती है। क्या सलमान खुर्शीद का बयान कांग्रेस पार्टी का बयान है। कांग्रेसी नेता को जवाब देना चाहिए। सिर्फ तुष्टिकरण की राजनीति तीन बार चुनाव में हारने के बाद कांग्रेसियों का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। कांग्रेस को देश से नहीं सिर्फ सत्ता से प्यार है इसलिए देश द्रोही बयान देकर देश को अराजकता की आग में झोंकना चाहते हैं।

### सड़क पर गिरे बरगद के पेड़ को पांचवें दिन हटाया गया

# वाहनों का आवागमन हुआ शुरू



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**

वन विभाग बेड़ो और लापुंग की प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज के पहल तथा समाजसेवी दशरथ तिर्की के प्रयासों के बाद अन्ततः हुटार-ताबेरखुर्द-जरिया सड़क पर गिरे विशालकाय बरगद के पेड़ को पांचवें दिन हटाया गया। बरगद के पेड़ के हटने से सड़क जाम खुल गया और इस सड़क पर वाहनों का आवागमन सुचारू रूप से शुरू हो गया। दशरथ तिर्की ने जानकारी देते हुए बताया कि शुरू में पेड़ काटने की मशीन उपलब्ध नहीं हो पाई थी। लेकिन वन विभाग और प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज के पहल पर आरा मशीन कटर एवं जेसीबी लगाकर पेड़ को सड़क से हटा दिया गया। इस मौके पर समाजसेवी दशरथ तिर्की के साथ साथ समाजसेवी अरविंद तिवारी, रामलाल भगत, मोहन विश्वकर्मा, अनुज गोप, अमित बरला सहित अन्य लोगों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। अरविंद तिवारी ने बताया कि विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने भी मामले को संज्ञान में लिया था। उन्होंने वन विभाग को आवश्यक कार्रवाई हेतु दिशानिर्देश दिया था। इस मौके पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वालों में दशरथ तिर्की, अरविंद तिवारी, अनुज गोप, अमित बरला, रामलाल भगत, मोहन विश्वकर्मा सहित कई लोगों की देखरेख में पेड़ को हटाने का कार्य किया गया। उधर शाहेदा और काला ताबेर गांव में इसी घटना के कारण बिजली का तार गिरने और बिजली के खंभे के क्षतिग्रस्त होने से 5 दिनों से गांव अंधेरे में डूबे हैं।

### संत माईकल स्कूल में फ्रेशर्स डे मना

# विद्यालय गुणावत्ता पूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध : प्राचार्य



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

संत माईकल स्कूल मुरी में सत्र 2024-25 के छात्र-छात्राओं के लिए फ्रेशर्स डे का आयोजन किया गया। सीनियर्स ने 10+2 के प्रथम वर्ष के छात्रों का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ से पूर्व स्कूल के संस्थापक स्व. कृष्ण कुमार को श्रद्धांजलि देकर एवं द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। सभी ग्यारहवीं के छात्रों का भव्य रूप से विद्यालय प्रांगण में स्वागत किया गया। मौके पर विभिन्न वर्गो के छात्र एवं छात्राओं ने मन मोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सभी विद्यार्थी काफी उत्साहित थे। इस मौके पर कक्षा ग्यारहवीं के सभी विद्यार्थियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के निर्देशक राकेश कुमार ने भाषण देकर सभी बच्चों को स्वागत किए एवं उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दिए। विद्यालय के प्राचार्य सीएल प्रजापति ने कहा कि विद्यालय गुणावत्ता पूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं और साथ ही उन्होंने छात्रों को विभिन्न प्रकार के प्रतियागिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा को निखारने की नसीहत दी। कार्यक्रम का संचालन बारहवीं के छात्र रौनक हक एवं संस्कृति लहरी ने किया।

## पशुओं को पीपीआर की वैक्सीन जरूर लगवाएं : डॉ प्रतिमा

**खलारी।** खलारी प्रखंड में बकरियों को पीपीआर लगाया जा रहा है। वैक्सिन 15 अगस्त तक लगाया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए खलारी की भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रतिमा कुमारी ने बताया कि पीपीआर विषाणुजनित पशुओं की खतरनाक संक्रामक बीमारी है। संक्रमण होने पर एक सप्ताह के अंदर पशु की मृत्यु हो जाती है। इसलिए अपने पशुओं को पीपीआर की वैक?सीन जरूर लगवाएं। डा प्रतिमा ने कहा कि पशुओं में इस बीमारी का संक्रमण होने पर तेज बुखार, खांसी-सर्दी के साथ डायरिया, आंख-नाक से पानी की तरह स्त्राव होना एवं सांस लेने में कठिनाई होती है। बीमारी के दो-तीन दिन बाद मुंह के अंदर के भाग में लाली पड़ जाती है। इस तरह के लक्षण दिखाई पड़ते ही पशुओं को तुरंत पशु चिकित्सक से दिखाना चाहिए। टीकाकरण इसकी रोकथाम का प्रमुख उपाय है। भेड़ एवं बकरी प्रजाति के सभी पशुओं का टीकाकरण कराया जा रहा है। इसके लिए प्रखंड की सभी पंचायतों में अलग-अलग पाराकर्मियों द्वारा टीका दिए जा रहे हैं। बरसात के मौसम में ज्यादा ही बकरियों की बिमारी आती है जो काफी खतरनाम होता है। उन्हें पानी से भींगने बचाना चाहिए।

## प्रमंडलीय आयुक्त ने मतदाता पुनरीक्षण कार्य का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र ने मांडर विधानसभा अंतर्गत चल रहे विशेष संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर बेडो प्रखंड में निरीक्षण एवं समीक्षा बैठक की गई। इस मौके पर प्रमंडल के आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र ने उपस्थित सभी बीएलओ एवं पर्यवेक्षक से भी किए गए कार्यों की प्रगति के संबंध में पूछताछ की। उन्होंने बीएलओ द्वारा भरे गए फॉर्म 6,7, 8 की समीक्षा की गई एवं निर्देश दिया गया कि सभी फॉर्म में आवेदक अथवा आवेदिका का हस्ताक्षर होना अनिवार्य है। हस्ताक्षर के बिना मंतव्य का फॉर्म भरना उचित नहीं है इसलिए उनके हस्ताक्षर, संबंधित जगहों पर होना अनिवार्य है। प्रमंडलीय आयुक्त ने यह भी निर्देश दिया गया कि सभी दिव्यांगजनों को मतदान के समय आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराया जाना है । आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र ने निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 66 मांडर सह विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी रांची मोनी कुमारी के साथ मिलकर राजकीय प्राथमिक विद्यालय बेडो (बालक) में अवस्थित तीन मतदान केंद्रों 231, 232,एवं 233 का भौतिक निरीक्षण भी किया। इस दौरान बीएलओ को कहा गया कि 15 अगस्त से पहले सभी घरों में जाकर अपने बाकी काम को पूरा करें। किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके पूर्व बैठक के दौरान जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, रांची मोनी कुमारी के अलावे सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी बेडो प्रताप मिंज,प्रखंड विकास पदाधिकारी बेडो राहुल उरांव, बीएलओ सुपरवाइजर तथा बीएलओ सरस्वती देवी, सल्यानी धान, रीता राय सहित कई बीएलओ मौजूद थे।

# शहरवासियों को शुद्ध पेयजल मिले: नगर विकास सचिव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अरवा राजकमल ने नगर निकायों को निर्देश दिया है कि अम्रुत योजना में स्वीकृत योजनाओं को पूरा करते हुए शहर वासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाये. सचिव ने बुधवार को प्रोजेक्ट भवन मे आयोजित नगर निकायों के कार्यों की समीक्षा के क्रम मे यह निर्देश दिया. उन्होंने निर्देश दिया कि हजारीबाग एवं देवघर सेप्टेज प्रबंधन कार्य को 31 अगस्त तक पूरा करते हुये सितंबर के प्रथम सप्ताह मे इसका उदघाटन कराया जाये. 15 वें वित्त आयोग के अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं के कार्य में तेजी लायी जाये. सचिव ने कहा कि गुमला एवं सिमडेगा नगर परिषद मे फिस्कल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य 31 अगस्त तक हर हाल में पूरा किया जाये।



### प्रशासकों को शहरों मे विशेष सफाई अभियान चलाने का निर्देश दिया

राजकमल ने निकायों के प्रशासकों को शहरों में विशेष सफाई अभियान चलाने का निर्देश दिया। निर्माणाधीन ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्लांट के कार्य में तेजी लाते हुये पूर्ण कराना सुनिश्चित कराया जाये. योजनाओं के लिए भूमि उपलब्ध करायें. लिगैसी वेस्ट रेमिडेशन का कार्य पूरा होने पर रिक्त भछमि का वैकल्पिक उपयोग मे लाया जाये. सचिव ने शहरी आजिविका मिशन के कार्यों को 30 सितंबर तक पूरा करने का निर्देश दिया. एरिया लेबल फेडरेशन के शतप्रतिशत लक्ष्य को 30 सितंबर तक पूरा किया जाये. उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत छत ( रूफ ) स्तर तक बने घरों को 31 अगस्त तक पूरा कराने का निर्देश दिया. सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को देखते हुए आवासों का काम प्राथमिकता के आधार परा कराया जाये.



## संस्कारों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है : प्रकाश प्रभु

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बाल दृष्टि 2024 विषय पर इस्कॉन ने किया सेमिनार का आयोजन

रांची। इस्कॉन रांची व रिलेशंस के संयुक्त तत्वावधान में बरियातू रोड स्थित हिल टॉप पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय बाल संस्कार के महत्व पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता इस्कॉन रांची के प्रकाश प्रभु ने बच्चों को जीवन में संस्कार के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने ने कहा कि संस्कारों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। यदि संस्कार न हो तो हमारी सामाजिक जिम्मेदारियां ओर सामाजिक भागीदारी शून्य होगी। संस्कारों की पहली पाठशाला घर से शुरू होती है। हम जो घर से सीखते हैं, वही बाहर करते हैं। इसके बाद स्कूल में संस्कारों का समायोजन होता है। इसके अलावा संस्कारों में एक अहम संस्कार है, जिसे परोपकार कहा जाता है। परोपकार के जरिए ही समाज में हम एक दूसरे की भावनाओं को समझ पाते हैं।इसी के जरिए हम एक दूसरे की मदद के लिए प्रेरित होते हैं।यदि यह संस्कार न हो तो हम समाज में कोई स्थान प्राप्त नहीं कर सकते हैं। लिहाजा संस्कारों की कड़ी में हमें परोपकार के बारे में पता होना चाहिए और इसका अनुपालन भी सुनिश्चित करना चाहिए।तभी हम समाज में विशिष्ट स्थान बना पाने में कामयाब हो सकते हैं।जीवन की सफलता में मां बाप और गुरु का बड़ा योगदान होता है। हमें हमेशा उनका सम्मन करना चाहिए तभी हम समाज में सफल व्यक्ति बन सकते हैं।

## न्यूज बॉक्स

### राज्यपाल से मिला चैंबर का प्रतिनिधिमंडल



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज का शिष्टमंडल राजभवन में भेंट की। मौके पर शिष्टमंडल द्वारा राज्य के आर्थिक विकास हेतु विभिन्न विषयों यथा माइंस-मिनरल्स पर सरकार के स्तर से कार्रवाई की आवश्यकता, रुग्ण होते अभ्रक उद्योग के रिवाईवल हेतु हस्तक्षेप की आवश्यकता, खासमहल भूमि को फ्रीहोल्ड करने पर विचार, औद्योगिक क्षेत्र में आधारभूत संरचना का विकास, प्रदेश के उद्योगों की स्थापना हेतु पर्याप्त भूखंड की उपल्बधता पर विचार आवश्यक, गैर मजरूआ भूमि/बकास्त भूमि को फ्रीहोल्ड करने पर विचार करने, बालू घाट की नीलामी प्रक्रिया पूर्ण करने, मार्केटिंग बोर्ड को भंग करने की पहल करने, राजधानी रांची में रेलवे का जोनल कार्यालय स्थापित करने का सुझाव समर्पित किया गया।

### आरबीआई निदेशक राज्यपाल से मिले



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, रांची के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रसाद सिंह ने राजभवन में शिष्टाचार भेंट की।

### टोटेमिक कुरमी/ कुड़मी (महतो)ने राज्यपाल से की एसटी में शामिल करने की मांग



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को टोटेमिक कुरमी/ कुड़मी ( महतो ) समाज का एक प्रतिनिधिमंडल शीतल ओहदार के नेतृत्व में राजभवन में राज्यपाल से भेंट किया। वहीं टोटेमिक कुरमी/ कुड़मी ( महतो ) समाज अनुसूचित जनजाति की सूची में सम्मिलित करने हेतु पहल करने का आग्रह किया।

### एलपी पब्लिक स्कूल में सेमिनार का आयोजन

**रांची।** विवेकानंद यूथक्वेक फाउंडेशन द्वारा विकसित भारत 2047 शीर्षक पर एलपी पब्लिक स्कूल मे सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार के बाद छात्रों के बीच विकसित भारत 2047 निबंध प्रतियोगिता कराया गया, जिसमे विजेताओं को पुरस्कार दिया गया। इसके अलावे नशा मुक्त राज्य व देश बनाने के लिए शपथ दिलाया गया। इसमे जेएसपीओ का भी सहयोग रहा। इस कार्यक्रम मे अतिथि जीतेन्द्र पाठक, विवेकानंद यूथक्वेक फाउंडेशन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, रवि वर्णवाल मुख्य रुप से शामिल रहे। सभी छात्र अपने अपने विचार भी रखे की पर्यावरण को कैसे अधिक से अधिक लाभ हो। संस्था अध्यक्ष गौरव अग्रवाल ने कहा युवाओं को पर्यवारण संरक्षण पर विशेष ध्यान देना चाहिए। स्वीटी नायक, सेजल साहू,शिल्पा नाज और छात्र शामिल रहे।

### आरएलएसवाई कॉलेज के नये प्राचार्य का हुआ स्वागत



**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ ( आजसू ) के रामलखन सिंह यादव कॉलेज के कमिटी अध्यक्ष अमर गुप्ता के नेतृत्व में कॉलेज के नए प्रभारी प्रिंसिपल डॉक्टर प्रिय पुरुषोत्तम आशुतोष को बुके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, अमर गुप्ता, पल्लवी कुमारी,निधि कुमारी, मंजुला बागे इत्यादि लोग उपस्थित थे।

### टॉपर को डॉ ब्रजनंदन ने किया सम्मानित



**रांची।** स्वर्गीय स्वर्णलता वर्मा की स्मृति में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग, छत्तीसगढ़ में टॉपर को स्वर्ण पदक डॉ. ब्रजनंदन प्रसाद वर्मा ने दिया। डॉ वर्मा रांची के अवकाशप्राप्त चिकित्सक हैं और रातू में प्रैक्टिस करते हैं।

### माहेश्वरी महिला संगठन ने आम्रेश्वर धाम में मनायी हरियाली तीज



**रांची।** माहेश्वरी महिला संगठन रांची सदस्य ने हरियाली तीज के अवसर आम्रश्वर धाम गये। पूजा अर्चना, दर्शन कर घर परिवार के लिए कुशल मंगल, सौभाग्य की प्राथना की। हरियाली तीज से ही शुरू हो जाता है हर घर में झूला, मेहंदी सिंधारा घर में या सोसाइटी वालो के साथ मौज मस्ती कर सावन , भादो तीज का आंनन्द उठाते है। इसी क्रम में आम्रश्वर धाम में सदस्य ने वन भोजन का आनंद लिया। अध्यक्ष भारती चितलांगिया, निवर्तमान अध्यक्ष विजयश्री साबू, उपाध्यक्ष अनीता साबू एवं वंदन मारू, कोषाध्यक्ष सरला चितलांगिया, सरोज राठी, शारदा लड्ढा, ममता डागा, शिखा बिरला, मंजू मंत्री, लक्ष्मी चितलांगिया आदि सदस्य उपस्थित रही।

### रांची वीमेंस कॉलेज में सावन महोत्सव का हुआ समापन

## छात्रों की बदौलत ही संस्थान अपनी गरिमा को प्राप्त करता है : कुलपति



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची वीमेंस कॉलेज में दो दिवसीय सावन महोत्सव का समापन हुआ। इस वर्ष रांची वीमेंस कॉलेज की 75वीं सालगिरह है। इसलिए सावन महोत्सव को स्थापना महोत्सव की तरह मनाया गया। इसके तहत पहले दिन मेहंदी प्रतियोगिता, फेस पेंटिंग, टी-शर्ट पेंटिंग, रंगोली मेकिंग, अंब्रेला पेंटिंग, बेस्ट आउट ऑफ वर्स्ट, राखी मेकिंग, ट्राइबल पेंटिंग, सिंगिंग, डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दूसरे दिन इन सभी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। बुधवार के समापन समारोह के मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजीत कुमार सिन्हा रहे। कार्यक्रम में कुलसचिव विनोद नारायण, डीएसडब्ल्यू डॉ. सुदेश कुमार साहू और ओएसडी डॉ. स्मृति सिंह मौजूद रहीं। प्राचार्या डॉ. सुप्रिया ने कहा कि हम सब आज बेहद हर्षोल्लास के साथ सावन महोत्सव मना रहे हैं। 75 वर्षों की यात्रा में रांची वीमेंस कॉलेज ने अपने सभी पाठ्यक्रम, सह-पाठ्यचर्या और पाठ्येतर गतिविधियों में उल्लेखनीय राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ऊंचाइयों को छुआ है। कुलपति ने कहा कि छात्र-छात्राओं सेवा विशेष रूप से जुड़ाव महसूस करते हैं। क्योंकि इन्हीं की बदौलत कोई संस्थान अपनी गरिमा को प्राप्त कर पता है।

## बहावलपुरी पंजाबी समाज महिला समिति का सावन मेला 10 से

**रांची।** बहावलपुरी पंजाबी समाज महिला समिति द्वारा 10 और 11 अगस्त को सावन मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेला कृष्णा नगर कॉलोनी के गुरु नानक भवन में आयोजित किया जायेगा। समिति की अध्यक्ष रवि नागपाल की अध्यक्षता में महिला समिति की बैठक गुरु नानक भवन में हुई। बैठक में मेले के आयोजन को लेकर विचार विमर्श किया गया। महिला समिति की सचिव मनीषा मिढ़ा ने बताया कि मेला आम लोगों के लिए दोपहर 12 बजे से शाम 7 बजे तक खुला रहेगा। 10 अगस्त को दोपहर 12:00 बजे आमंत्रित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया जाएगा। मेले में 36 स्टाल लगाए जा रहे हैं जिसमें कपड़े, श्रृंगार, क्रॉकरी, प्लास्टिक के सामान, फ्लावर पॉट, साड़ी, दोहर, केक, पूजा का सामान, राखी, भगवान की पोशाक, सौंदर्य प्रसाधन, लजीज व्यंजन के स्टाल के अलावा गेम्स के स्टाल भी लगाए जाएंगे।

## श्रीआण्डाल देवी की जयन्ती हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्रीलक्ष्मीवेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मन्दिर में शरणागत जीवों की उपेक्षा नहीं करनेवाली, आत्मकल्याणकामी श्रीलक्ष्मी की अवतारिका (गोदा) जी की जयन्ती पांचरात्र आगम विधि से दक्षिण भारतीय शैली में मनायी गयी। इस उपलक्ष्य पर आयोजित कार्यक्रम में प्रातः 4.30 बजे प्राप्तव्य साक्षात परमात्मा श्रीवेंकटेश का विश्वरूप दर्शन, सुप्रभातम, वेंकटेश प्रपत्ति एवं मंगलाशासनम के बाद - जो लक्ष्मीजी जीवों की प्रार्थना सुनकर भगवान की सेवा में उपस्थित होती हैं, और अपने परम सौन्दर्यमय हाव-भाव कटाक्षों के द्वारा श्रीभगवान को अपने अनुकूल बनाती है। उन्हीं देवदेवोत्तम भगवान श्रीमन्नारायण का षोडषोपचार विधि से नित्याराधन हुआ और समुज्ज्वला अभिषेकम, परिरंजीत शुद्धोदकाभिषेकम्, हरिद्रा अभिषेकम, दधिअभिषेकम, गौक्षीराभिषेकम, गंगाजलाभिषेकम और



मधु एवं डाभयुक्त जल से महाभिषेक हुआ। सर्वशोभासंपन्न श्रीलक्ष्मीजी का श्रीविग्रह और श्रीमन्नारायण वेंकटेश जो सम्पूर्ण ऐश्वर्यों से पूर्ण हैं, उनके विग्रहों को दिव्य रेशमी वस्त्रों से आवृत करके सुन्दर स्वर्णहार आदि आभूषणों के समुदाय से अलंकार हुआ और फिर आजानुलम्बित वनमाला, किरीट माला, गण्डमाल आदि मालाओं से भव्य श्रृंगार हुआ। नक्षत्र, कुंभ और कर्पूर की बाती से महाआरती की गई। फूल्हेरा प्रसाद, सूजी हलवा, फल व मेवा का नैवेद्य भोग लगा। गोदास्तुति, शातुमोरा, पल्लाण्डु आदि दिव्य प्रबन्धों के अतिरिक्त श्रुति, उपनिषदादि ऋचाओं से स्तवन हुआ। श्रीगोदाम्बा (आण्डाल) देवी को समर्पित रक्षासूत्र भक्तों में धारण कराया गया और प्रसाद वितरण हुआ। आज के महाभिषेक के यजमान प्रदीप कुमार पत्नी उमा नारसनिया हुए। अर्चक : सत्यनारायण गौतम, गोपेश आचार्य एवं नारायण दास ने मिलकर आज के अनुष्ठान को रात्रि शयन आरती के साथ संपन्न कराया। इनकी रही सहभागिता जगमोहन नारसरिया, गौरीशंकर साबू, राजेश सुल्तानिया, अनूप अग्रवाल, रंजन सिंह, ललित पोद्दार, चंदन अग्रवाल के अतिरिक्त सैकड़ों लोगों ने रक्षा सूत्र बंधवाया और माता लक्ष्मी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

### कोल इंडिया और गेल के बीच हुआ समझौता

## कोयले से सिंथेटिक प्राकृतिक गैस संयंत्र स्थापित होगी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

महारत्न कंपनी कोल इंडिया और गेल के बीच एक समझौता हुआ है। यह समझौता सर्फेस कोल गैसीफिकेशन प्रौद्योगिकी का उपयोग करके कोयले से सिंथेटिक प्राकृतिक गैस संयंत्र स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। कोल इंडिया के निदेशक देबाशीष नंदा और गेल के निदेशक के सिंघल ने संयुक्त उद्यम समझौते पर हस्ताक्षर किए। ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के पश्चिम बंगाल के रानीगंज क्षेत्र में बनने वाले इस संयंत्र में प्रति घंटे 80000 एनएम 3 सिंथेटिक प्राकृतिक गैस का उत्पादन करने की योजना है। वार्षिक उत्पादन 633.6 मिलियन एनएम 3 प्रति घंटे निर्धारित है, जिसके लिए 1.9 मिलियन टन कोयले की जरूरत है। कोयला मंत्रालय के अपर सचिव एम. नागराजू ने इस अवसर पर कहा कि इस परियोजना के साथ कोल इंडिया और गेल की प्रतिबद्धता एक रोल मॉडल होगी। उन्होंने कहा कि गैसीकरण कोयला मंत्रालय के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता वाला क्षेत्र है।




भारत को कोयले के विशाल भंडार का लाभ प्राप्त है। इन भंडारों का उपयोग लाभकारी और पर्यावरण अनुकूल तरीके से किया जाना चाहिए।

नागराजू ने कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए और अधिक कोयला गैसीकरण परियोजनाओं की योजना बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने यह भी कहा कि व्यवहार्य अंतर वित्त पोषण के लिए वित्तीय सहायता सहित सरकार की ओर से हर संभव सहायता उपलब्ध है। कोयला लिग्नाइट गैसीकरण परियोजना के लिए तीन श्रेणियों के तहत 8500 करोड़ रुपये के वित्तीय प्रोत्साहन के लिए पात्र बोलीदाताओं को आमंत्रित करने के लिए प्रस्ताव के लिए अनुरोध 15 मई को मंगाए गए हैं, जिसके लिए जमा करने की अंतिम तिथि 11 नवंबर है। गेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एस.के. गुप्ता ने कोल इंडिया और गेल की टीम की सराहना करते हुए इस परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए सरकार से और अधिक सहयोग की आवश्यकता जताई। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव पंकज जैन ने कहा कि देश के उत्सर्जन लक्ष्य को पूरा करने के लिए भविष्य में कोयला गैसीकरण जैसे पर्यावरण अनुकूल उपक्रमों के लिए कोयले के वैकल्पिक उपयोगों पर विचार किया जाना चाहिए।

कोल इंडिया के निदेशक बीडी देबाशीष नंदा ने सारांश प्रस्तुत करते हुए मेसर्स प्रोजेक्ट्स एंड डेवलपमेंट इंडिया लिमिटेड को प्राथमिकता के आधार पर परियोजना आरंभ करने की सलाह दी। उन्होंने इस हस्ताक्षर समारोह में शामिल होने के लिए कोयला मंत्रालय, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, गेल और पीडीआईएल के अधिकारियों का आभारव्यक्त किया है।

## गुजरात को 3-0 के अंतर से हराकर झारखंड की बेटियों ने किया कमाल

**नवीन मेल संवाददाता।**

**रांची/नई दिल्ली।** दिल्ली के तेजस फुटबॉल मैदान में जारी 63वी सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की अंडर 17 बालिका टीम का दमदार प्रदर्शन दूसरे मुकाबले में भी जारी रहा। झारखंड की अंडर 17 बालिका टीम ने अपने दूसरे मुकाबले में गुजरात को 3-0 के अंतर से पराजित कर दिया है। झारखंड की ओर से नैना कुमारी, संजना उरांव और बबिता कुमारी ने एक एक गोल कर झारखंड को दूसरे मुकाबले में बढ़त दिलाई। इससे पहले 6 अगस्त को हुए पहले मुकाबले में भी झारखंड की बालिका टीम ने मेजबान



नयी दिल्ली 7-0 से बड़ी शिकस्त देकर शानदार शुरूआत की थी। पहले मुकाबले में बबिता कुमारी ने 3, पुनिता कुमारी ने 2, पूजा कुमारी और संजना उरांव ने 1-1 गोल कर झारखंड को बड़ी जीत दिलाई थी। टीम की कप्तानी प्रियतम तिर्की कर रही है। टीम में अनीशा उरांव, प्रतिभा भोक्ता, क्रांति उरांव, नैना कुमारी, चांदनी कुमारी, उर्वशी कुमारी, संगीता कुमारी, बबिता कुमारी, संजना उरांव, पुनिता कुमारी, पूजा कुमारी, सोनामती होरो, एब्लिन कुजूर, पूनम कुमारी, ललिता बोयपाई शामिल है। टूर्नामेंट से पहले अंडर 17 बालिका टीम को अंतराष्ट्रीय फुटबॉल कोच सह भारतीय खेल प्राधिकरण के पूर्व निदेशक सुशील कुमार वर्मा द्वारा 21 दिनों का विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया था।

## ओरमांझी में बैंक से पैसे निकाल कर जा रही महिला से 50 हजार की लूट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ओरमांझी थाना से मात्र 30 कदम की दूरी बाइर सवार दो उचक्के एक महिला से 50 हजार रुपये से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। घटना बुधवार को दिन के लगभग डेढ़ बजे की है। पीड़िता प्रियंका देवी ओरमांझी गांव निवासी है उसने थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। प्रियंका देवी ने बताया कि वह जागृति झांसी महिला समिति का 50 हजार रुपये बैंक ऑफ इंडिया की ओरमांझी शाखा से निकालकर पैदल घर लौट रही थी। ओरमांझी थाना से वह कुछ दूर आगे बढ़ी थी कि काले रंग की बाइक से आए दो उचक्के रुपये से भरा बैग छीनकर रांची की ओर फरार हो गए। प्रियंका देवी ने बताया कि एक युवक की उम्र लगभग 20 वर्ष के बीच थी और दूसरे की उम्र उससे अधिक थी। लुटेरों में एक ने सफेद रंग की चेकदार शर्ट पहन रखी थी। घटना के बाद से प्रियंका देवी काफी सदमे में हैं। पीड़िता ने पुलिस से जल्द अपराधियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह ने कहा कि घटना की जांच की जा रही है।

## सभी समस्याओं का एक ही समाधान है शिवलिंग की पूजा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सावन का महीना बहुत ही शुभ माना जाता है। इस महीने में सभी लोग भगवान शिव की पूजा-अर्चना विधि-विधान से करते हैं। इससे भक्त भगवान शिव की कृपा मिलती है। सावन के तीन सोमवार बीत चुके हैं। सावन में भगवान शिव को खुश करने के लिए शिवलिंग पर जलाभिषेक कर बेलपत्र, दूध, दही, गंगाजल, फूल, फल चढ़ाकर विशेष पूजा अर्चना करना शुभ माना जाता है। किसी भी व्यक्ति की कुंडली में कोई ग्रह नाराज हो, मार्केश की दशा चल रही हो या राहू, केतु, शनि या फिर पितृदोष हो, इसको लेकर परेशान होने की जरूरत नहीं है, इन सब समस्याओं का एक ही रामबाण इलाज है कि शिवलिंग की पूजा अपनी राशि के अनुसार करें। बासुकी नाथ मंदिर के पुजारी हेमकांत गिरि के अनुसार शिवलिंग की पूजा करने के लिए सबसे पहले जल से अभिषेक कराना चाहिए, फिर दूध से अभिषेक करना चाहिए. दूध से अभिषेक के बाद फिर जल से अभिषेक किया जाता है, फिर शहद, घी, दही आदि विभिन्न पदार्थों से अभिषेक किया जाता है। किंतु एक बात का अवश्य ध्यान रखना चाहिए कि हर पदार्थ से अभिषेक करने के बाद जल से अभिषेक करना अनिवार्य है। इसलिए पूजन करने के पहले अन्य सामग्री के साथ पर्याप्त मात्रा में जल भी बगल में ही रख लेना चाहिए। किस राशि के लोगों को किस चीज से भगवान शिव का पूजन करना है। पूजन करने के बाद पूरी श्रद्धा और विश्वास के साथ भगवान भोले शंकर की आरती करें और भोग लगाकर सभी लोगों में वितरित करें। ज्योतिष शास्त्र में हर तिथि का अपना अलग महत्व होता है। हर महीने में पांच दिन ऐसे होते हैं, जिन्हे पंचक के नाम से जाना जाता है। वाराणसी काशीपीठ के ज्योतिषाचार्य भारद्वाज शास्त्री का कहना है कि हर माह के पांच दिन ऐसे होते हैं, जब शुभ कार्यों की मनाही होती है। पंचक में शुभ कार्यों पर रोक लग जाती है। इस दौरान मृत्यु होने पर पंचक दोष लगता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार चंद्रमा के कुंभ और मीन राशि में होने के दौरान पंचक लगता है। माना जाता है कि इस दौरान किए गए कार्यों का प्रभाव व्यक्ति पर पांच गुना ज्यादा बढ़ जाता है। ऐसे में किसी भी प्रकार के अशुभ से बचने के लिए शुभ कार्य न करने की सलाह दी जाती है। .19 अगस्त को रक्षाबंधन के बाद घनिष्ठा नक्षत्र में पंचक शुरू होंगे। उस दिन 1.25 बजे तक भद्रा रहेगा। घनिष्ठा नक्षत्र का मान आधा माना जाता है।

- मेष राशि के लोगों को जौ और दूध से पूजन करना चाहिए।
- वृष राशि के लोगों को सफेद फूल और तिल से पूजन करना चाहिए।
- मिथुन राशि वालों को शहद और तिल से पूजन करना चाहिए।
- कर्क राशि वाले सफेद तिल से पूजन करें।
- सिंह राशि के लोग गुड़ और फूलों से पूजन करें।
- कन्या राशिवालों को शहद से पूजन करना चाहिए।
- तुला राशि के लोग शक्कर से पूजन करें।
- वृश्चिक राशि के लोग दूध से पूजन करें।
- धनु राशि वाले सफेद तिल से पूजन करें।
- मकर राशि के लोगों को काले तिल से पूजन करना चाहिए।
- कुंभ राशि के लोगों को जौ और तिल से पूजन करना चाहिए और
- मीन राशि वाले जौ, फूल और काले तिल से पूजन करें।



## ऑटो और ई रिक्शा चालक निर्देशों का करें पालन : दिनेश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ ने ऑटो चालक, ई रिक्शा चालक मालिक की समस्यों के समाधान के लिए यातायात एसपी से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने पूछा कि ऑटो एवं ई-रिक्शा चालकों की धर पकड़ क्यों की जा रही है?

यातायात एसपी ने बताया कि ऑटो चालक आगे के सीट पर एक भी पैसेंजर नहीं बैठाएंगे। बीच में चार और पीछे दो सवारी लेकर चलना है। बिना परमिट वाले ऑटो को शहर में परिचालन नहीं करना है। ई रिक्शा चालक रोड पास लेकर के ही अपने ई रिक्शा का परिचालन करेंगे नहीं तो मालिकों के ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ऑटो चालक खाकी वर्दी और ई रिक्शा चालक नीली वर्दी पहनकर ही अपने वाहनों का परिचालन करेंगे। साथ ही अपना पहचान पत्र आई



कार्ड अवश्य रखें। दिनेश सोनी ने ऑटो चालकों, ई रिक्शा चालकों से आवश्यक दिशा निर्देशों का पालन करने की अपील की है। प्रतिनिधिमंडल में झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी, प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार सिंह, रांची जिला ऑटो चालक यूनियन के अध्यक्ष अर्जुन यादव, महासचिव सुनील कुमार सिंह एवं रांची जिला ई रिक्शा चालक यूनियन के संरक्षक उत्तम यादव शामिल थे।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री की व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट वाली याचिका पर सुनवाई 17 को

**रांची।** हेमंत सोरेन के समन की अवहेलना से जुड़े मामले में उनकी ओर से दाखिल व्यक्तिगत उपस्थिति में छूट से जुड़ी याचिका पर 17 अगस्त को सुनवाई होगी। इसमें ईडी ने जवाब दाखिल कर दिया है। इसके बाद एमपी/एलएलए मामले की विशेष अदालत में अगली सुनवाई 17 को तय की है। बता दें कि हेमंत के खिलाफ ईडी ने समन के आदेश का अनुपालन नहीं करने के मामले में अदालत में शिकायतवाद दर्ज कराया है। ईडी ने हेमंत के खिलाफ भी रांची की निचली अदालत में जनवरी 2024 में शिकायतवाद दर्ज कराया है। आठ समन पर हेमंत ईडी के समक्ष हाजिर नहीं हुए थे।

### तीन दिवसीय क्षेत्रीय पुलिस ड्यूटी मीट का किया शुभारंभ

**रांची।** रांची रेंज के डीआईजी अनुप बिरथरे ने कांके रोड स्थित रांची पुलिस लाइन में बुधवार को तीन दिवसीय क्षेत्रीय पुलिस ड्यूटी मीट का शुभारंभ किया। इस ड्यूटी मीट में एसएसपी चन्दन सिन्हा, सहायक निदेशक राज्य फिंगर प्रिंट ब्यूरो संतोष सुधाकर, सहायक निदेशक एफएसएल डॉ. अमित कुमार के अलावा दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्र के सभी जिला से आए प्रतिभागी उपस्थित हुए। इस ड्यूटी मीट में अनुसंधान की बारीकियां और अनुसंधान में वैज्ञानिक सहायता, कम्प्यूटर साक्षरता, श्वान दस्ता के दक्षता की परीक्षा के साथ प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। डीआईजी ने नये बीएनएसएस के प्रावधानों का अनुपालन डीएनए के लिए साक्ष्यों का संकलन और संरक्षण की उपयोगिता के बारे में बताया।

### मारवाड़ी कॉलेज के कर्मचारी पर धमकी देने का आरोप



**रांची।** युवा आजसू का प्रतिनिधिमंडल रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजीत कुमार सिन्हा से मुलाकात कर के उन्हें एक शिकायत पत्र दिया। युवा आजसू के विशाल कुमार यादव ने कहा की 31 जुलाई को मारवाड़ी महाविद्यालय में बिजली व्यवस्था ठप होने के कारण छात्र-छात्राओं को हुई परेशानी को लेकर मैं मारवाड़ी महाविद्यालय परिसर में पहुंचकर मारवाड़ी महाविद्यालय के प्राचार्य को इस मामले से संबंधित घटना पर ज्ञापन सौंपने जा रहा था। तभी वहां न्यूज के रिपोर्टर पहुंचे और उन्होंने परीक्षा के दौरान बिजली व्यवस्था ठप होने के मामले की छानबीन शुरू की । मारवाड़ी महाविद्यालय प्रशासन द्वारा न्यूज रिपोर्टर को सोलर पैनल के पास ले जाया गया। वहां पर मौजूद मारवाड़ी महाविद्यालय के नॉन टीचिंग स्टाफ प्रमोद माली द्वारा मेरे साथ अभद्र व्यवहार किया।

### भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा ने बुनकरों को किया सम्मानित

**रांची।** भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा के द्वारा तिरिल आश्रम में राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष आरती सिंह के नेतृत्व में किया गया। मोर्चा की बहनों के द्वारा बुनकरों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया और खादी ग्राम उद्योग को बढ़ावा देने तथा स्वदेशी कपड़ों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। देश भर में कुटीर एवं लघु उद्योग को जीवंत करने तथा स्वदेश में उत्पादित कपड़ों को अपने तथा आयातित कपड़ों का बहिष्कार कर लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा देने तथा देश के विकास को बढ़ावा देने के लिए महिला मोर्चा की बहनों ने आह्वान किया। बुनकरों को सम्मानित कार्यक्रम में प्रदेश की महामंत्री डॉ सीमा सिंह, रेनू तिर्की, मंत्री नीलम चौधरी, प्रदेश मंत्री सीमा पासवान, कोषाध्यक्ष लवली गुप्ता, मीडिया प्रभारी कुमुद झा,तथा खादी ग्राम उद्योग के संचालक अभय चौधरी जी उपस्थित हुए।

### मुख्यमंत्री ने 75वें वन महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में लिया हिस्सा, कहा

# पौधा लगाने के साथ उसे बचाने के अभियान का भी हिस्सा बनें : हेमंत

▶ *एक दिन में बदलाव नहीं आ सकता लेकिन शुरूआत तो होनी चाहिए*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड में जल-जंगल और जमीन हमेशा से ही हमारे जीने का जरिया रहा है लेकिन सदियों से चली आ रही ये व्यवस्था अन्धाधुन्ध विकास और शहरीकरण की दौड़ में पीछे छूटती जा रही है। आज हरे-भरे पेड़ों से आच्छादित जंगल की जगह कंक्रीट के जंगल ने ले ली है। इसका सीधा असर हमारे पर्यावरण पर पड़ रहा है। प्राकृतिक संतुलन बिगड़ रहा है। यदि हम अब भी नहीं चेते तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहना होगा। सोरेन ने कहा कि आज जरूर इस बात की है कि पर्यावरण संरक्षण की खातिर ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने के अभियान का हम हिस्सा बनें और पेड़ों को बचने का संकल्प लें। सभी के सहयोग और भागीदारी से प्राकृतिक व्यवस्था को संरक्षित मानव जीवन को सुरक्षित रख सकते हैं। मुख्यमंत्री ने बुधवार को वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान, गढ़खटंगा, रांची में आयोजित 75वें वन महोत्सव को संबोधित करते हुए ये बातें कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जिस तरह से पर्यावरण संरक्षण को चुनौती मिल रही है, वह मनुष्य, जीव-जंतु और पूरी प्राकृतिक व्यवस्था के अस्तित्व पर खतरा बनता जा रहा है। ऐसे में हमें तय करना है कि हम प्रकृति के साथ मिलकर अथवा प्रकृति से छेड़छाड़ कर विकास के रास्ते पर आगे बढ़ें। यदि प्रकृति के साथ चलना है तो हमें अपनी जीवन शैली में बदलाव लाना होगा। पेड़ों से दोस्ती करनी होगी और उन्हें बचाने की जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने लोगों से कहा कि वे घर बनाते हैं तो उससे पहले वहां एक पेड़ जरूर लगाएं। यदि हर व्यक्ति पेड़ लगाने और पेड़ बचाने की ठान ले तो निश्चित तौर पर हम पर्यावरण को संरक्षित रख पाएंगे।

सीएम ने कहा कि आज प्राकृतिक असंतुलन और पर्यावरण के साथ छेड़छाड़ की वजह से बाढ़ और सुखाड़ जैसे कई प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ रहा है। मौसम चक्र में बदलाव से कृषि प्रभावित हो रही है। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि प्राकृतिक व्यवस्था का कम से कम नुकसान कैसे हो, इस दिशा में हम सभी आगे बढ़े। जरूरी है कि ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं ताकि प्राकृतिक व्यवस्था को जो नुकसान हो चुका है, उसकी थोड़ी सी भी भरपाई हो सके।



### हम सभी वन महोत्सव का हिस्सा बनें

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक ऐसा भी वक्त था, जब झारखंड जैसे प्रदेश में वन महोत्सव मनाने की कोई जरूरत नहीं थी। पूरा राज्य हरे-भरे पेड़ों से आच्छादित था। चारों तरफ जंगल ही जंगल दिखते थे लेकिन विकास की रफ्तार जैसे-जैसे बढ़ती गई, जंगल सिमटते चले गए और इसका सीधा असर पर्यावरण पर पड़ा। यही वजह है कि आज वन महोत्सव मनाने की एक परंपरा की शुरूआत हुई, जो आज भी चली आ रही है। यह समय की भी मांग है कि हम सभी वन महोत्सव का हिस्सा बनें और ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने की मुहिम में अपनी भागीदारी निभाएं। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि पेड़ लगाने का अभियान सिर्फ बारिश के मौसम तक सिमट कर नहीं रहना चाहिए। जाड़ा, गर्मी और बरसात हर मौसम में उस मौसम के अनुकूल पेड़ लगाने की मुहिम चलनी चाहिए। पेड़ लगाने का सतत अभियान कभी नहीं रुकना चाहिए।

### वन समिति के सदस्य सम्मानित, कॉफी टेबल बुक का लोकार्पण

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर वनों के संवर्धन और विकास के क्षेत्र में बेहतर योगदान करने वाले वन समिति के सदस्यों को पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के कॉफी टेबल बुक का भी लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान आने वाले लोगों को परिसर का भ्रमण करने के लिए चार लाभुकों को बैट्री ऑपरेटेड ऑटो प्रदान किया।

## मानव तस्करी के शिकार दस वर्ष से लापता युवक को दिल्ली से कराया मुक्त

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का प्रयास ला रहा है रंग

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के सार्थक प्रयास से लगातार मानव तस्करी के शिकार बालक/बालिकाओं को मुक्त कराकर उनके घरों में पुनर्वास किया जा रहा है।

उसी कड़ी में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र, नई दिल्ली द्वारा मानव तस्करी के शिकार 10 वर्ष से लापता बालक को रेस्क्यू किया गया। मानव तस्करी के शिकार 10 साल से लापता बालक को झारखंड भवन, नई दिल्ली ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नई दिल्ली एवं हरियाणा में एक सघन रेस्क्यू ऑपरेशन चलाते हुए विभिन्न जगहों पर छापेमारी कर बालक को रेस्क्यू किया गया। ज्ञात हो कि बालक 10 साल पहले जब मानव तस्करों द्वारा दिल्ली लाया गया था, तब उसकी उम्र लगभग 13 वर्ष थी। 10 वर्षों से परिवार से बालक का कोई भी संपर्क नही था। पिता द्वारा विगत कई सालों से खोजबीन करने पर भी बालक की कोई जानकारी नही मिल पा रही थी। इस संदर्भ में झारखंड के साहेबगंज जिले के बरहेट थाने में सनहा दर्ज था। पांच दिन पूर्व झारखंड भवन को सूचना मिली। फिर बच्चे को रेस्क्यू किया गया।



### युवक की हुई काउंसलिंग

झारखंड भवन द्वारा उस बच्चें को रेस्क्यू करते हुए बच्चे की काउंसलिंग की गई और संबंधित स्थानीय पुलिस को सुपर्द करते हुए आगे की कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया एवं उस परिवार को 10 वर्षों से गुमशुदा बच्चें को सुपूर्द करने की सख्त हिदायत दी गई। 10 वर्षों से लापता हुए बालक को अगले दिन सकुशल उसके परिवार के पास झारखंड भेज दिया गया। इस रेस्क्यू ऑपरेशन में नई दिल्ली की स्थानीय एनजीओ मिशन मुक्ति फाउंडेशन के डायरेक्टर वीरेंद्र सिंह एवं रेस्क्यू फॉउंडेशन से अक्षय ने अहम भूमिका निभाई। ज्ञात हो कि एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र नई दिल्ली, झारखंड भवन का एक अभिन्न अंग है, जिसे महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित किया जाता है। यह सारी कार्यवाही झारखंड भवन के स्थानिक आयुक्त के निर्देश पर किया गया। बता दें कि महिला एवं बाल विकास विभाग मानव तस्करी के मामले में बहुत ही संवेदनशील है।

## अमन साहू का एक और गुर्गा आकाश गिरफ्तार




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने झारखंड कोयला खदान में गोलीबारी, आगजनी और जबरन वसूली के मामले में जेल में बंद गैंगस्टर अमन साहू के एक और प्रमुख गुर्गे को गिरफ्तार किया है। झारखंड में रांची के आकाश कुमार साहू उर्फ साकस साहू को एनआईए द्वारा आरोपित किए जाने के एक दिन बाद हिरासत में लिया गया था। अब आकाश इस मामले में गिरफ्तार होने वाला 26वां आरोपित है। एनआईए ने यह जानकारी बुधवार को दी।

एनआईए के मुताबिक मार्च 2021 में यह मामला राज्य पुलिस से जांच अपने हाथ में ली थी। इस जांच में एनआईए को पता चला कि आरोपित आकाश कुमार शंकर यादव और जेल में बंद गैंगस्टर अमन साहू के लिए जबरन वसूली के काम में सक्रिय था। इस पैसे को दोनों रियल एस्टेट में निवेश करने का ढोंग रच रहे थे। आकाश अमन साहू गिरोह के सदस्यों को रसद पहुंचाने का काम भी कर रहा था। एनआईए के मुताबिक यह मामला मूल रूप से 19 दिसंबर 2020 को तेतरियाखंड कोयला खदान में हमले के बाद लातेहार जिले के बालूमठ पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया था। अमन साहू ने गैंगस्टर सुजीत सिन्हा और अन्य के साथ मिलकर जबरन वसूली और कोलियरी के संचालन को बाधित करने और घातक हमले की योजना बनाई थी। एनआईए प्रवक्ता ने बताया कि अमन साहू गिरोह झारखंड में कई सनसनीखेज अपराधों में शामिल रहा है, जिसमें पुलिस अधिकारियों और जेल कर्मचारियों पर गोलीबारी भी शामिल है।

## राज्य सरकार ने युवाओं को सिर्फ लॉलीपॉप दिखाया : शशांक राज

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजयुमो की प्रेस वार्ता हुई। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने कहा कि राज्य सरकार बार-बार जेएसएससी के वार्षिक कैलेंडर जारी करने के बावजूद, निकम्मी राज्य सरकार सही तरीके से परीक्षा आयोजित करने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार के निकम्मेपन का आलम यह है कि नियुक्ति परीक्षाओं के वार्षिक कैलेंडर के नाम पर राज्य के युवाओं को बड़े सुहावने सपने दिखाती है, लेकिन असलियत में कुछ करती नहीं है। कहा कि जेएसएससी द्वारा जारी वार्षिक कैलेंडर को लेकर राज्य भर के छात्रों में इस कदर आक्रोश है कि आशंका है कि झामुमो सरकार ने जान बूझकर चुनाव से चंद महीने पहले वार्षिक कैलेंडर जारी किया है ताकि युवाओं को छलकर उनका वोट पा सके। कहा कि आज भी ये सरकार जेएसएससी-सीजीएल के माध्यम से एक भी बहाली नहीं कर पाई है। प्रेस वार्ता में भाजयुमो प्रदेश महामंत्री रूपेश सिन्हा, प्रदेश प्रवक्ता बबन बैठा एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रिंस कुमार उपस्थित रहे।



## अधिक मतदान के लिए चलायें जागरूकता अभियान : रविकुमार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य के मुख्य चुनाव पदाधिकारी के. रविकुमार ने कहा है कि मतदाता जागरूकता अभियान में राज्य के नगर निकायों अहम भूमिका है। आम लोगों की जीवन से प्रत्येक दिन नगर निकायों वास्ता पड़ता है। के. रविकुमार ने बुधवार को प्रोजेक्ट भवन के सभागार में नगर निकायों के साथ आयोजित समीक्षा दौरान ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि चार राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इसलिए अधिक मतदान हो इस पर फोकस करना है।



नगर निकाय स्थानीय कोचिंग सेंटर, विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालयों, रात्रि आश्रयणी और वृद्धाश्रमों में मतदाता जारूकता अभियान चलायें। हर निजी घर, फ्लैट, अपार्टमेंट और सरकारी कालोनियों में जाकर मतदान के लिए प्रोत्साहित किया जाये।

### प्रचार-प्रसार में मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण है : अरवा राजकमल

**नगर** विकास एवं आवास विभाग के सचिव अरवा राजकमल ने कहा कि मतदाता जागरूकता अभियान के प्रचार-प्रसार में मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण है। अभियान से संबंधित निकायों द्वारा किये जा रहे कार्य समाचार पत्रों व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया मे अवश्य आने चाहिए जिससे मतदाता अपने अधिकार और कर्तव्य को जान पायेंगे।



## टीबी मुक्त राज्य बनाने 12 जिलों में चलेगा अभियान : बन्ना

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** टीबी उन्मूलन के लिए राज्य सरकार अपने स्तर पर प्रयास कर रही है। अगर इस अभियान में कॉरपोरेट सेक्टर की भागीदारी सक्रिय रूप से होती है, तो हमें जल्दी सफलता मिल सकती है। बुधवार को ये बातें स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहीं। वे नामकुम स्थित आईपीएच सभागार में राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत राज्य स्तर पर व्यस्क बीसीजी. टीकाकरण का शुभारंभ तथा टीबी मुक्त पंचायतों का सम्मान समारोह कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यही वजह है कि इस कार्यक्रम के लिए कॉरपोरेट सेक्टर से सहयोग की अपेक्षा की जाती है। सभागार में राज्य स्तर पर व्यस्क बीसीजी. टीकाकरण का शुभारंभ तथा टीबी मुक्त पंचायतों का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

**ज्यादातर गरीब होते हैं टीबी जैसे बीमारियों का शिकार :** स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि झारखंड एक गरीब और पिछड़ा राज्य है। यहां कालाजार, फाइलेरिया और टीबी जैसी बीमारियां ज्यादातर गरीब लोगों को होती हैं। कालाजार के उन्मूलन की दिशा में हम काफी आगे बढ़ चुके हैं, बहुत थोड़े आदिवासी इलाकों में कालाजार जैसी बीमारी बची है, उस पर जल्द काबू पा लिया जाएगा। सर्पदंश की घटनाएं झारखंड में होती हैं, जिससे कई मौके पर सर्पदंश के शिकार गरीबों की जान जानकारी के अभाव में चली जाती है। इसके लिए हमें जागरूक होना होगा। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव ने कहा कि यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम राज्य के सभी 24 जिलों में चलाया जा रहा है। कॉरपोरेट सेक्टर और पंचायत के मुखिया और सरपंच ने बेहतर काम किया है। उन्होंने अभियान से जुड़े जिला के सिविल सर्जन से कहा कि वे प्रस्तावित सभी जिलों में इस अभियान को सफल बनाने के लिए काम करें।

**कई कॉरपोरेट प्रतिनिधि तथा मुखिया और सरपंच को मिला सम्मान :** कार्यक्रम में ऐसे लोगों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने इस अभियान में यक्ष्मा मरीजों को गोद लेकर टी.बी. उन्मूलन की दिशा में अहम भूमिका निभाई है।

### कॉरपोरेट घराने एक-एक जिला गोद ले करें काम



बन्ना गुप्ता ने कहा कि राज्य में बड़े-बड़े कॉरपोरेट सेक्टर हैं, जिनकी इंडस्ट्रीज हैं, वह संस्थागत स्तर पर पंचायत और प्रखंड को गोद लेकर टीकाकरण अभियान जैसी अन्य योजनाओं में सहयोग दे रहे हैं। अगर ये कॉरपोरेट घराने एक-एक जिला को गोद लेकर काम करें, तो हम पोलियो मुक्त भारत की तरह यक्ष्मा मुक्त, कालाजार और फाइलेरिया मुक्त होने का गौरव लक्ष्य के पहले ही हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने 100 साल पहले ही खुद को टीबी मुक्त कर लिया था।

## न्यूज बॉक्स

### पद्मश्री अशोक भगत ने राज्यपाल से की भेंट



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को विकास भारती बिशुनपुर के सचिव पद्मश्री अशोक भगत ने राजभवन में भेंट की एवं राज्यपाल को संस्था की गतिविधियों से अवगत कराया।

### मेजर जनरल राज्यपाल गंगवार से मिले



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को मेजर जनरल परमवीर सिंह डांग ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की।

### सेंट जेवियर्स स्कूल के शिक्षक राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मिले



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को सेंट जेवियर्स स्कूल के संतोष कुमार एवं अन्य शिक्षकों ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की एवं विद्यालय की अद्यतन शैक्षणिक गतिविधियों से अवगत कराया।

### विद्यार्थियों को हर हाल में गुणात्मक शिक्षा प्राप्त हो : राज्यपाल संतोष गंगवार



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को उच्च एवं तकनीकी शिक्षा सचिव राहुल कुमार पुरवार ने राजभवन में भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने उनसे राज्य में उच्च शिक्षा की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। वहीं कहा कि हमारे राज्य के विद्यार्थियों को हर हाल में गुणात्मक शिक्षा प्राप्त हो, इस दिशा में विभाग एवं विश्वविद्यालय समन्वय स्थापित कर सक्रियता से कार्य करें। उन्होंने विश्वविद्यालय में रिक्तियों की समस्या को दूर करने पर भी चर्चा की।

### झारखंड हाईकोर्ट से पूर्व मंत्री राजा पीटर ने याचिका ली वापस



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड मामले में आरोपित पूर्व मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर ने दाखिल याचिका को वापस ले लिया है। इसमें उन्होंने मामले के इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर (अनुसंधानकर्ता) की गवाही ट्रायल के दौरान एनआईए कोर्ट में सभी गवाहों की गवाही पूरी होने से पहले करा लिए जाने को चुनौती दी थी। साथ ही अनुसंधानकर्ता की गवाही न मानने का आग्रह किया था। राजा पीटर की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा गया था कि मामले में एनआईए कोर्ट, रांची में ट्रायल चल रही है, जिसमें अभियोजन की ओर से गवाहों का बयान दर्ज किया जा रहा है। ट्रायल के दौरान मामले के चीफ इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर (अनुसंधानकर्ता की) गवाही सबसे अंत में होनी चाहिए थी लेकिन अन्य गवाहों की गवाही पूरी होने के पहले ही अनुसंधानकर्ता की गवाही पूरी करा ली गई है। मामले में अनुसंधानकर्ता की गवाही के बाद अब दूसरे अन्य गवाहों का क्रॉस एग्जामिनेशन ठीक से नहीं होगा। इसलिए चीफ इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर की गवाही को ना माना जाए। मामले की सुनवाई के दौरान राजा पीटर की ओर से ही इस याचिका को वापस लेने का आग्रह किया गया, जिस पर कोर्ट ने याचिका वापस लेने की अनुमति प्रदान की। यह मामला अभी गवाही के स्टेज पर चल रहा है। नौ जुलाई, 2008 को पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा की हत्या बुंडू के स्कूल में एक कार्यक्रम के दौरान नक्सलियों ने गोली मारकर कर दी थी।

### पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की जमानत पर ईडी की बहस कल



**रांची।** टेंडर घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपित पूर्व मंत्री और कांग्रेस विधायक आलमगीर आलम की जमानत पर रांची प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की विशेष कोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। इस दौरान बचाव पक्ष यानी आलमगीर आलम की ओर से बहस पूरी कर ली गयी है। अब नौ अगस्त को ईडी की ओर से बहस की जायेगी। आलमगीर आलम को ईडी ने छह घंटे की पूछताछ के बाद 15 मई को गिरफ्तार किया था। ईडी इस केस में राज्य के वरीय आईएएस अधिकारी मनीष रंजन से पूछताछ भी कर चुकी है। इस केस में आलमगीर आलम के ओएसडी रहे संजीव लाल और उसके सहयोगी जहांगीर आलम को भी एजेंसी गिरफ्तार कर चुकी है। इनके ठिकाने से एजेंसी ने 35 करोड़ रुपये से ज्यादा नकद राशि बरामद किये थे।

### पारा शिक्षक हत्याकांड के आरोपी का ट्रायल जल्द पूरा करें : झारखंड हाईकोर्ट



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में वर्ष 2010 में सिमडेगा के पारा शिक्षक मनोज कुमार हत्याकांड के सूचक संजय कुमार की याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने सिमडेगा सिविल कोर्ट को इस केस से जुड़े अन्य अभियुक्तों के मामले में जल्द ट्रायल पूरा करने का निर्देश दिया है। अधिवक्ता के माध्यम से सूचक ने हाईकोर्ट को बताया कि इस केस के मुख्य आरोपत नक्सली बारूद गोप के खिलाफ पिछले 14 वर्षों से सिमडेगा सिविल कोर्ट ट्रायल पूरा नहीं हुआ जबकि इसी केस के आरोपित पूर्व मंत्री एनोस एक्का को सजा भी हो गयी। हाईकोर्ट के जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई।

## एक नजर

### हेसालौंग उपस्वास्थ्य केंद्र में सामाग्री उपलब्ध कराने की मांग

**गिद्दी।** डाड़ी भाग एक के जिप सदस्य सर्वेश कुमार सिंह ने हेसालौंग उपस्वास्थ्य केंद्र में आवश्यक सामाग्री उपलब्ध कराने की मांग की है। जिप सदस्य सर्वेश कुमार सिंह ने हजारीबाग डीडीसी को मांग पत्र सौंप कर हेसालौंग उपस्वास्थ्य केंद्र में आवश्यक सामाग्री उपलब्ध कराने की मांग की है। इसके पहले जिप सदस्य ने हेसालौंग उपस्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया और ब्लडप्रेसर और शुगर की भी जांच कराए। जिप सदस्य ने मांग पत्र में कहा है कि हेसालौंग उपस्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड के विभिन्न पंचायत के मरीज इलाज और प्रसव के लिए और आते हैं। केंद्र में आयुष डॉक्टर बैठते हैं। पर सामाग्री की कमी के कारण इलाज और प्रसव में दिक्कत का सामना करना पड़ता है। इसलिए पस्वास्थ्य केंद्र में बेबी बर्मर मशीन, बेबी डाप्लर मशीन, आरओ वाटर मशीन उपलब्ध कराने और आंगन में शेड बनवाने की मांग की है।

### रामेश्वर नगर शिवलिंग पर महावीर हनुमान की भांति हुआ श्रृंगार

**रामगढ़।** श्रावण मास के तीसरी संध्या में रामेश्वर नगर शिवलिंग पर आरती से पूर्व आराध्य प्रभु श्रीराम के परमभक्त और बल, विद्या और बुद्धि के दाता महावीर हनुमान की भांति श्रृंगार हुआ। देवाधिदेव और उनके परिवार को खीर के साथ लड्डुओं का भोग लगा। वहीं मंदिर परिसर में ही स्थापित हनुमान मंदिर में सैकड़ों श्रद्धालुओं की ओर से 3-3 केलों का भोग तुलसीपत्र के साथ अर्पित किया गया। उल्लेखनीय है कि श्रावण माह में वेस्ट बोकारो के रामेश्वर नगर शिवालय में प्रत्येक दिन संध्या आरती से पूर्व महाकाल (उज्जैन) की भांति न केवल श्रृंगार होता है बल्कि प्रत्येक वार के अनुसार देवी-देवताओं की तरह महादेव के शिवलिंग पर श्रृंगार किया जाता है। आयोजन में मंदिर प्रबंधन समिति विनोद ठाकुर, अभिषेक कुमार वर्मा, ओम बाबू, शुभम बाबू, आशीष सिंह, अंजली कुमारी गुप्ता, मनीषा कुमारी, जितेन्द्र उपाध्याय,आशा देवी, गूंजा सिंह, मंजू सिंह और अनिकेत कुमार आदि का योगदान रहा।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गिद्दी में संकुल स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन

**गिद्दी।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गिद्दी बस्ती में बुधवार को संकुल स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के जीएम संजय कुमार झा ने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता की शुरूआत किया। इसके बाद महाप्रबंधक संजय कुमार झा ने प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजन की सराहना करते हुए विद्यालय के विकास में यथासंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया । इसके पहले साथ ही प्रतिभागियों को प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोतसाहित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुधांशु शेखर मोहन ने सभी अतिथियों का परिचय कराया । प्रतियोगिता में रामगढ़ संकुल के आठ विद्यालयों के लगभग 450 बच्चे छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

मांडू प्रखंड के 48 शिक्षकों को स्मार्ट टीवी से बच्चों को पढ़ाने का दिया गया प्रशिक्षण

# आनेवाले दिनों में स्मार्ट टीवी बच्चों के लिए मददगार सिद्ध होगा : डॉ सुनील



*स्मार्ट टीवी लगने के बाद विद्यालय के छात्र बहुत ही ध्यान पूर्वके पढ़ने रहे हैं। और इससे साफ जाहिर हो रहा है कि बच्चे ज्ञान हासिल कर रहे हैं*

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू को एनजीओ के माध्यम से छात्रों को पढ़ने के लिए 7 अगस्त को स्मार्ट टीवी प्राप्त हुआ। इसके पश्चात मांडू प्रखंड के 48 शिक्षकों को भी इसके लिए विशेष एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया । प्रशिक्षण के क्रम में सभी प्रशिक्षकों को हिंदी ,गणित, विज्ञान और अंग्रेजी को किस ढंग से स्मार्ट टीवी के माध्यम से बच्चों को मनोरंजन पूर्वक पढ़ाया जाए इसका विशेष प्रशिक्षण दिया गया । यह सरकारी विद्यालयों के लिए बहुत कारगर और लाभप्रद है ।स्मार्ट टीवी प्राप्त करने के बाद में डॉक्टर सुनील कुमार कश्यप ने अपने विद्यालय में पूरे सेट को लगाया तो छात्रों में बहुत उत्सातिह दिखे। स्मार्ट टीवी लगने के बाद विद्यालय के छात्र बहुत ही ध्यान पूर्वके पढ़ने रहे हैं। इससे साफ जाहिर हो रहा है कि स्मार्ट टीवी छात्रों के लिए आने वाले दिन के लिए लाभदायक साबित होनेवाला है। मौके पर प्रधानाध्यापक डॉ सुनील कुमार कश्यप ने कहा की यह स्मार्ट टीवी संपर्क फाउंडेशन द्वारा उपलब्ध कराया गया। समय-समय पर संपर्क फाउंडेशन जिन-जिन विद्यालयों में स्मार्ट टीवी संपर्क दीदी के नाम से जाना जा रहा है संबंधित विद्यालयों को संपर्क कर उनके समस्या का समाधान करने का काम संस्थान करेगी। उन्होंने बताया की इसके तहत शिक्षक को बच्चों को स्मार्ट टीवी के माध्यम से पढ़ाने का कार्य करना होगा।

# टोनी ने खपरियावा बेस पंचायत में चलाया जनसंपर्क अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व प्रदेश कोषाध्यक्ष किसान मोर्चा, टोनी जैन नेजनसंपर्क अभियान के तहत कटकमदाग प्रखंड के खपरियावा पंचायत और बेस पंचायत मैं जनसंपर्क अभियान चलाया। बेस पंचायत के हारम, कुंडरी, उरदाग, मरहंड गांव में जन संपर्क अभियान में ग्रामीणओं के समस्याओं के बारे में जाना। बेस पंचायत के मुखिया दीपक यादव और खपरियावा पंचायत के मुखिया राजेश कुमार गुप्ता उपस्थित थे। बेस पंचायत के मुखिया दीपक यादव ने बताया गांव में बिजली का ट्रांसफॉर्मर काफी दिनों से खराब है। बिजली विभाग के अधिकारी से फोन पर बात कर जल्द लगाने का निवेदन किया। जिससे ग्रामीणों की परेशानी जल्द समाप्त हो, निवेदन को स्वीकार कर अधिकारी ने कहा बहुत जल्द नया ट्रांसफॉर्मर लगा दिया जाएगा । केंद्र सरकर की जनहित योजना का लाभ ग्रामीणओं को मिल रहा है। नल जल योजना के तहत हर घर नल हो यह कार्य काफी तेजी से चल रहा है। केंद्र की जनहित योजना किसान सम्मान निधि योजना की वजह से किसान ग्रामीण भाइयों को काफी सुविधा हो रही है। कार्यक्रम में सोनू गुप्ता, किशोर गुप्ता, संगीता देवी, मीना टोप्पो, सुशीला देवी, प्रमिला देवी, कुलमती देवी, सरस्वती देवी, सुनीता देवी, नीतू देवी, ललिता देवी, पुनम देवी, सरास्वती देवी आदि के साथ बहुत सारे ग्रामीण भाई बहन उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### ट्री किसान कंपनी ने युकलिप्टस का पौधा लगाने को लेकर चलाया जागरूकता अभियान



**बरकट्ठा।** बरकट्ठा में युकलिप्टस क्लोन पौधा लगाने को लेकर ट्री किसान कंपनी की ओर से जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम कंपनी के निदेशक रोहित कंसय,ऑल इंडिया फील्ड मैनेजर जहुर अंसारी के नेतृत्व में चलाया जा रहा है। रोहित कंसय ने लोगों को बताया कि लिप्टस क्लोन पौधा सबसे तेजी से उगने वाला पौधा है। जिसका पेड़ 4 से 5 वर्ष में तैयार हो जाता है। यह पौधा पंजाब, हरियाणा,उत्तर प्रदेश,तेलंगाना,आँध्रप्रदेश में बहुत मात्रा में लगाया जाता है। जिसकी देख रेख की बहुत कम जरुरत होती है।कहा कि इस पेड़ का उपयोग पेपर मिल्स, प्लाईवुड फैक्ट्री, एमडीएफ बोर्ड फैक्ट्री, इमारत बनाने के लिए बल्ली आदि के लिए किया जाता है।इस लकड़ी की बाजार में बहुत डिमांड है। जहुर अंसारी ने बताया कि भारत सरकार हर मेड पर पेड़ स्कीम के तहत और झारखण्ड सरकार मुख्यमंत्री जन वन योजना के तहत इस पेड़ को लगाने वाले किसान को पैसे देकर प्रोत्साहित करती है। ट्री किसान कंपनी एक मानयता प्राप्त स्टार्टअप है ,जो पेड़ की खेती करने वाले किसान को पेड़ लगाने से लेकर बेचने तक की सुविधा मोबाइल ऐप से देता है। अब तक 10 हजार से ज्यादा लोग इससे जुड़ चुके है। हजारीबाग में ट्री किसान लिप्टस के उच्च क्वालिटी के पौधे उपलब्ध हैं और इसे उगाने से ले कर बेचने तक का कम कंपनी संभल लेती है। इसकी पुरी जानकारी के लिए ऑफिसियल नंबर 8950021983 पर संपर्क या वेबसाइट पर जानकारी ले सकते है।

### श्री राणी सती मंदिर में सिंघारा उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया



**हजारीबाग।** शहर के मालवीय मार्ग स्थित श्री राणी सती मंदिर प्रांगण में हरियाली तीज के शुभ अवसर पर श्री राणी सती दादी की सिंघारा कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम सबसे पहले राणी दादी की पूजा अर्चना की गई। जिसके पश्चात दादी का श्रृंगार किया गया। इसके पश्चात उपस्थित महिलाओं में लकी ड्रा के माध्यम से दो महिलाओं का चयन किया गया, चयनित महिलाओं ने दादी जी को एक साथ मेहंदी लगाई। दादी नाम की होजी खेली गई,दादी के भजनों की अंतराछरी खेली गई। सभी कार्यक्रम में दादी भक्तों ने जमकर आनंद लिया। वही दादी भक्तों ने दादी नाम की कई भजन प्रस्तुत की जिसमें प्यारी प्यारी दादी हमारी.....जैसे अनेकों भजन पर दादी भक्तों ने जमकर झूमा। वहीं महिलाएं हरी साड़ी मे नजर आई। यह कार्यक्रम मंदिर परिसर में प्रत्येक वर्ष किया जाता है, मंदिर समिति के अध्यक्ष समेत तमाम पदाधिकारी भी दादी भजनों पर झूमते नजर आए। कार्यक्रम की समाप्ति के उपरांत दादी भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। दादी भक्तों ने कहा कि राणी सती दादी की असीम कृपा से सिंजरा कार्यक्रम बेहद ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुआ महिलाओं में कार्यक्रम को लेकर अति उत्साह नजर आया। दो महिलाओं ने एक साथ दादी जी को मेहंदी लगाई है।

# अज्ञात बीमारी की चपेट में आने से सैकड़ों लोग बीमार : मुखिया प्रतिनिधि



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड क्षेत्र के बरकट्ठा उत्तरी पंचायत अंतर्गत तेली टोला और डाकडीह में अज्ञात बीमारी आने के कारण सैकड़ो लोग बीमार हैं।इस निमित पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव ने कहा कि मैं और मेरी पत्नी मुखिया प्रमिला देवी इस बीमारी की चपेट में आ गए हैं। बताया कि इस अज्ञात बीमारी के कारण सभी के घर में चार-पांच व्यक्ति बीमार हैं। पिछले तीन-चार दिनों से यह बीमारी आई है। बीमारी का कारणो का पता नहीं चल पा रहा है।कहा स्वास्थ्य विभाग को 2 दिन पूर्व ही इसकी सूचना दिया हूं लेकिन अभी तक विभाग के द्वारा कोई एक्शन नहीं लिया गया है। उन्होंने बताया कि शुरूआत में लोगों का पैर दर्द होता है जिसके बाद घुटना दर्द,माथा दर्द, बदन दर्द और बुखार आ जाता है। वहीं इसकी सूचना स्वास्थ्य विभाग के टीम को मुखिया के द्वारा बुधवार को पुनः दिया गया। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की ओर से जांच टीम गांव में पहुंची और गांव में सर्वे कर जांच किया जा रहा है। वहीं डॉक्टर जसीम ने बताया कि यह संभवतः वायरल बीमारी है।

ताइक्वांडो अकादमी के खिलाड़ियों ने जीता पदक

# खेल में सफलता पाने के लिए मार्गदर्शन जरूरी: हर्ष अजमेरा

*युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए किया सम्मानित*



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
सातवीं राष्ट्रीय कैडेट ताइक्वांडो प्रतियोगिता आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में बीते दिनों भव्य रूप से आयोजित किया गया जिसमें हजारीबाग के नॉकआउट ताइक्वांडो अकादमी के कई खिलाड़ी शामिल हुए। इस प्रतियोगिता में झारखंड टीम से हेड कोच के रूप में हजारीबाग नॉकआउट ताइक्वांडो अकादमी के रोशन कुमार चौहान का चयन किया गया था। वही महिला कोच के रूप में अंकिता कुमारी एवं पुरुष कोच के रूप में रोशन गुप्ता का चयन किया गया था। युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने अपने कार्यालय परिसर सभी खिलाड़ियों को आमंत्रित कर हजारीबाग तथा झारखंड का नाम पूरे देश में रौशन करने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उन्हें सम्मानित किया। इस बीच श्री अजमेरा ने खिलाड़ियों से प्रतियोगिता के विषय में काफी कुछ जाने का प्रयास किया। हजारीबाग के ताइक्वांडो खिलाड़ी उदित किशोर एवं राखी सिन्हा ने कांस्य पदक प्राप्त किया,वहीं अन्य खिलाड़ियों को खिलाड़ियों को अश्विल तिग्गा, हर्षित राज, नाजिश फरहान, सुहाना रानी, पलक रानी,अनिकेत कुमार को प्रतिभागी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सभी खिलाड़ी झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए इस प्रतियोगिता में भाग लिए थे। हजारीबाग के खिलाड़ी को इस मुकाम तक पहुंचाने में हजारीबाग के ताइक्वांडो प्रशिक्षक रौशन कुमार चौहान, रौशन गुप्ता, निरंजन कुमार यादव, अंकिता कुमारी का बहुत बड़ा योगदान है। मौके पर हर्ष अजमेरा ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा की अपने अनुभव साझा किए और खेल की दुनिया से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की।उन्होंने बताया कि ताइक्वांडो जीवन में अनुशासन, समर्पण और आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है,उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक विकास के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

डीपीएस के एनसीसी कैडेट्स ने चलाया नशा मुक्ति अभियान

# छात्रों ने गीत व नुक्कड़ नाटक से दिया नशा मुक्ति का संदेश




**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
डिवाइन पब्लिक स्कूल गंगपाचो में एनसीसी कैडेट्स ने ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान के तहत लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से प्राचार्या स्वाति रंजन एवं शिक्षिका प्रीति प्रभा की अगुवाई में रैली निकाली गई। वहीं निदेशक आईपी भारती ने कहा कि हमारा समाज तभी पूर्ण रूप से सभ्य समाज कहलाएगा जब समाज नशा मुक्त हो। स्वाति रंजन ने कहा कि नशापान ऐसी बुराई है जिससे इंसान का अनमोल जीवन असमय नष्ट हो जाता है। बच्चों ने अभियान मे नुक्कड़ नाटक व गीत प्रस्तुत कर लोगों को नशा मुक्त होने का संदेश दिया।वहीं विद्यालय बैंड ग्रुप ने अपने नशा मुक्ति धुन पर कदम ताल करते हुए अपनी प्रस्तुति दी।कार्यक्रम सफल बनाने में दीक्षा शर्मा, संजय कुमार यादव, रामनन्दन कुमार, सुलेखा देवी, कुलदीप पासवान, राजीव कुमार, पुनम कुमारी,अनिल कुमार समेत अन्य लोग शामिल थे।

### अपनी मांगों को लेकर विस्थापित समिति ने पीवीयूएनएल प्रबंधन को सौंपा ज्ञापन

**पतरातू।** अपने मांगों को लेकर विस्थापित प्रभावित अधिकार समिति के पदाधिकारी और कार्यकताओं ने पीवीयूएनएल प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा। जिसका नेतृत्व विस्थापित प्रभावित अधिकार समिति के अध्यक्ष खुशबू देवी ने की। जिसमें उन्होंने भूख हड़तालियों और उनके सहयोगियों को पीवीयूएनएल के यूपीएल में स्थाई नियुक्ति करने, झारखंड सरकार के नियम 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को नियुक्ति का जो प्रावधान है। उसे लागू करने की मांग की। विस्थापित प्रभावित अधिकार समिति की ओर से पूर्व में पीवीयूएनएल लेबर गेट के निकट भूख हड़ताल किया था। समिति ने प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए कहा है कि प्रबंधन के वादा खिलाफी के चलते विस्थापित प्रभावित अधिकार समिति दो सितंबर को अगला भूख हड़ताल नई दिल्ली जन्तर मन्तर मैदान में किया जाएगा। इसके लिए सरकार की ओर से 100 व्यक्तियों को भूख हड़ताल करने का परमिशन समिति को मिल चुका है। 22 दिसम्बर 2021 को समिति की ओर से 94 लोगों ने भूख हड़ताल किया गया था।

आईसेक्ट विवि के विद्यार्थियों को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण

# अयोध्या के प्रमुख स्थलों की विद्यार्थियों ने ली जानकारी




**हजारीबाग।** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के मानविकी संकाय के विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के तहत उत्तर प्रदेश स्थित धार्मिक व ऐतिहासिक स्थल अयोध्या के विभिन्न प्रमुख स्थलों राम जन्मभूमि, हनुमान गढ़ी, कनक भवन, दशरथ महल, सरयू नदी, राम की पैड़ी, तुलसी स्मारक भवन, गुप्तार घाटी, नागेश्वर नाथ मंदिर, मणि पर्वत, लता मंगेशकर चौक सहित अन्य स्थानों का भ्रमण कराया गया। इससे पूर्व आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ व वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार ने कूद स्थित रेलवे स्टेशन पहुंच कर सभी विद्यार्थियों व प्राध्यापकों को अयोध्या के लिए रवाना किया। कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने बताया कि विश्वविद्यालय के सभी विभागों के विद्यार्थियों को समय-समय पर शैक्षणिक भ्रमण कराया जाता है। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को ऐतिहासिक स्थलों, भौगोलिक एवं सामाजिक स्थितियों समेत कई जानकारियां प्राप्त होती है, जो विद्यार्थी जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। बता दें कि अयोध्या का सबसे प्रसिद्ध स्थल राम जन्मभूमि है। यहां एक भव्य राममंदिर निमार्णाधीन है, जो आकर्षण का केंद्र भी है। वहीं हनुमान गढ़ी अयोध्या की सबसे पुरानी और प्रसिद्ध मंदिरों में एक है, जिसकी नक्काशी की बारीकियों से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया।

### हरीला ग्राम वन समिति के अध्यक्ष पदाधिकारियों को कर रहे हैं गुमराह : परमेश्वर यादव



**बरही ।** बीते दिन हरीला ग्राम वन समिति के अध्यक्ष बद्री यादव डीएफओ को आवेदन देकर हरिला-जरहिया निवासियों के पुश्तैनी जमीन को अतिक्रमित बताकर पदाधिकारियों को गुमराह कर रहे है. जिस जमीन को वन क्षेत्र की जमीन बताकर वन क्षेत्र पदाधिकारी को आवेदन दिया गया है, वह पूरी तरह फर्जी है. आवेदन में बनाए गया हस्ताक्षर भी फर्जी है जिसे या तो वह स्वय किए हैं अथवा लोगो को सच्चाई छिपाकर हस्ताक्षर करवाए है. उक्त बाते हरीला के वरिष्ठ समाजसेवी परमेश्वर यादव ने कही. मौके पर हरीला ग्राम के ब्रह्मदेव यादव, छट्ठू यादव, प्रभु यादव, रामचंद्र यादव, किशोर यादव, नंद किशोर यादव, रवि यादव, राजेश यादव, सोहेब यादव आदि मौजूद थे. इनलोगो ने बताया कि मीडिया को भी अंधेरे में रखकर समाचार प्रकाशन करवाने का काम किया गया है, जो एक गैर जिम्मेदाराना हरकत है. इन सबों ने बताया कि जिस जमीन को अतिक्रमित बताया जा रहा है वह उनलोगों की बाप दादा की संपति है. जिस पर वर्षो से जोत आबाद होता आ रहा है. जिसके सभी कागजात उन लोगों के पास उपलब्ध है. इन लोगों ने वन विभाग के अधिकारियों से वास्तविकता से अवगत होने का आग्रह किया है. साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों को गुमराह करने को लेकर उचित कार्रवाई करने की मांग किया है. हरीला भुइयां टोला के ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि वन विभाग बिना जमीन को चिंहित किए उनके पुश्तैनी रैती जमीन खेती करने से रोक लगा रहा है. जिससे उनके बिचड़े बर्बाद हो रहे है और खेती का समय निकलता जा रहा है. जिससे वे सभी आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान हैं. ग ग्रामीणों ने वरीय अधिकारी से उचित कारवाई की मांग किया है.

मुखिया ललीता देवी ने सूर्यकुंड परिसर में आरसीसी के 10 बेंच लगाये

# सूर्यकुंड का सुन्दरीकरण हमारी प्राथमिकता में शामिल : मुखिया



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
ऐतिहासिक धार्मिक पर्यटन स्थल सूर्यकुंड परिसर में बेलकप्पी मुखिया ललिता देवी ने आरसीसी का 10 बेंच लगाया। इस हेतु 15वीं वित से करीब 1लाख 49 हजार की राशि की लागत से पंचायत के विभिन्न स्थानों में बेंच लगाया जा रहा है। इस दौरान मुखिया ललिता देवी ने कहा कि सूर्यकुण्ड परिसर में प्रत्येक वर्ष मकरसंक्रांति के अवसर 14 से 30 जनवरी तक मेला का आयोजन किया जाता है।इसलिए आने वाले सैलानियों को बैठने की समुचित व्यवस्था करने का प्रयास कर रही हूं।कहा सूर्यकुंड परिसर का सुंदरीकरण हमारी प्राथमिकता में शामिल है। मौके पर झारखंड आंदोलनकारी धीरेंद्र पाण्डेय ,ज्ञानदीप पांडेय,रवि गोस्वामी, छोटी राम,बिरजू साव,अमर पांडेय, राजू मंडल समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### चितरपुर प्रखंड युवा आजसू का प्रखंड संयोजक मंडली गठित

**रजरप्पा।** आजसू पार्टी की चितरपुर प्रखंड की युवा मोर्चा की बैठक विधायक सुनीता चौधरी के आवासीय कार्यालय में हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि युवा नेता पीयूष चौधरी, विशिष्ट अतिथि युवा मोर्चा के जिला सह प्रभारी अरविंद महतो, जिला सह प्रभारी अनुराग भारद्वाज, दुलमी प्रखंड अध्यक्ष पंकज महतो, जिला उपाध्यक्ष दिलीप महतो, हर्ष चौधरी उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता रामगढ़ सह प्रभारी सह चितरपुर प्रखंड प्रभारी सुबीन तिवारी व संचालन सह प्रभारी उमेश कुमार ने किया। पीयूष चौधरी ने कहा कि युवा असीम संभावना और ऊर्जा से लबरेज होते हैं। युवाओं को सही दिशा देने से युवा सशक्त और सबल समाज के वाहक होते हैं।

मुन्ना सिंह ने किया हजारीबाग के विभिन्न पंचायतों का दौरा

# कैंसर व दुर्घटना पीड़ितों से की मुलाकात दिया हर संभव मदद का आश्वासन




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने दारू प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में लगे मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के पंजीकरण शिविरों का दौरा कर वहां उपस्थित लोगों से मुलाकात की और स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान लोगों ने उन्हें कई प्रकार की समस्याओं से अवगत कराया, जिनके समाधान का उन्होंने आश्वासन दिया। मुन्ना सिंह ने दारू प्रखंड के जिनगा पंचायत, रामदेव खरिका पंचायत, हरली पंचायत, दारू पंचायत और इरगा पंचायत जैसे क्षेत्रों में पहुंचे। इसके अतिरिक्त उन्होंने सदर प्रखंड के हुटपाइ पंचायत और मेरु पंचायत का भी दौरा किया।जायजा लेने के बाद मुन्ना सिंह ने दारू प्रखंड के बख़्शी डीह निवासी, कैंसर पीड़ित सरोज ठाकुर (पिता नंदू ठाकुर) से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और उनके इलाज के लिए हर संभव सहयोग का भरोसा दिया।

### पलामू के मजदूर की रामगढ़ जारा टोला तालाब में डूबने से हुई मौत



**रामगढ़।** रामगढ़ जारा टोला तालाब में डूब जाने से पलामू के एक मजदूर की मौत हो गई। घटना की जानकती के बाद बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पहुंचे । इसके बाद मृतक मजदूर के शव को काफी प्रयास के बाद तालाब से बाहर निकाला गया। स्थानीय लोगों ने बताया कई मजदूर के डूबने की जानकारी के बाद वे लोग यहां पहुंचे। जिसके बाद कुछ लोग तालाब के अंदर गए और मृतक की खोजबीन शुरू की। लगभग 3 घंटा के प्रयास के बाद मृतक के शव को बाहर निकाला गया। मृतक की पहचान पलामू निवासी शिव कुमार के रूप में हुई है। मृतक मजदूर के साथी सुधीर भुईयां के मुताबिक वे लोग ये नही जानते हैं की शिव कुमार तालाब में कब और कैसे पहुंचा। जब उन्हें जानकारी मिली तो वे तालाब पहुंचे और काफी प्रयास के बाद मृतक के शव को तालाब से बाहर निकाला। बताया गया की ये मजदूर पलामू के हैं जो एक ठेकेदार के अंदर में काम करते हैं। घटना कई जानकारी के बाद पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## एक नजर

### आरएनवाईएम महाविद्यालय में फाइलेरिया जागरूकता कार्यक्रम, निकाली गई रैली

**बरही ।** एनएसएस के बैनर तले रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय में फाइलेरिया जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमे बतौर मुख्यातिथि प्राचार्य डॉ बिमल किशोर मौजूद रहे. अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि फाइलेरिया एक लाईलाज बीमारी है. जिसके बचाव के लिए दवा सेवन ही एकमात्र ईलाज है. पूरे भारत में सात राज्य फाइलेरिया रिश्क जोन में आते हैं, जिसमें झारखंड राज्य भी एक है. एनएसएस समन्वयक डॉ अरुणा रानी ने कहा कि 10 अगस्त से 25 अगस्त तक फाइलेरिया की दवा का मुफ्त वितरण किया जाएगा. जिसका एक साल में मात्र एक ही खुराक लेना है. इसका कोई साईड ईफेक्ट नहीं है. इस अवसर पर एनएसएस महाविद्यालय की ओर से एक रैली भी निकाली गई. जिसमे काफी संख्या में छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया.

### सिमडेगा उपायुक्त अजय कुमार ने किया क्षेत्र भ्रमण

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु ने बांसजोर प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत उरते, बांसजोर, तरगा एवं ठेठईटांगर प्रखंड के केरेया पंचायत भवन का निरीक्षण किया।इस दौरान उपायुक्त ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से संबंधित कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने योजना के तहत लाभ लेने के लिए पहुंची महिलाओं से मुलाकात की, उन्होंने सभी महिलाओं से कहा कि जिले कि कई पंचायत में नेटवर्क की अच्छी व्यवस्था न होने से फार्म का डिजिटाइजेशन करने विलंब हो रहा है। सभी महिलाएं से उपायुक्त महोदय ने कहा कि आज आप सभी आवेदन भर के जमा कर दें। और अपना रेसिबिंग कॉपी प्राप्त कर लें, आप सभी को दोबारा पंचायत आने की जरूरत नहीं है इस माह के 15 तारिख तक सभी को योजना से आच्छादित किया जाएगा तथा उपायुक्त महोदय ने कहा कि धान रोकने के कारण जो महिलाएं नहीं आ पा रही हैं।

### कांवर पद यात्रा के ले झारनाकुंड से ध्वजाधारी धाम तक एसडीओ ने किया निरीक्षण

**झुमरी।** झुमरी तिलैया श्रीराम संकीर्तन मंडल के द्वारा आगामी 12 अगस्त को झारनाकुंड से ध्वजाधारी धाम (कोडरमा) तक निकलने वाली कांवर पद यात्रा को ले कार्यक्रम के मार्ग व स्थल का जायजा एसडीओ रिया सिंह ने लिया। इस दौरान झारनाकुंड विकास समिति के द्वारा मंदिर परिसर और जल स्थल के निकट सीसीटीवी कैमरा लगाने व मंदिर के प्रवेश व निकासी द्वारा के संबंध में जानकारी ली। इसके बाद इंदरवा मध्य विद्यालय के समीप से निकलने वाली कांवर पद यात्रा झांकी के बारे में श्री राम संकीर्तन मंडल के पदाधिकारियो से जानकारी प्राप्त की। इसके बाद बाईपास रोड स्थित इंदरवा चौक गायत्री मंदिर की ओर और जायका की ओर जाने वाले मार्ग को उसी दिन सुबह में बेरीकेटिंग करने का निर्देश झुमरी तिलैया नगर परिषद को दिया।

---

फाइलेरिया से बचाव के लिए 10 अगस्त से 25 अगस्त तक चलेगा विशेष अभियान

# सभी अभिभावक बच्चों को दवा अवश्य खिलाएं इसका नहीं है कोई साइड इफेक्ट




**नवीन मेल संवाददाता। बरही।** अनुमंडलीय अस्पताल में फाइलेरिया से बचाव के लिए प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने पत्रकारों को बताया कि फाइलेरिया से बचाव के लिए साल में एक बार दवा खिलाई जाती है जिसके तहत 10 अगस्त से 25 अगस्त तक बरही एवं पदमा प्रखंड में अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 10 अगस्त को कुल 146 बूथों पर दवा खिलाया जायेगा। 12 एवं 13 अगस्त को स्कूलों में तथा 25 अगस्त तक डोर टू डोर अभियान चलाकर दवा खिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि बरही एवं पदमा 2 लाख 80 हजार दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। बताया कि फाइलेरिया (हाथी पांव) बीमारी संक्रमित मच्छर के काटने से किसी भी आयु वर्ग में हो सकती है। यह संक्रमण लिम्फैटिक सिस्टम को नुकसान पहुंचाता है। अगर इससे बचाव न किया जाए तो इससे शारीरिक अंगों में असामान्य सूजन होती है। इससे ग्रसित लोगों को अक्सर सामाजिक बोझ सहना पड़ता है। उनकी आजीविका व काम करने की क्षमता भी प्रभावित होती है। बचाव के लिए तीन प्रकार की दवाई दी जाती है। फाइलेरिया रोधी दवाईयों की निर्धारित खुराक से इससे बचाव किया जा सकता है। डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि फाइलेरिया रोधी दवाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। सामान्य लोगों को इन दवाओं के खाने से किसी भी प्रकार के दुष्प्रभाव नहीं होते हैं। अगर किसी को दवा खाने के बाद उल्टी, चक्कर, खुजली या जी मिचलाने जैसे लक्षण होते हैं तो यह इस बात का प्रतीक है कि उस व्यक्ति के शरीर में फाइलेरिया के परजीवी मौजूद हैं जोकि दवा खाने के बाद परजीवियों के मरने के कारण उत्पन्न होते हैं। लोगों को तीन दवाओं डीईसी, एल्बेन्डाजोल और आईवरमेक्टिन दवा 10 अगस्त से खिलायी जाएगी।

---

अंजान शाह पीर बाबा के मजार का जल्द होगा जीर्णोद्धार

## विधायक प्रतिनिधि ने मजार का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा** कोलेबिरा थाना में स्थित सूफी संत अंजान शाह पीर बाबा के मजार का जीर्णोद्धार किया जाएगा। जिसको लेकर बुधवार को कोलेबिरा विधायक के निर्देश पर विधायक प्रतिनिधि समी आलम ने मजार पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया। जानकारी देते हुए विधायक प्रतिनिधि ने बताया कि लोगों से यह शिकायत मिली थी कि मजार के छत से पानी रिस रहा है, जिसपर संज्ञान लेते हुए विधायक ने अपने प्रतिनिधियों को मजार का निरीक्षण करने के लिए भेजा। इस मामले में विधायक ने उपायुक्त तथा कोलेबिरा प्रखंड विकास पदाधिकारी से भी जानकारी लिया है। जिसपर उपायुक्त के द्वारा बताया गया इस मजार के जीर्णोद्धार के लिए डीपीआर पूर्व में ही बनकर तैयार है। विधायक पूर्व से ही इस पर्यटन स्थल का जीर्णोद्धार के लिए प्रयासरत रहे हैं। अंजुमन कमेटी के लिखित सहमति अभी तक नहीं आने के कारण कार्य शुरू नहीं किया गया है। अंजुमन के लिखित सहमति के बाद ही जीर्णोद्धार का कार्य किया जाएगा। प्रतिनिधियों ने कमेटी के लोगों से कहा सहमति बनाकर लिखित सहमति पत्र दें तब जाकर जीर्णोद्धार का कार्य जल्द होगा।प्रतिनिधि मंडल में कोलेबिरा प्रखंड अध्यक्ष प्रखंड प्रतिनिधि सुलभ नेल्सन डुंगडुंग, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष सह प्रखंड प्रतिनिधि श्यामलाल प्रसाद, मोहम्मद अंजर आलम तथा मजार के मुजावर बारीक हसन उपस्थित रहे।

---

## न्यूज बॉक्स

### जिप सदस्य ने स्कूली बच्चों के बीच फलदार पौधों का किया वितरण




**बानो।** जिला परिषद बिरजो कंडुलना ने बुधवार को रा०मध्य० विद्यालय बानो के विद्यालय परिवारों के बीच फलदार पेड़ो के पौधों का वितरण किया। मौके पर जिला परिषद बिरजो कंडुलना का स्कूल परिवार द्वारा स्वागत गीत ,गुलदस्ता देकर स्वागत किया।मौके पर बिरजो कंडुलना ने कहा कि आज पूरा भूमण्डल पेड़ों के अभाव में गर्म होता जा रहा है। आज वातावरण में रोज परिवर्तन होता रहता है। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई व बढ़ता शहरीकरण के कारण वातावरण बिगड़ता जा रहा है। उन्होंने बच्चों से कहा कि सभी एक एक पेड़ जरूर लगाएं । उकौली मुखिया कृपा हेमरोम ने कहा वातावरण में सुधार लाने का मात्र एक उपाय है पेड़ लगाना ।एक पेड़ एक पुत्र के समान होता है।मौके पर प्रधानाध्यापक स्मिथ कुमार सोनी , नवीन कुमार, अरुणा कुमारी, साहीना फरहीन ,सरमीन नाज आदि लोग उपस्थित थे।

### मंईयां सम्मान योजना शिविर का किया निरीक्षण



**कुरडेग।** अनुमण्डल पदाधिकारी सुमन्त तिर्की ने कुरडेग प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों में मंईया सम्मान योजना शिविर का निरिक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। एसडीएम ने निरिक्षण के क्रम में कुरडेग पंचायत के शिविर में जा कर सभी सीएससी संचालकों के समस्याओं को सुना और निदान करने की बात कही। उन्होंने कहा की मंइया सम्मान योजना ओन लाईन नहीं होने पर ऑफ लाईन आवेदन लेने का निर्देश दिये। साथ ही लाभूक आवेदिकाओं को जानकारी देते हुए कहा कि आवेदन फार्म निःशुल्क है।फार्म जमा करने में किसी भी प्रकार का कोई शुल्क अदा नही करना है।उन्होंने प्रखण्ड के कुटमा कच्छार डुमरडीह, चाडरीमुण्डा, गडियाजोर, बडकीबिऊरा, खिण्डा पंचायतों में लगे शिविर का निरिक्षण किया।

---

उपायुक्त की अध्यक्षता में सभी बीडीओ के साथ हुई ऑनलाइन बैठक

# मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के कार्यों में तेजी लाने का दिया निर्देश

*तकनीकी समस्याओं को ससमय दूर करने का निर्देश दिया, जिस पंचायत शिविर में विद्युत कनेक्शन एवं नेटवर्क की व्यवस्था नहीं है*



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी संग वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से संबंधित संचालित जिला के सभी प्रखंडो/पंचायतों/ शहरी क्षेत्र के सभी वार्डों में शिविर का आयोजन करते हुए आवेदन प्राप्त किया जा रहा। जिसका उपायुक्त द्वारा जायजा लिया गया। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि आवेदन की प्राप्ति एवं उसका डिजिटाइजेशन अधिक से अधिक करें। उन्होंने आ रही है तकनीकी समस्याओं को ससमय दूर करने का निर्देश दिया, जिस पंचायत शिविर में विद्युत कनेक्शन एवं नेटवर्क की व्यवस्था नहीं है वहां पर यथाशीघ्र जनरेटर एवं नेटवर्क हेतु भारत नेट का सुविधा बहाल करने का निर्देश दिया गया। साथ ही उपायुक्त ने जिस पंचायत में तकनीकी समस्याओं के कारण पोर्टल पर ऑनलाइन एंट्री करने में परेशानी हो रही है। वहां सभी महिलाओं से आवेदन प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रति दिन अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त करने का निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरज मुन्नी कुमारी, जिला समाजिक सुरक्षा पदाधिकारी सुक्रमणी लिंडा, ईडीएम चन्द्रशेखर कुमार एवं अन्य उपस्थित थे।

---

सिमडेगा उपायुक्त ने किया क्षेत्र भ्रमण

## शेफाली गुप्ता कटकमदाग व कटकमसांडी में तीसरे दिन के मुकाबला में हुई शामिल



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** 'खेलो विधानसभा' फुटबॉल टुनार्मेंट कटकमदाग एवं कटकमसांडी प्रखण्ड में दिन बुधवार को तीसरा दिन का खेल मुकाबला में भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता शामिल हुई। कटकमदाग एवं कटकमसांडी प्रखण्ड के गणमान्य लोगों ने उनका स्वागत व अभिनंदन किया। इस दौरान खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर तीसरा दिन का खेल मुकाबला का शुभारम्भ किया। इस दौरान खिलाडियों का हौसला बढाया तथा उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कटकमसांडी प्रखण्ड में तीसरा दिन का पहला मुकाबला आराभुषाई बनाम लुपूंग के बीच मुकाबला खेला गया। जिसमें आराभुषाई की टीम विजयी हुई। दुसरा मुकाबला खुटरा बनाम डांढ के बीच मुकाबला खेला गया। जिसमें खुटरा की टीम विजयी हुई। तीसरा मुकाबला शाहपुर बनाम गदोखर के बीच मुकाबला खेला गया। जिसमें शाहपुर की टीम विजयी हुई। कटकमदाग प्रखण्ड में तीसरा दिन का पहला मुकाबला कुसुंभा बनाम बन्हा के बीच मुकाबला खेला गया। जिसमें बन्हा की टीम विजयी हुई। दुसरा मुकाबला नवादा बनाम ढेंगुरा के बीच मुकाबला खेला गया। जिसमें नवादा की टीम विजयी हुई। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने कहा कि पढ़ाई के साथ- साथ खेलकूद भी बहुत जरूरी है। इस तरह के टूर्नामेंट से युवाओं को अपने प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलता है। यह टुनार्मेंट का मुख्य उद्देश्य है कि ग्रामीण प्रतिभा को उजागर कर प्रदेश तथा राष्ट्रीय स्तर पर खिलाडियों को पहुंचाना है। ताकि ग्रामीण फुटबॉल खिलाड़ियों का भी हौसला बढे।

---

### पूर्व थाना प्रभारी विकास महतो ने चौकीदार पद के अभ्यर्थियों को दिया मार्गदर्शन



**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड मुख्यालय स्थित थाना परिसर में चौकीदार पद के अभ्यर्थियों को बोलबा थाना थाना प्रभारी सोनू पाठक एवं विकास कुमार महतो ने अपना मार्गदर्शन दिया।इस मौके पर विकास कुमार महतो ने चौकीदार बहाली के संबंध में आयोजित होने वाले लिखित परीक्षा एवं शारीरिक परीक्षा के बारे विस्तृत जानकारी दिया। उन्होंने परीक्षा में आने वाले संभावित प्रश्नों के बारे में भी जानकारी दिया।अंत में उन्होंने सभी अभ्यर्थियों को परीक्षा की शुभकामनाएं दिया है।इस मौके पर थाना प्रभारी सोनू पाठक, विकास कुमार महतो, कालो खलखो, नारायण साहू, ममता कुमारी राजू प्रसाद, बिपिक बाः , निखिल कुमार, शेखर जायसवाल एवं अन्य लोग मौजूद थे।

---

रोमांचक मुकाबले में सलंगाबहार की टीम पहुंची क्वार्टर फाइनल में

## यदुवंशी फुटबॉल क्लब को 3-2 से किया पराजित



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** 25वां वीर शहीद अंतरराज्यीय थॉमस सोरेंग फुटबॉल टूर्नामेंट में बुधवार का खेल यदुवंशी फुटबॉल क्लब सिमडेगा बनाम सलंगाबहार ओडिसा की टीम के बीच खेला गया। जिसमें सलंगाबहार ओडिसा की टीम ने तीन गोल कर यदुवंसी फुटबॉल क्लब को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।आज का क्वार्टर फाइनल मैच सलंगाबहार फुटबॉल क्लब ओडिसा बनाम जय दुर्गा क्लब सुंदरगढ़ ओडिसा के बीच दोपहर 3: 45 बजे होगा।बुधवार को खेल के मुख्य अतिथि श्यामसुंदर मिश्रा ऊजार्वान मिलनसार शिक्षक , विशिष्ट अतिथि शांतिबाला केरकेट्टा जिला परिषद सदस्य सिमडेगा ,पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष पुष्पा कुल्लू रहे।इन सभी अतिथियों को खेल सचिव मोनू बड़ाईक के द्वारा फूल बुके देकर स्वागत किया गया। स्वागत के पश्चात महामंत्री रामजी यादव, खेल प्रभारी जय गुप्ता, मोख्तार खलीफा, अहमद अली, सलाहकार इसीदोर केरकेट्टा, वारिश राजा के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय कराया गया।इस खेल को सफल बनाने में कमिटी के सदस्य आयोजक अध्यक्ष राजेश कु. सिंह, सचिव अमित डुंगडुंग,सहित कई लोगों का अहम योगदान रहा। मैच में रेफरी राजकुमार पाणिग्रही उड़ीसा, मोहन हांसदा और राकेश किस्कु जमशेदपुर के द्वारा किया गया। वहीं खेल के दौरान सदर अस्पताल सिमडेगा से मेडिकल टीम में सुनैना केरकेट्टा,सीमा कुमारी , जॉन टेटे का विशेष योगदान रहा।

---

पवनपुत्रा में हुए फर्नेश ब्लास्ट को लेकर बरही विधायक ने की प्रेसवार्ता, कहा

# दोषियों पर आपराधिक मामले में प्राथमिकी दर्ज कर हो कार्रवाई



*सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करते हुए सभी कंपनी संचालित की जा रही है*

*सभी कंपनी दूसरे प्रदेश के लोगों को रोजगार देने का काम कर रही है जो स्थानीय लोगों को देने का प्रावधान है*

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला ने बरही चौक पर राजेन्द्र मधेशिया होटल के पास प्रेसवार्ता आयोजित किया। पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए बरही विधायक श्री अकेला ने बीतें दिनों कोनरा रियाडा प्रक्षेत्र अंतर्गत पवनपुत्रा में हुए फर्नेश ब्लास्ट की निष्पक्षता से जांच की मांग की। विधायक श्री अकेला ने कहा कि सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करते हुए सभी कंपनी संचालित की जा रही है। विधायक श्री अकेला ने कंपनी पर आरोप लगाते हुए कहा कि दोषियों पर आपराधिक मामला के तहत प्राथमिकी दर्ज किया जाना चाहिए। साथ ही कहा कि राज्य सरकार ने नियम लाया है कि स्थानीयता को प्राथमिकता देते हुए 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को रखने का प्रावधान है लेकिन सभी कंपनी दूसरे प्रदेश के लोगों को रोजगार देने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि उपायुक्त समेत मंत्री से मिलकर इसकी शिकायत दर्ज कराऊंगा। उन्होंने पुलिस प्रशासन से कहा कि जल्द ही दोषियों पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेजा जाए अन्यथा जल्द ही आंदोलन का रूप रेखा तय किया जाएगा।

---

### मदर टेरेसा नर्सिंग कॉलेज में मनाया गया स्तनपान दिवस



**बानो।** बुधवार को मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग बानो में स्तनपान दिवस मनाया गया। ए.एन.एम द्वितीय वर्ष की छात्राओं द्वारा स्कीट के माध्यम से स्तनपान से होने वाले फायदे के बारे में बताया गया। मौके पर निदेशक डॉ प्रहलाद मिश्रा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि 1992 से अगस्त के पहले सप्ताह से विश्व स्तनपान दिवस मनाया जाता है। स्तनपान से शिशु और माँ दोनों को स्वास्थ्य लाभ होता है। स्तन का दूध शिशु को आदर्श पोषण प्रदान करता है और वृद्धि और विकास में सहायता करता है। स्तनपान कराने से ब्रेस्ट कैंसर, ओवरी कैंसर,मोटापा के साथ मधुमेह का खतरा कम होता है और शिशु का एक मजबूत प्रतिरक्षा प्रणाली विकसित करने और उन्हें बीमारियों से बचाने में मदद करता है। कार्यक्रम में सचिव निभा मिश्रा, जी एन एम की प्राचार्या एरेन तोपनो, ए एन एम की प्राचार्या प्रभा सूरीन, ट्यूटर अल्बिना तोपनो, तनु कुमारी साहू, लीला कुमारी, अमृता जोजो, निभा खलखो,मटिलदा तिर्की एवं सभी छात्राएं मौजूद थी।

---

14 अगस्त भारत के लिए एक काला दिन है : बबन गुप्ता

# मन की बात कार्यक्रम को बूथ तक ले जाना है : शशि भूषण




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** बुधवार संध्या भाजपा जिला कार्यालय हथमारा में जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता की अध्यक्षता में एवं जिला के उपाध्यक्ष और कार्यक्रम जिला संयोजक राजू चतुर्वेदी के संचालन में बैठक आयोजित की गई। जिसमें आगामी 'हर घर तिरंगा' अभियान कार्यक्रम के निमित्त सभी उपस्थित सदस्यों को महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक में भाजपा प्रदेश टोली के सदस्य बबन गुप्ता, लोकसभा व जिला प्रभारी शशिभूषण भगत, वरिष्ठ नेता रंजीत कुमार सिन्हा मुख्य रुप से उपस्थित रहे। बैठक के पूर्व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पण्डित दीनदयाल उपाध्याय एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई के चित्र पर पुष्प अर्पित कर मंचासिन अतिथियों द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। वन्देमातरम गीत के उपरान्त मंचासीन अतिथियों को अंगवस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर स्वागत और अभिनंदन किया गया। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रदेश टोली के सदस्य बबन गुप्ता ने आगामी कार्यक्रम को विस्तार से बताया । बताया की 9 से 10 अगस्त तक मण्डल बैठक, 11 से 13 अगस्त तक विधान सभा स्तरीय हर घर तिरंगा यात्रा, युद्ध स्मारक और स्वतंत्रता के नायक के मूर्ति के आसपास स्वच्छता अभियान के तहत साफ सफाई, वहीं, 14 अगस्त 1947 को भारत विभाजन विभीषिका के दिन मौन जुलूस को लेकर दिशा निर्देश दिया गया।

---

# जसलोक पॉली क्लीनिक में निःशुल्क बंध्याकरण का होगा ऑपरेशन : डा. धीरज



**नवीन मेल संवाददाता। चौपारण** प्रखंड के ब्लॉक मोड स्तिथ जसलोक पॉली क्लीनिक में सप्ताह के हरेक शुक्रवार को बंध्याकरण का निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा इस सम्बन्ध में संचालक विशाल सिन्हा ने बताया की मेरे पिता स्व सुरेश प्रसाद सिन्हा का पूरा जीवन समाज की सेवा में गुजरा उनकी तमन्ना थी की रंजीता स्टूडियो परिसर में सभी का काम हो चाहे उनके पास पैसा हो या ना ना हो इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए विशाल सिन्हा ने अपना एक निजी दवा दुकान खोला लेकिन उसके सपनों को तब पंख मिला जब इस सपने को सीध करने में डा धीरज कुमार का सहयोग उनको मिला यह सुविधा अभी सिर्फ बरही विधानसभा के वासियों के लिये है इसके लिये आपको सिर्फ अपना आधार कार्ड अपने साथ लाने की जरूरत है इसके लिये आप 9431342333 ,7004825056 पर संपर्क कर सकते हैं।

---

# आदिवासी सीटों के रास्ते झारखंड पर कब्जा करना चाहती है भाजपा : कोंगाड़ी



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा** प्रखंड के तितलिंग में जीईएल मध्य विद्यालय में विधायक मद से बने नवनिर्मित चहारदीवारी का उदघाटन समारोह आयोजित हुआ।जिसमें मुख्य अतिथि कोलेबिरा उपस्थित हुए एवं उनके कर कमलों द्वारा चहारदीवारी का उदघाटन हुआ।सर्वप्रथम विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों और विद्यालय के शिक्षको के द्वारा विधायक और अतिथियों का स्वागत किया गया।तत्पश्चात विनती प्रार्थना कर विधायक ने शिलापट्ट का अनावरण किया।विद्यालय प्रबंधन समिति ने विधायक कोंगाड़ी को धन्यवाद देते हुए कहा कि विधायक ने हमारी समस्याओं को सुनते ही अविलंब हमारी मांगों को पुरा किया, हम इसके लिए हृदय से आभारी हैं।उदघाटन समारोह के बाद जलडेगा के तितलिंग गांव में ही एक सभा का आयोजन किया गया जिसमें कोलेबिरा उपस्थित लोगों को संबोधित किया और कहा कि झारखंड की सत्ता तक पहुंचने के लिए किसी भी राजनीतिक पार्टी के लिए आदिवासी आरक्षित सीटों के रास्ते से ही पहुंचा जा सकता है, इसको भाजपा समझने लगी है।यही कारण है कि भाजपा आदिवासी सीटों को कब्जा करने के लिए आदिवासी सीटों को कमजोर करने के नियत से कइ प्रकार के षड्यंत्रों को अंजाम देने का काम कर रही है।

### अनिल यादव हत्याकांड का हुआ खुलासा, पड़ोसी ही निकला हत्यारा

# एसपी व एसआईटी ने चंद घंटे में मुख्य आरोपी को किया गिरफ्तार




एसपी द्वारा गठित एसआईटी ने चंद घंटे में मुख्य आरोपी को किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह में हुए तिसरी निवासी अनिल यादव हत्याकांड के मुख्य आरोपी 56 वर्षीय बैजू रविदास को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी बैजू रविदास सरिया अंचल कार्यालय में बड़ा बाबू के पद पर कार्यरत है। वह गिरिडीह के अलकापुरी - कृष्णानगर में रहने वाले अनिल यादव का पड़ोसी ही है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त खून लगा भुजाली,शव को ठिकाने लगाने वाली स्विफ्ट कार और दो मोबाईल फोन जब्त किया है। मामले की तह में पैसे की लेन देन को लेकर हुआ विवाद बताया जा रहा है। बताया जाता है कि इसी को लेकर मंगलवार को बैजू रविदास ने अनिल यादव को अपने घर बुलाया था। जहाँ दोनों के बीच झड़प हुई जिसके बाद भुजाली से वार कर अनिल यादव की नृशंस हत्या कर दी गई। वहीं शव को प्लास्टिक में बांधकर कार से जिले के पीरटांड थाना अंतर्गत पालगंज - खुखरा मोड़ के पास सड़क किनारे झाड़ियों में फेंक दिया गया था। बताया जाता है कि आरोपी बैजू रविदास मूल रूप से खुखरा के बरियारपुर का ही रहने वाला है।

शव की शिनाख्त के बाद एसपी दीपक कुमार शर्मा के निर्देश पर पीरटांड थाना में कांड संख्या 18/24 दर्ज किया गया। साथ ही एसपी ने एसआईटी गठित कर मामले का उद्भेदन करने का निर्देश दिया था। वहीं घटना से आक्रोशित लोगों ने अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर गिरिडीह के टावर चौक पर सड़क जाम कर दिया था। हालांकि पुलिस ने मानव व तकनीकी अनुसंधान द्वारा घटना के चंद घंटे बाद ही हत्याकांड के मुख्य आरोपी 56 वर्षीय बैजू रविदास को गिरफ्तार कर लिया। इसको लेकर गिरिडीह पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि अनिल यादव और उसके पड़ोसी बैजू रविदास के बीच करीब 5 लाख रुपयों के लेन देन का पुराना विवाद चल रहा था। इसी को लेकर बैजू रविदास ने अपने अलकापुरी स्थित घर पर ही मंगलवार की दोपहर करीब 11- 12 बजे धारदार भुजाली से वार कर अनिल यादव की हत्या कर दी। वहीं साक्ष्य छुपाने की नीयत से मृतक के शव को अपनी स्विफ्ट गाड़ी में डालकर सुनसान जंगल में फेंक दिया। बताया गया कि साक्ष्य संकलन के लिए रांची से एफएसएल की टीम बुधवार की शाम गिरिडीह पहुंचेगी।

#### घटना से लोग गमगीन, हत्यारे को फांसी की सजा दिलवाने की मांग

वहीं पोस्टमार्टम के बाद बुधवार को अनिल का शव उसके पैतृक गांव तिसरी के पिपराटांड लाया गया। जहाँ पूर्व विधायक राजकुमार यादव, जिप सदस्य रामकुमार राउत, किशुन यादव समेत भारी संख्या में लोग जुटे थे। वहीं परिजनों के चीख - पुकार से माहौल गमगीन हो गया, जिसके बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया। अनिल यादव की की नृशंस हत्या से तिसरी - गिरिडीह समेत अन्य जगह के लोग भी ग़मजदा हैं। लोग हत्यारे को फांसी की सजा दिलवाने की मांग कर रहे हैं।



## बीसीसीएल के वर्कशॉप की चहारदीवारी गिरी, लड़का घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** बीसीसीएल की वेस्ट मोदीडीह कोलियरी के वर्कशॉप की चहारदीवारी बुधवार को अचानक गिर गई. इसकी चपेट आकर में बगल के आवास में खेल रहा एक लड़का घायल हो गया. घायल लड़का साजन कुमार भुइयां (12 वर्ष) स्थानीय निवासी सुरेश भुइयां का नाती है. उसके सिर में गहरी चोट लगी है. उसे इलाज के लिए कतरास के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है. मलबे में दबकर उक्त घर की एक बाइक, टीवी समेत घर के अन्य सामान क्षतिग्रस्त हो गए.खबर पाकर कोलियरी प्रबंधन की टीम मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल के बाद जख्मी बच्चे के इलाज के लिए सहायता राशि देने का आश्वासन दिया. उक्त परिवार को सुरक्षित स्थान पर आवास उपलब्ध कराने की भी बात कही. बताया गया कि साजन भुइयां सिनीडीह का रहने वाला है. वह 10 दिन पहले अपने ननिहाल वेस्ट मोदीडीह आया था. वह घर के अंदर ही खेल रहा था, तभी अचानक तेज आवाज के साथ वर्कशॉप की चहारदीवारी गिर गई।

## कलश शोभायात्रा के साथ गोमो में श्रीमद्भागवत कथा शुरू

**गोमो।** गोमो के बजरंग चौक खेसमी में आठ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर बुधवार को भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई. कलश यात्रा सुबह 10 बजे यज्ञ स्थल बजरंग चौक से गाजे-बाजे साथ निकली. इसमें 1001 महिलाएं व कन्याएं माथे पर कलश लेकर चल रही थीं. बच्चे व पुरुष श्रद्धालु भी शामिल थे. सबसे आगे देवताओं के रूप धरे श्रद्धालु चल रहे थे. कलाकारों की टीम भी भजन गाते चल रही थी. जय श्रीराम, हर-हर महादेव के नारों से वातावरण गूंजित रहा. कलश यात्रा रेलवे ओवरब्रिज, लोको बाजार, स्टेशन चौक पुराना बाजार, जीतपुर होते हुए लगभग 6 किलोमीटर दूरी तय कर जमुनिया नदी घाट पहुंची, जहां पंडित महेश आचार्य व पंडित गंगाधर शास्त्री की अगुवाई में पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच सभी कलश में जल भरा गया।

## न्यूज बॉक्स

### गो तस्करी रोकने के लिए टास्क फोर्स का गठन



**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा थाना परिसर में उच्च अधिकारी के आदेश अनुसार राज्य सीमा क्षेत्र में गोवंश पशु की संरक्षण तथा गो तस्करी रोकने के लिए एसडीपीओ अजीत कुमार कुजूर ने टास्क फोर्स का गठन किया। साथ ही उन्होंने सीमा क्षेत्र के सभी थाना प्रभारी को गो तस्करी रोकने के साथ-साथ अपराध नियंत्रण के लिए कई सारे दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने बताया कि टीम का दायित्व होगा कि एक सप्ताह के अंदर की गई कार्रवाई को ग्रामीण पुलिस अधीक्षक को अवगत कराएं। इस मौके पर पुलिस उपाध्यक्ष मुसाबनी के संदीप भगत, पुलिस निरीक्षक मधुसूदन दे, पुलिस अवर निरीक्षक पवन कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक धनंजय कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक विकास कुमार शर्मा, पुलिस अवर निरीक्षक चंदन कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक दीपक कुमार ठाकुर आदि उपस्थित थे।

### कर्मचारियों की हड़ताल को सीटू का समर्थन, धरना पर बैठे कई सदस्य

**जमशेदपुर।** अपनी मांगों को लेकर एक पखवाड़े से आंदोलनरत समाहरणालय संवर्ग के कर्मचारियों की हड़ताल को सीटू (सेंटर फॉर इंडियन ट्रेड यूनियन) ने समर्थन किया। साथ ही समर्थन स्थल (जिला समाहरणालय) जाकर धरना पर बैठे। सीटू की राज्य कमिटी के महासचिव विश्वजीत देव ने कहा कि समाहरणालय संवर्ग के कर्मचारियों की सभी मांगे जायज हैं। कर्मचारियों की हड़ताल के कारण जनहित से जुड़े अनेक काम प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा अनुमोदित समिति की सिफारिश के अनुसार कर्मचारियों का वेतन ग्रेड का संशोधन, पदों का सृजन, पदोन्नति के लिए मौजूदा निर्धारित समय अवधि में कमी, एमएसीपी के अनुसार पदोन्नति सुनिश्चित करना, पदनामों का नामकरण, विभागीय परीक्षाओं तथा कर्मचारियों का ऊपरी वर्गीकरण के मानदंडों में कर्मचारी-समर्थक संशोधन, कार्य और जिम्मेदारियों का तर्कसंगत पुनर्निर्धारण, संविदा कर्मियों को नियमित करना तथा आउटसोर्स कर्मचारियों की सेवा सरकारी कर्मचारियों के रूप में सुनिश्चित करना जैसी मांगे जायज हैं।

### शंकर हत्याकांड में कामयाबी पर चैंबर ने एसपी सहित पूरी टीम को दी बधाई

**बोकारो।** बोकारो के स्क्रैप कारोबारी शंकर रवानी हत्याकांड में पुलिस की कामयाबी पर बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स ने एसपी पूज्य प्रकाश समेत पूरी टीम को बधाई दी है. चैंबर अध्यक्ष राजेंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि एसपी के नेतृत्व में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या में शामिल सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ-साथ बड़े पैमाने पर हथियार व गोलियां बरामद किया है, जो उपलब्धि है. इसके लिए एसपी, सिटी डीएसपी समेत अनुसंधान में लगी पूरी टीम बधाई की पात्र है. उन्होंने कहा कि बोकारो स्टील प्लांट के आधुनिकीकरण व शहर के औद्योगिक विकास पर अपराधियों की नजर थी. दशतगर्दी के लिए हथियारों का जखीरा लाकर शहर में रखा गया था. पुलिस ने उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया है. चैंबर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगदीश चौधरी, ज्ञानेंद्र पांडे, महामंत्री प्रवीण कुमार, सचिव विनोद कुमार, प्रमोद कुमार, जीवन कुमार, वीरेंद्र कुमार, नवीन कुमार, मनोज पासवान समेत अन्य पदाधिकारियों ने भी पुलिस को इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

### धार्मिक स्थलों के आसपास से मीट मछली की दुकान हटाने की कार्रवाई शुरू

**आदित्यपुर।** आदित्यपुर नगर निगम द्वारा बुधवार को धार्मिक स्थलों के आसपास से मीट मछली की दुकानें हटाने की कार्रवाई शुरू की गई है। गम्हरिया बाजार में बुधवार को आज नगर निगम की टीम ने प्राचीन शीतला माता मंदिर के इर्द-गिर्द लगने वाले मीट-मुर्गा और मछली की दुकानों को जबरन खाली कराया। उन्हें नोटिस थमाते हुए अविलंब मंदिर के परिधि से अलग हटकर दुकान लगाने का निर्देश दिया। इसके बाद से मीट-मुर्गा कारोबारी में नगर निगम के प्रति आक्रोश देखा जा रहा है। अभियान का नेतृत्व कर रहे आदित्यपुर नगर निगम के सिटी मैनेजर देवाशीष प्रधान ने बताया कि फिलहाल सभी मीट-मुर्गा दुकानदारों को एहतियात के तौर पर खाली करने के निर्देश दिए गए हैं।

## जंगल से 10.50 लाख कैश, वॉकी-टॉकी व जिलेटिन बरामदगी में एनआईए ने किया केस दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** चाईबासा जंगल से 10.50 लाख कैश, वॉकी-टॉकी और जिलेटिन बरामदगी मामले में एनआईए ने केस दर्ज किया है। एनआईए ब्रांच रांची ने चाईबासा जिला के टोंटो थाना में 24 मार्च 2024 को दर्ज केस को टेकओवर करते हुए आरसी 02/2024 मामला दर्ज किया है। इस मामले में एनआईए ने एक करोड़ के इनामी पोलित ब्यूरो सदस्य मिसिर बेसरा, 25 लाख के इनामी स्पेशल एरिया कमेटी सदस्य अजय महतो उर्फ बुधराम, अपटन, राजेश देवगम तथा मुठभेड़ में मारे गए कांडे उर्फ दिरिसुम को आरोपित बनाया गया है।

#### जानें क्या है पूरा मामला

यह मामला चाईबासा जिला के टोंटो थाना क्षेत्र से हुसिपी और राजाभासा गांवों के बीच जंगल का है। जहां एसपी आशुतोष शेखर के निर्देश पर सर्च अभियान के दौरान 10.50 लाख रुपये,वाकी-टॉकी, टेबलेट, पावर बैंक, रेडियो सेट, लेवी बरामदगी की रसीद, जिलेटिन स्टीक, नेक बैंड बरामद किया था। सभी रुपये और सामान प्लास्टिक के जार में रखकर जमीन के भीतर छिपाए गए थे। एनआईए के अनुसार, माओवादी उन रुपयों से अपने नक्सली संगठन का विस्तार करते और सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए अपनी हथियार व विस्फोटक क्षमता को बढ़ाते थे. इससे पहले सुरक्षा बलों ने उसे बरामद कर लिया था।

#### नक्सली राजेश देवगम ने बताया था लेवी के रुपयों का पता

एनआईए ने दर्ज प्राथमिकी में लिखा है कि पश्चिम सिंहभूम के टोंटो थाना क्षेत्र से वर्ष 2023 में एक नक्सली राजेश देवगम पकड़ा गया था। अपनी गिरफ्तारी के बाद उसने पूछताछ में पुलिस को बताया था कि टोंटो थाना क्षेत्र के ही हुसिपी व राजाबासा गांव के बीच जंगल में एक पहाड़ी के पास लगभग दस लाख रुपये व अन्य सामान हैं। ये रुपये एक करोड़ के इनामी माओवादी मिसिर बेसरा ने माओवादियों के स्पेशल एरिया कमेटी सदस्य 25 लाख के इनामी अजय महतो उर्फ बुधराम, अपटन, कांडे को दिया था। इसकी सुरक्षा व निगरानी की जिम्मेदारी राजेश देवगम को दी गई थी. उन सभी सामान को राजेश देवगम ने जमीन में छिपाया था.

## डीएवी कथारा में सावन थीम पर छात्राओं ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

**बोकारो।** डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल कथारा में सीसीए के तहत बुधवार को अंतर सदन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ. इसमें कक्षा छठी से 8वीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया. सावन थीम पर छात्राओं ने खूबसूरत नृत्य की प्रस्तुति दी. मुख्य अतिथि डीएवी झारखंड जोन जी के निदेशक विपिन राय ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया. कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल विद्यार्थियों को सही मंच मिलता है, बल्कि उनके अंदर छुपी प्रतिभा में निखार भी आता है. बच्चों मे आत्मविश्वास भी बढ़ता है। प्रतियोगिता की निर्णायक मंडली में सीसीए कोऑर्डिनेटर बीके दसौंधी व संगीत शिक्षक संगीत कुमार शामिल थे।

## एनएच 33 पर ट्रक ने मारी बाइक को टक्कर, एक गंभीर

**चांडिल।** टाटा-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर चांडिल थाना क्षेत्र के आसनबनी के समीप बुधवार दोपहर को ट्रक ने एक बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर भेज दिया गया। बाइक सवार घायल की पहचान चांडिल थाना क्षेत्र के चिलगु निवासी गणेश प्रमाणिक के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार गणेश प्रमाणिक अपनी बाइक से पारडीह की ओर जा रहे थे कि इसी क्रम में ट्रक संख्या एचआर 58सी 1083 ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक के परखच्चे उड़ गए और बाइक सवार गणेश प्रमाणिक को गंभीर चोटें आई।

## सरायकेला में भाजपा महिला मोर्चा का उपायुक्त कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन

- सरकार पर बरसी भाजपा नेत्रियां
- जिला प्रशासन पर धरना रोकने का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता**

**सरायकेला।** प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा के निर्देश पर बुधवार को सरायकेला खरसावां जिले में महिला मोर्चा द्वारा उपायुक्त कार्यालय के समक्ष विरोध धरना प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा कोल्हान की संयोजक सह पूर्व सांसद गीता कोड़ा शामिल हुईं। भाजपा महिला मोर्चा के राज्य सरकार के विरुद्ध घोषित धरना प्रदर्शन में शामिल भाजपा नेत्री गीता कोड़ा जमकर राज्य सरकार के विरुद्ध बरसीं। उन्होंने कहा कि झारखंड में महिलाएं असुरक्षित हैं। महिलाओं का मानसिक-शारीरिक शोषण किया जा रहा है। सरकार मंईयां सम्मान जैसे योजना चला रही है दूसरी तरफ महिलाओं की अस्मिता से खिलवाड़ हो रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन पर जबरन धरना प्रदर्शन रोकने का आरोप लगाया। इधर जिला प्रशासन द्वारा समय से धरना प्रदर्शन खत्म किए जाने को लेकर कार्यक्रम में पहुंचे कर्मचारियों से भाजपा नेत्रियां उलझ बैठी जिसको लेकर कुछ देर तक प्रशासनिक कर्मचारी के साथ इनका विरोध चला।

## कोरोना से मृत कोयला कर्मियों के अनाथ बच्चों को कोल इंडिया का आशीष मिला

**धनबाद।** कोरोना काल में महामारी से जान गंवाने वाले कोयला कर्मियों के अनाथ बच्चों को कोल इंडिया का आशीष मिल रहा है. इन बच्चों के लिए कोल इंडिया ने आशीष योजना शुरू की है. इसके तहत आश्रित बच्चों को प्रतिवर्ष 45 हजार रुपए की छात्रवृत्ति मिल रही है. अपने माता-पिता को खो चुके 1645 बच्चों को कोल इंडिया आशीष योजना का लाभ मिल रहा है. कोविड काल में मरने वाले कर्मियों के 424 आश्रितों को अनुकंपा पर नौकरी भी दी गई है. कोल इंडिया ने इन 1645 बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए कोल इंडिया आशीष योजना के माध्यम से आयुष्मान शिक्षा सहायता योजना शुरू की है।

## महिला कॉलेज में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान चलाया गया

**नवीन मेल संवाददाता। चाईबासा**

महिला कॉलेज चाईबासा में बुधवार को फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत फाइलेरिया जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ प्रीतिबाला सिन्हा सभी का स्वागत किया और इस कार्यक्रम के महत्व से अवगत कराया। इस कार्यक्रम में विशेषज्ञ के रूप में डॉ मीना कालुंडिया, डॉ शिवचरण हांसदा, अहसान फारूख और अशोक कुमार ने फाइलेरिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने फाइलेरिया के कारणों से अवगत कराया। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ अर्पित सुमन, प्रो माधुरी खलखो, डॉ प्रशांत खरे, डॉ अनिमा मानकी, सोना माई सुंडी, सितेंद्र रंजन सिंह और मदन मोहन मिश्रा और लगभग 350 छात्राएं उपस्थित थे।

## नक्सलियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन बोकारो के लुगू पहाड़ पर बंकर ध्वस्त

**नवीन मेल संवाददाता। चाईबासा**



बोकारो। बोकारो जिले के बेरमो अनुमंडल के ललपनिया जगेश्वर विहार थाना क्षेत्र स्थित लुगु पहाड़ में एक करोड़ के इनामी नक्सली विवेक, 25 लाख के ईनामी नक्सली रघुनाथ हेम्ब्रम उर्फ चंचल उर्फ बिरसेन एवं अन्य ईनामी नक्सलियों की छिपे होने की सूचना पर बुधवार को इलाके में कोबरा बटालियन, झारखंड जगुआर, सीआरपीएफ, जैप समेत अन्य पुलिस बल ने संयुक्त रूप से छापेमारी की।

इस दौरान सुरक्षा बलों ने लुगू पहाड़ पर सर्च ऑपरेशन चलाया और नक्सलियों का बंकर ध्वस्त कर दिया। इस क्रम में पुलिस ने नक्सली पत्रिका और खाद्य सामग्री समेत कई सामान बरामद किए हैं। बोकारो जिले के बेरमो अनुमंडल के ललपनिया थाना क्षेत्र के लुगू पहाड़ पर पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाया और नक्सलियों का बंकर ध्वस्त कर दिया। सुरक्षा बलों को गुप्त सूचना मिली थी कि लुगू पहाड़ पर शीर्ष नक्सली जमे हुए हैं। इसी सूचना के आलोक में पुलिस ने सर्च ऑपरेशन चलाया और कामयाबी मिली। सुरक्षा बलों का सर्च ऑपरेशन जारी है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।**
ई–मेलः– rdsdgumla123@gmail.com

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक 844 दिनांक 02.08.2024 द्वारा अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या **09/2024-25** जिसका पी०आर०(PR)सं०–331681 Rural Development (24-25)*D है, जो की अपरिहार्य कारणों से रद्ध किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
गुमला।

PR 332157 (Rural Development) 24-25 (D)



**झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)**
एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड

**अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना (5th Call)**

**PR No.-318141 Dated : 07.02.2024**

अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा संख्याः-**47 /2024-25** दिनांक :-07.08.2024

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-JAM-09/2023-24 | नाला | 1 | दिघरिया से पहरूडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं० – 3.000 कि०मी०) | 1056.237 | दस करोड़ छप्पन लाख तेईस हजार सात सौ रू० मात्र | 15 महीना |
| | | नाला | 2 | धसनिया से लालूडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० – 3.500 कि०मी०) | | | |
| | | कुंडहित | 3. | बागडेहरी से जनार्दनपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० – 1.180 कि०मी०) | | | |
| | | कुंडहित | 4 | जलालपुर मोड़ मुख्य सड़क से जलालपुर, पाटनपुर, गड़सिमला तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं० – 2.300 कि०मी०) | | | |
| | | नाला | 5 | जीवनपुर से बराघरिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं० – 1.700 कि०मी०) | | | |
| | | कुंडहित | 6 | पालाजोड़ी से शंकरपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं० – 1.350 कि०मी०) | | | |
| | | फतेहपुर | 7 | अंगुठिया से सिमलाडंगाल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं० – 2. 436 कि०मी०) | | | |
| | | कुंडहित | 8 | खजुरी से चन्द्रपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं० – 1.530 कि०मी०) | | | |
| | | कुंडहित | 9 | खजुरी भालखो से सुद्राक्षीपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं० – 3. 270 कि०मी०) | | | |
| | | फतेहपुर | 10 | खैराबनी मोड़ से दुधानी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं० – 3.273 कि०मी०) | | | |
| | | फतेहपुर | 11 | भीमपहाड़ी से दुमुहानी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं० – 2.949 कि०मी०) | | | |
| | | फतेहपुर | 12 | आमगाछी से अंधारा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–1.486 कि०मी०) | | | |
| | | फतेहपुर | 13 | जगतडीह से दीनारी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–1.812 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथिः–**08.08.2024**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– **14.08.2024** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–**16.08.2024** .अपराह्न 5.00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ..........................

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** मे देखा जा सकता है।

अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग
–सह–जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची

PR 332141 Rural Work Department(24-25)#D



**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, हजारीबाग**
**(सामान्य शाखा)**

विज्ञापन संख्या–01/2024
चौकीदार संवर्ग नियुक्ति परीक्षा : 2024

**आम सूचना**

गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड राँची के अधिसूचना संख्या–2032, दिनांक–07/04/2015 द्वारा निर्गत चौकीदार नियुक्ति नियमावली, विभागीय अधिसूचना सं0–4998 दिनांक–19/09/2019 एवं सरकार के अवर सचिव, गृहकारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड राँची का पत्रांक–3469 दिनांक–01/09/2022 के द्वारा प्राप्त निदेश के अनुपालन में ग्रामीण चौकीदार के पद पर सीधी भर्ती हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से दिनांक–21/08/2024 के संध्या 5:00 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

विज्ञापन, आवेदन का विहित प्रपत्र, नियुक्ति प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी, बीटवार रिक्त पदों का विवरण आदि हजारीबाग जिला के वेबसाईट www.hazaribag.nic.in पर उपलब्ध है।

ह0/–
उपायुक्त, हजारीबाग

PR 332172 District(24-25)#D



**कार्यालय, राँची क्षेत्रीय विकास प्राधिकार, राँची**

पत्रांक– 924
दिनांक– 07.08.2024

**बन्दोबस्ती सूचना**

एतद् द्वारा राँची क्षेत्रीय विकास प्राधिकार, राँची अधिनस्थ बाजार क्रमशः बिरसा बस स्टैण्ड, काँटा टोली, खादगढ़ा, राँची में नवनिर्मित सोलह (16) अदद दुकानों एवं दो (2) अदद अन्य दुकान तथा कचहरी चौक मार्केट के दो (2) अदद् दुकान कुल 20 अद्द दुकानों का डाक द्वारा बन्दोबस्ती हेतु निविदा दिनांक– 22.08.2024 के अपराह्न 12.00 बजे सम्मेलन कक्ष में सभी निविदाताओं के समक्ष प्रारम्भ किया जाएगा।

| क्र. सं. | नवनिर्मित दुकानों की सं0/पुराना दुकान की क्रम संख्या | मार्केट का नाम | कुल क्षेत्रफल (वर्गफीट में) | विकास शुल्क की राशि | सुरक्षित राशि | जमानत की राशि | न्यूनतम मासिक किराया के अलावा GST @ 18% (प्रति वर्गफीट में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 16 अदद नवनिर्मित दुकान | बिरसा बस स्टैण्ड खादगढ़ा, राँची। | 138 वर्गफीट – 04 अदद दुकान<br>132.25 वर्गफीट –08 अदद दुकान<br>85.56 वर्गफीट –01 अदद दुकान<br>84.79 वर्गफीट –01 अदद दुकान<br>81.72 वर्गफीट –02 अदद दुकान | 2,38,464/–<br>2,28,528/–<br>1,47,848/–<br>1,46,517/–<br>1,41,212/– | 1,05,000/–<br>1,05,000/–<br>75,000/–<br>75,000/–<br>75,000/– | 60,000/–<br>60,000/–<br>50,000/–<br>50,000/–<br>50,000/– | 48/–रू0 प्रति वर्गफीट के अलावा GST @ 18% अलग से भुगतान करना है। |
| 2 | दुकान संख्या–49 एवं दुकान सं0–54 (2 अदद दुकान) | बिरसा बस स्टैण्ड खादगढ़ा, राँची। | 100 वर्गफीट – दुकान सं0– 49<br>80 वर्गफीट – दुकान सं0– 54 | 1,72,800/–<br>1,38,240/– | 60,000/–<br>60,000/– | 50,000/–<br>50,000/– | 48/–रू0 प्रति वर्गफीट के अलावा GST @ 18% अलग से भुगतान करना है। |
| 3 | दुकान संख्या–05 एवं दुकान सं0–10 (2 अदद दुकान) | कचहरी चौक मार्केट, राँची। | 70 वर्गफीट – दुकान सं0– 05<br>60 वर्गफीट – दुकान सं0– 10 | 1,20,960/–<br>1,03,680/– | 60,000/–<br>60,000/– | 50,000/–<br>50,000/– | 48/–रू0 प्रति वर्गफीट के अलावा GST @ 18% अलग से भुगतान करना है। |

दुकान की बन्दोबस्ती तीन वर्षों के लिए मान्य होगी। इसकी नवीकरण में 30% प्रतिशत वृद्धि कर एवं दुकानदार का संतोषजनक आचरण होने पर पुनः किया जा सकता है, इसका अंतिम निर्णय उपाध्यक्ष, राँची क्षेत्रीय विकास प्राधिकार, राँची के द्वारा मान्य होगा। दुकान का नवीकरण नहीं होने या दुकान छोड़ने की स्थिति में दुकान की सुरक्षित राशि वापस लौटाया जायेगा, परन्तु उक्त पर कोई ब्याज देय नहीं होगा। विकास शुल्क की राशि किसी भी स्थिति में वापस नहीं की जायेगी। आवेदन पत्र दिनांक–20.08.2024 तक 1000/– (एक हजार रू0) मात्र जमा कर किसी भी कार्य दिवस में रोकड़ शाखा से प्राप्त किया जा सकता है।

प्रत्येक दुकान के लिए उपरोक्त उल्लेखित जमानत की राशि उपाध्यक्ष राँ0क्षे0वि0प्रा0, राँची के नाम पर दिनांक– 21.08.2024 तक संध्या 4.00 बजे तक प्राधिकार के रोकड़ शाखा में D.D के रूप में जमा कर पावती रसीद की छायाप्रति प्राधिकार द्वारा आवेदन पत्र के साथ निविदा में भाग ले सकते है। असफल निविदादाताओं को जमानत की राशि निविदा निष्पादन के पश्चात् वापस लौटा दिया जाएगा। एक दुकान के लिए एक व्यक्ति/परिवार के एक सदस्य आवेदन दे सकते है।

बन्दोबस्ती दिनांक–22.08.2024 को प्राधिकार के सभा कक्ष में अपराह्न 12.00 बजे से दुकान की क्रम संख्या से डाक द्वारा की जाएगी। उच्चतम डाक वक्ता को दुकान आवंटन की जाएगी। उच्चतम डाक बोलने वाले व्यक्ति को डाक की आधी राशि तत्काल प्राधिकार में जमा करनी होगी तथा शेष राशि तीन दिनों के अन्दर प्राधिकार में जमा करना अनिवार्य होगा, अन्यथा डाक की मान्यता रद्द समझी जाएगी एवं जमा सुरक्षित राशि जब्त कर ली जाएगी। सम्पूर्ण राशि जमा करने के पश्चात् प्राधिकार द्वारा स्वीकृत एकरारनामा सम्पादित करना होगा तत्पश्चात् दुकान की चाभी सौंपी जाएगी। डाक में विवाद होने की स्थिति में उपाध्यक्ष महोदय को डाक रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है। निविदा की अन्य शर्तें आवेदन के साथ संलग्न होगा।

उपाध्यक्ष के आदेश से
ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
राँ0क्षे0वि0प्रा0, राँची

PR 332156 Ranchi Regional Development Authority (24-25)_D

संपादकीय

## बांग्लादेश की अशांति से भारत होगा अशांत

बांग्लादेश के निर्माण में महती भूमिका निभाने वाले भारत तक वहां की हिंसा की आंच पहुंचेगी ही क्योंकि स्थायी शत्रु पाकिस्तान, प्रतिद्वंदी चीन की चालें अब और तेज होंगी और पड़ोसी प्रथम की बात करने वाले देश की तृतीय आर्थिक महाशक्ति के लक्ष्य की गति को धूमिल करने के लिए अमेरिका तक इसमें परोक्ष रूप से शामिल होगा ही। 15 अगस्त को बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान और उनके बीस करीबी रिश्तेदारों की हत्या की 49वीं वर्षगांठ है। नई दिल्ली स्थित बांग्लादेश के उच्चायोग ने उस दिन 'राष्ट्रीय शोक दिवस' मनाना तय किया था। लेकिन बाद में 'सूचित' किया गया कि वह 'कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। बांग्लादेश की सीमाओं के अंदर घटिया स्तर की लूट और अल्पसंख्यक समुदाय के धार्मिक स्थलों पर हमलों के वीडियो यह बताते हैं कि आगे क्या होने वाला है। भारत के बयान बहादुर नेता और बुद्धिजीवी इस मामले में चुप हैं जिससे भारत सरकार को निर्णय करने में असमंजस का सामना करना पड़ रहा है। 53 वर्ष पहले मुजीब के नेतृत्व में पाकिस्तान की सेना के खिलाफ जो आंदोलन शुरू हुआ था, उसकी परिणति एक और सैन्य तख्तापलट के रूप में हुई। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि ऐसा उस सैन्य जनरल ने किया है, जो शेख हसीना का दूर का रिश्तेदार है, और जिस पर वह भरोसा करती थीं। 15 वर्षों तक सैन्य शासन के बाद, जिसे शेख हसीना ने आर्थिक प्रगति और राजनीतिक स्थिरता से रोका था, बांग्लादेश अब फिर सेना के अधीन है। पिछले सैन्य तख्तापलट की तरह सेना प्रमुख जनरल वकर-उज-जमान ने अंतरिम सरकार का वादा किया है, लेकिन इस बात का जिक्र नहीं किया है कि इसमें उनकी या सेना की कोई भूमिका होगी या नहीं। मगर इसमें जरा भी संदेह नहीं होना चाहिए कि फैसले कौन लेगा। उन्होंने 'न्याय' का भी वादा किया है। सबसे पहले रिहा होने वालों में शेख हसीना की राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी बेगम खालिदा जिया भी हैं, जिन्हें भ्रष्टाचार के कई मामलों में दोषी ठहराया गया है। पिछली सदी के अंत में खालिदा जिया और उनके इस्लामी सहयोगी पश्चिमी लोकतंत्रों के लिए भी चिंता का कारण बन गए थे, जब बांग्लादेश इस्लामी आतंकवाद का केंद्र बन गया था। ये ताकतें भारत विरोधी हैं। बांग्लादेश में जो हुआ है, वह भारत के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। क्या बांग्लादेश फिर से आतंकवादियों का प्रमुख केंद्र बन जाएगा? शेख हसीना ने भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को सुरक्षित बनाने में भारी योगदान दिया। बांग्लादेश की धरती से संचालित होने वाले आतंकी शिविरों को उखाड़ फेंका गया। भारत को अब फिर से बांग्लादेश द्वारा कबायली चरमपंथ को बढ़ावा दिए जाने के लिए तैयार रहना चाहिए। अब नगा, उल्फा एवं अन्य चरमपंथी गुटों के साथ केंद्र सरकार के शांति समझौते खतरे में पड़ सकते हैं। इस बात के स्पष्ट संकेत हैं कि ढाका के उथल-पुथल में खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के अलावा सामाजिक रूप से ताकतवर इस्लामी संगठनों के साथ पाकिस्तान-समर्थक जमात-ए-इस्लामी की संलिप्तता है, जिसे हसीना प्रतिबंधित करना चाहती थीं, लेकिन नहीं कर पाईं।

**15 वर्षों तक सैन्य शासन के बाद, जिसे शेख हसीना ने आर्थिक प्रगति और राजनीतिक स्थिरता से रोका था, बांग्लादेश अब फिर सेना के अधीन है**

# बांग्लादेश के हालात से बहुत सतर्क रहना होगा

सुप्रीम कोर्ट की आरक्षण पर रोक के बावजूद प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे पर अड़े रहे। 14 जुलाई को बतौर प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा था, स्वतंत्रता सेनानियों के पोते-पोतियों को आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। इस पर प्रदर्शनकारियों ने कहा कि क्या आरक्षण का लाभ रजाकारों के पोते-पोतियों को मिलेगा।

बांग्लादेश में महीनों से सुलग रही आरक्षण और सरकार विरोधी चिंगारी सोमवार को भीषण आग के रूप में फूटी। 300 लोगों की मौत के बाद सेना भी उग्र भीड़ को संभाल नहीं पाई। नतीजतन करीब डेढ़ दशक से बांग्लादेश की सत्ता पर काबिज प्रधानमंत्री शेख हसीना को जान बचाकर देश से भागना पड़ा है। शेख हसीना भागकर फिलहाल भारत आई हैं। सूत्रों का कहना है कि शेख हसीना लंदन जाने की तैयारी कर रही हैं। शेख हसीना ने इंग्लैंड की सरकार से शरण मांगी है। बांग्लादेश में हिंसक प्रदर्शन जारी है। अब प्रदर्शनकारियों ने देश के चीफ ऑफ जस्टिस के घर में घुसकर तोड़-फोड़ की है। प्रदर्शनकारियों ने घर में मौजूद कार, फर्नीचर के साथ घर का सारा समान लूट ले गए हैं। प्रदर्शनकारियों ने सोमवार को ढाका में इंडिया कल्चर सेंटर पर हमला बोला। साथ ही काली व इस्कॉन समेत देशभर में कम से कम चार मंदिरों में भी तोड़फोड़ की गई है। बांग्लादेश के अल्पसंख्यक डरे और सहमे हैं। वहां क्या हालात बनेंगे? वहां के अल्पसंख्यकों की सुरक्षा कैसे होगी, इस पर भारत को नजर रखनी होगी। ये भी देखना है कि सरकार कैसी बनता है? उसका भारत के प्रति नजरिया कैसा होगा? नई सरकार कहीं इस्लामिक कट्टरवाद को बढ़ावा तो नही देगी। उसका रूख पाकिस्तान और चीन संमर्थक तो नहीं होगा? भारत को अपने देश की सीमा को पूरी तरह बंद रखना होगा, ताकि वहां के हालात से डरे नागरिक अपने भारत में न आ सकें।

1971 में बांग्लादेश को पाकिस्तान से आजादी दिलाने की लड़ाई में शामिल क्रांतिकारियों के परिवारों को सरकारी नौकरियों में दिए जा रहे आरक्षण को खत्म करने की मांग के साथ पिछले महीने विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ। बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण पर पहले ही अंतरिम रोक लगा दी थी। ऐसे में सवाल उठता है कि प्रदर्शनकारी आखिर फिर से इतने हिंसक होकर सड़कों पर क्यों उतर आए। असल में हिंसा की यह नई लहर तब शुरू हुई जब प्रदर्शनकारियों ने असहयोग का आह्वान किया। इसमें लोगों से कर या बिजली बिल का भुगतान न करने और रविवार को काम पर न आने का आग्रह किया गया। सोमवार को जब कार्यालय, बैंक और कारखाने खुले, तो प्रदर्शनकारियों ने लोगों को काम पर जाने से रोकना शुरू कर दिया। सेना ने प्रदर्शनकारियों से निपटने के लिए गोलियां चलानी शुरू कर दी। प्रदर्शनकारियों ने एक दिन पहले लगाए गए कर्फ्यू की परवाह किए बिना ढाका में प्रधानमंत्री आवास पर धावा बोल दिया। प्रदर्शनकारियों ने ढाका के शाहबाग इलाके में स्थित एक प्रमुख सार्वजनिक अस्पताल बंगबंधु शेख मुजीब मेडिकल यूनिवर्सिटी पर हमला किया है। प्रदर्शनकारियों ने जगह-जगह सत्तारूढ़ पार्टी के कार्यालयों व वाहनों में भी आग लगा दी। सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण पर रोक के बावजूद प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे पर अड़े रहे। 14 जुलाई को बतौर प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा था, स्वतंत्रता सेनानियों के पोते-पोतियों को आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। इस पर प्रदर्शनकारियों ने कहा कि क्या आरक्षण का लाभ रजाकारों के पोते-पोतियों को मिलेगा। प्रदर्शनकारी छात्रों ने इस बयान के बाद, तुई के, अमी के रजाकार, रजाकार के नारे लगाने शुरू कर दिए और हिंसा ज्यादा भड़क गई।



आज की बात




अशोक मधुप
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान पाकिस्तानी सेना द्वारा गठित रजाकार क्रूर अर्धसैनिक बल था। रजाकारों ने मुक्ति संग्राम में शामिल स्वतंत्रता सेनानियों और आम लोगों के खिलाफ अत्याचार किया। आज भी यह शब्द वहां अपमानजनक माना जाता है। इसका इस्तेमाल देशद्रोहियों और अत्याचारियों के लिए किया जाता है। बांग्लादेश में उथल-पुथल व तख्तापलट का इतिहास 1975 से शुरू होता है। हसीना के पिता और देश के पहले प्रधानमंत्री शेख मुजीबुर रहमान की उनके परिवार के ज्यादातर सदस्यों की हत्या कर दी गई। जनरल जियाउर रहमान ने सत्ता पर कब्जा किया। 1981 गेस्ट हाउस में घुसकर विद्रोहियों ने जियाउर रहमान की हत्या की। हालांकि, सेना का बड़ा तबका वफादार होने से तख्तापलट नाकाम रहा। 1982 रहमान के उत्तराधिकारी अब्दुस सत्तार को हुसैन मुहम्मद इरशाद के नेतृत्व में सत्ता से बेदखल कर दिया गया। इरशाद राष्ट्रपति बन गए। 2007 सेना प्रमुख ने एक कार्यवाहक सरकार का समर्थन किया, जो 2009 तक सत्ता पर काबिज रही। 2009 अर्धसैनिक बलों का विद्रोह.. में 70 लोगों की हत्या, इनमें से अधिकांश सैन्य अधिकारी थे।2012 सेना ने कहा, शरिया या इस्लामी कानून से प्रेरित तख्तापलट के प्रयास को विफल कर दिया है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

आपकी बात

## भारत के मानसूनी रंग

कश्मीर से कन्या कुमारी तक मानसून भारत को तरबतर कर रहा है। कहीं मौसम जन्य विभीषिका दिख रही है तो कहीं हरीतिमा ओढ़े प्रकृति खड़ी है, सही अर्थों में भारत की सांस्कृतिक विविधता ऐसी है कि कोई भी मौसम हो उत्सवों पर कभी विराम लगता ही नहीं है, पूरे साल जारी रहते हैं। मानसून का तो अपना ही मूड होता है, लेकिन देश के अलग-अलग हिस्सों के अपने अलग विशिष्ट उत्सव हैं। देश में हर मौसम की अपनी क्षेत्रीय परम्पराएं व रिवायतें हैं। जब बारिश पड़ने के बाद हर जगह हरियाली छा जाती है तो कश्मीर से कन्याकुमारी तक की विभिन्न संस्कृतियों में अलग-अलग तरह से जश्न मनाये जाने लगते हैं। जैसे पुरी, ओडिशा की रथ यात्रा भारत का सबसे विख्यात मानसून उत्सव है। दुनिया के हर कोने से भक्तगण इस रथ यात्रा में शामिल होने के लिए आते हैं। आदि पेरुक्कू मानसून महोत्सव मुख्यतः तमिलनाडु का उत्सव है जो तमिल महीने आदि के 18वें दिन मनाया जाता है। यह उत्सव महिला केंद्रित है और पानी के जीवन-निर्वाह गुणों को भावांजलि देने के लिए मनाया जाता है। यह तमिलनाडु की नदियों, घाटियों, पानी के टैंकों, झीलों, कुओं आदि के पास मनाया जाता है, जब उनमें पानी का स्तर काफी बढ़ जाता है और मानसून की शुरूआत होती है। मान्यता यह है कि पानी ही जीवन है क्योंकि बारिश से ही झील, तालाब, नदी जल के स्त्रोत भरते हैं। इस उत्सव में महिलाएं पानी के परवरिश करने के गुणों की पूजा करती हैं, जिसके कारण जीवन सुरक्षित है। यूं तो गोआ जनवरी से दिसम्बर तक उत्सव के मूड में ही रहता है, लेकिन मानसून में वह विशेष रूप से साओ जोआओ उत्सव मनाता है, जो इतना जिंदादिल होता है कि रंगों और उत्साह से भरा होता है। हर साल 24 जून को सेंट जॉन द बैप्टिस्ट का सम्मान करते हुए मनाये जाने वाले इस उत्सव की विशिष्ट परम्पराएं हैं, जिनमें फूलों के ताज पहनकर पानी में कूदना भी शामिल है। इस उत्सव में फलों, ड्रिंक्स आदि उपहारों का आदान-प्रदान भी होता है। गांवों में नदी किनारे आपको कार्निवल बोट्स भी देखने को मिलेंगी। उत्तर पूर्व भारत के पहाड़ों के बीच में बसा मेघालय अपने मानसून उत्सव बेहदीनखलम में बहुत गहरी छलांग लगाता है। बेहदीनखलम का अर्थ होता है बुरी शक्तियों को भगाना। इसलिए इस उत्सव को मनाने के पीछे का उद्देश्य भी हैजा व अन्य महामारियों से मेघालय के वासियों को सुरक्षित रखने की कामना करना है। साथ ही इस उत्सव में भगवान से यह भी मांगा जाता है कि उनके समुदाय को समृद्धि और अच्छी फसल का वरदान दे। लद्दाख का मानसून उत्सव हेमिस सबसे सम्मानित बौद्ध मठ हेमिस गोम्पा में आयोजित किया जाता है, जो कि 'लैंड ऑफ हाई पासेस' में है। यह उत्सव पूरे दो दिन तक मनाया जाता है और इसका संबंध गुरु पद्मसंभव के जन्म दिवस से भी है, जो तिब्बती चंद्र माह के दसवें दिन पड़ता है। दूसरे शब्दों में इस उत्सव की टाइमिंग कुछ ऐसी है कि लगभग जुलाई के मध्य में ही इसका आयोजन होता है। इस उत्सव का मुख्य आकर्षण चाम है जो कि तांत्रिक बुद्ध मत का बुनियादी पहलू है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



राकेश दुबे

देश की बात

## अब वक्फ बोर्ड को लेकर सरकार निशाने पर

हमारे देश में मुस्लिमों की वक्फ सम्पतियों का रखरखाव करने वाला वक्फ बोर्ड है । सरकार वक्फ बोर्ड कानून में संशोधन कर बोर्ड की शक्तियां सीमित करना चाहती है। मुमकिन है कि आप जब ये आलेख पढ़ रहे हों तब वक्फ बोर्ड अधिनियम में संशोधन से जुड़ा बिल सरकार संसद में पेश कर रही हो ,हालांकि इसको लेकर सरकार की तरफ से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है लेकिन बिल की खबर आते ही हंगामा शुरू हो गया है। एआइएमआइएम से लेकर कई मुस्लिम संगठनों और विपक्षी दलों ने सरकार पर निशाना साधा है। सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा है कि यह संविधान में दिए गए धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार पर प्रहार है। आपको पहले ये जानना होगा कि आखिर वक्फ बोर्ड है क्या ? देश भर में वक्फ बोर्ड के कामकाज से सम्बन्धित मुद्दों और देश में वक्फ के समुचित प्रशासन से सम्बन्धित मुद्दों के बारे में परामर्श देने के लिए केन्द्रीय वक्फ परिषद की स्थापना एक स्थायी इकाई के रूप में की गई। इस बोर्ड की स्थापना भाजपा के जन्म से सोलह साल पहले तत्कालीन केन्द्र सरकार ने दिसम्बर, 1964 में वक्फ अधिनियम 1995 के अन्तर्गत की थी। वक्फ के प्रभारी केन्द्रीय मन्त्री तथा केन्द्रीय वक्फ परिषद के 20 अन्य सदस्य होते हैं। वक्फ अरबी भाषा के 'वकुफा' शब्द से बना है, जिसका अर्थ होता है ठहरना। इसी से बना है वक्फ। वक्फ एक ऐसी संपत्ति होती है, जो जन-कल्याण को समर्पित हो। इस्लाम के मुताबिक वक्फ दान का ही एक तरीका है। इस्लाम की तरह सनातनियों में भी दान की लम्बी परम्परा है। हमारे यहां जितने भी धार्मिक स्थल हैं उनके रखरखाव के लिए तत्कालीन शासकों, राजा -महाराजाओं ,नवाबों और निजी व्यक्तियों द्वारा सम्पत्ति दान की जाती रही है। उसके रखरखाव के लिए भी वक्फ बोर्ड जैसी ही अनेक व्यवस्थाएं हैं। अब सरकार वक्फ संपत्तियों और वक्फ बोर्ड को खत्म करना चाहती है। हमारी सूचना है कि प्रस्तावित विधेयक में वक्फ बोर्ड द्वारा संपत्तियों पर किए गए सभी दावों को अनिवार्य सत्यापन से गुजरना होगा। वक्फ बोर्ड के अधिकारों, उसकी ताकतों और उसकी कार्यप्रणाली में बड़ा परिवर्तन किया जाएगा। महिला सदस्य राज्यों में वक्फ बोर्ड का हिस्सा होंगी। प्रस्तावित बिल में मौजूदा कानून से जुड़े कई क्लॉज हटाए जा सकते हैं। संभावना है कि वक्फ बोर्ड अधिनियम में 40 से अधिक संशोधन किए जा सकते हैं। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



राकेश अचल

फेसबुक वॉल से

Nirantar Narayan
2h ·
पूरे 140 करोड़ लोगों के हाथ तुम्हारी जीत के लिए प्रार्थना में जुड़े हुए हैं
शाबाश बेटी
हमें तुम पर गर्व है



58 · 9 comments 2 shares
Like · Comment · Send · Share

X से

Dr. S. Jaishankar @DrSJaishan... · 22h
Fondly remember Sushma Swaraj ji on her Punya Tithi.

Deeply miss her warmth and inspiring presence.



1 · 32K · 23

धर्म-अध्यात्म

## संगमेश्वर महादेव नागराज शिवलिंग से लिपटते हैं

पवन वर्मा

देवताओं व ऋषि-मुनियों की पावन भारत भूमि का कण-कण सदियों से पवित्रता व महानता का संदेश देता रहा है। यहां के पर्वत, नदियां, सागर, तीर्थ, व्रत, आदि आज भी किसी न किसी रूप में हमें अपनी महानता का एहसास कराते हैं। देवादिदेव भगवान शंकर जिन्हें नीलकंठ, आशुतोष, भोले भंडारी आदि अनेक नामों से स्मरण किया जाता है का अत्यंत प्राचीन तीर्थ हरियाणा के अरुणाय नामक कस्बे में है, जो पिहोवा से मात्र पांच कि.मी की दूरी पर है। इस जगह भगवान शिव का प्रसिद्ध श्री संगमेश्वर महादेव मंदिर है। कहा जाता है कि इस जगह पर सरस्वती और अरुणा का संगम था। शायद इसलिए इसे संगमेश्वर महादेव कहते हैं। प्राचीन काल में इस तीर्थ का अत्यधिक महत्व रहा है। ऐसा बताते हैं बाबा गणेश गिरी को भगवान शंकर ने स्वप्न में कहा, मैं आदि अनन्त शिव हूं। यहां मेरी पूजा से देवराज इन्द्र भी ब्रह्महत्या के पाप से मुक्त हुए थे। ऋषि विशिष्ट और ऋषि विश्वमित्र ने यही मेरी आराधना की थी। बाबा गणेश गिरि को यह स्वप्न बिहार के एक गांव में शिव पूजन के बाद आया कि आप सरस्वती और अरुणा के संगम पर जाकर शिव आराधना करो। इसके बाद वह अपने दो शिष्यों के साथ इस स्थानकी खोज में निकल पड़े और पिहोवा से पांच कि.मी. दूर उत्तर-पूर्व में अरुणा सरस्वती के संगम में वट वृक्षों के झुंड में रुक गये। तपस्या में लीन बाबा को एक दिन भविष्यवाणी हुई भक्त, तुम जिसकी खोज में हो वह यहां से कुछ ही दूर है। बाबा ने घने जंगल में पास ही दीमक का एक ढेर दिखाई दिया। वे चिमटे सेइस जगह को कुरेदने लगे। नीचे एक अत्यंत सुंदर पाषाण शिला दिखाई देने लगी। वह उसे उखाड़े का प्रयत्न करने लगे। जब ऐसा नहीं हुआ तो थक-हार कर लौट गये। रात्रि में भगवान शंकर ने पुनः स्वप्न में कहा है तपस्वी। मैं आदि अनन्त शिव हूं। मुझे उखाड़े का व्यर्थ प्रयास मत करो। मैं पत्थर मात्र नहीं हूं। इसे असंख्य ऋषि मुनियों व राजा महाराजाओं को भक्ति प्राप्त हुई है अतः इस स्थान का उद्धार करके शिव आशीर्वाद प्राप्त करो। बाबा अंधेरे में ही उस स्थान की ओर भागे उस पिण्डी पर मणिमय सर्पराज फन फैलाए विराजमान थे। बाबा भोले शंकर की लीला समझ गए, दूर से ही उन्हें प्रणाम किया और सर्पराज लुप्त हो गये। तब बाबा गणेश गिरि ने वहां निर्माण कार्य प्रारंभ किया और यहां पर अत्यंत सुंदर शिव मंदिर का निर्माण हो पाया। **(ये इनके निजी विचार हैं)**





बोधि वृक्ष

**हिलते हुए पानी में चंद्रमा का प्रतिबिंब स्पष्ट रूप से नहीं देखा जा सकता, परंतु जब पानी की सतह शांत होती है, तो चंद्रमा का स्पष्ट प्रतिबिंब दिखाई देता है।**

## हमारी अनंत क्षमताएं

आत्मा पूर्णतया परिपूर्ण है, परन्तु जब यह अहम के रूप में शरीर के साथ एकरूप हो जाती है, तो मानवीय अपूर्णताओं के कारण इसकी अभिव्यक्ति विकृत हो जाती है।...योग हमें स्वयं में तथा दूसरों में दिव्य प्रकृति को जानना सिखाता है। योग ध्यान द्वारा हम जान सकते हैं कि हम देवता हैं। हिलते हुए पानी में चन्द्रमा का प्रतिबिम्ब स्पष्ट रूप से नहीं देखा जा सकता, परन्तु जब पानी की सतह शान्त होती है, तो चन्द्रमा का स्पष्ट प्रतिबिम्ब दिखाई देता है। ऐसा ही मन के साथ है: जब यह शान्त होता है तो आत्मा के चन्द्रमा रूपी चेहरे का प्रतिबिम्ब आप स्पष्ट रूप से देखते हैं। आत्मा के रूप में हम ईश्वर के प्रतिबिम्ब हैं। जब ध्यान की प्रविधियों द्वारा हम मन की झील से

* शब्दावली में देखें 'अहंकार'। मैंने कहा है। तुम देवता हो; और तुम सभी परम ब्रह्म के बच्चे हो। भजन संहिता 82:6 (बाइबल)। क्या यह तुम्हारे नियम में नहीं लिखा है, मैंने कहा था। तुम देवता हो? यूहन्ना 10:34, (बाइबल)। निश्चल हो जाओ और जान लो कि मैं ईश्वर हूँ. भजन संहिता 46:10, (बाइबल)। ध्यान योग की वैज्ञानिक प्रविधियाँ, जो व्यक्ति को चेतना को शान्त एवं अन्तमुर्खी करने, तथा अन्तर में ईश्वरीय उपस्थिति का बोध करने के योग्य बनाती हैं, परमहंस योगानन्दजी द्वारा योगदा सत्संग पाठमाला में जहाँ है प्रकाश चंचल विचारों को हटा देते हैं, तो हम अपनी आत्मा को, परमात्मा के एक परिशुद्ध प्रतिबिम्ब के रूप में देखते हैं, और यह जान लेते हैं कि परमात्मा और आत्मा एक हैं। **(क्रमशः)**



श्री श्री परमहंस योगानंद

जनता की बात

## आम जनता पर टैक्स की मार, सेवकों पर सरकार मेहरबान

पिछले 10 वर्षों से आम जनता के ऊपर लगातार टैक्स और शुल्क बढ़ाए जा रहे हैं। आम जनता की वोट से चुने गए सांसद और विधायकों के वेतन भक्तों और सुविधाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। वहीं सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के महंगाई भत्ते और पेंशन बढ़ाई जा रही है। सांसद, विधायक और मंत्रियों को क्रीमी लेयर की श्रेणी का सम्मान और धन प्राप्त हो रहा है। उससे अब जनता के बीच में नाराजी देखने को मिल रही है। आम जनता टैक्स की मार से कराह रही है। जब देश स्वतंत्र हुआ था। उसके बाद राजनीति में समृद्ध परिवारों के बुजुर्ग अपने बच्चों को राजनीति में नहीं भेजना चाहते थे। उनका मानना था, जनसेवा के लिए घर का पैसा खर्च करेंगे। घर के कामकाज और व्यापार में कोई रुचि नहीं लेंगे। बहुत मुश्किल से लोग चुनाव लड़ने के लिए तैयार होते थे। उस समय विधायकों और सांसदों को इतना पैसा भी नहीं मिलता था। वह सत्र के समय राजधानी जाकर अपना खर्च पूरा कर सकें। पिछले तीन दशक में स्थितियां बड़ी तेजी के साथ बदली हैं। विधायकों और सांसदों के वेतन भत्ते लगातार बढ़ाए जा रहे हैं। सांसदों और विधायकों की अप्रत्यक्ष सुविधायें भी बढ़ रही हैं। रेलवे और हवाई जहाज में मुफ्त यात्राएं करने का मौका मिल रहा है। बिजली पानी फ्री मे मिल रहा है। रहने के लिए आवास फ्री मिलता है। कई राज्यों में तो मंत्रियों और विधायकों का आयकर भी सरकार द्वारा भरा जा रहा था। कार्यकाल खत्म होने के बाद पेंशन मिलती है। जितनी बार के विधायक-सांसद उसी के अनुसार बढ़ी हुई पेंशन आजीवन मिलती है। एक बार चुनाव जीत गए, तो सारे जीवन निशुल्क यात्रा करने की पात्रता हो जाती है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**




सनत जैन

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाइट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाइट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

### गिरिराज सिंह ने सलमान खुर्शीद को चेताया, कहा

# वोट की खातिर विपक्ष टुकड़े टुकड़े गैंग की भूमिका निभा रहा



**एजेंसी। पटना**

बांग्लादेश हिंसा व तख्तापलट मामले पर पूर्व विदेश मंत्री सह कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद के बयान से भारत की राजनीति गरमायी हुई है। बिहार के बेगूसराय से सांसद सह केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने इसपर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने राहुल गांधी समेत कांग्रेस पार्टी को निशाने पर लिया है। इस दौरान गिरिराज सिंह ने आरोप लगाया है कि बांग्लादेश हिंसा के दौरान वहां हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर कांग्रेस नेताओं ने चुप्पी साधी हुई है। गिरिराज सिंह बांग्लादेश हिंसा को लेकर बेहद हमलावर दिखे। मीडिया से बातचीत के दौरान केंद्रीय मंत्री विपक्ष पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि वोट की खातिर विपक्ष टुकड़े-टुकड़े गैंग की भूमिका निभा रहा है। गिरिराज सिंह ने कहा कि जब फिलिस्तीन का मामला आया था तो हमलोगों ने समर्थन किया था। क्योंकि फिलिस्तीन का समर्थन भारत पहले से करता आया है। लेकिन पूरे देश में टुकड़े-टुकड़े गैंग ने इसे एक मुद्दा बनाना चाहा था।

### सलमान खुर्शीद के बयान पर भाजपा नेता ने जताई आपत्ति

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद ने विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कि जो हालात आज बांग्लादेश में बने हुए हैं वह भारत में भी हो सकते हैं। बांग्लादेश में जो हिंसक धरना- प्रदर्शन हो रहे हैं वह भारत में भी हो सकते हैं। सलमान ने एक किताब के लॉन्च के दौरान यह बाते कही। सलमान के इस बयान के बाद भाजपा ने कड़ी आपत्ति जताई है। भाजपा नेता संबित पात्रा ने कहा कि सलमान खुर्शीद ने यह बयान एक पुस्तक लांच के दौरान कही। किताब का शीर्षक था शिकवा-ए-हिंद: द पॉलिटिकल फ्यूचर ऑफ इंडियन मुस्लिम्स इस कार्यक्रम में सलमान खुर्शीद ने कहा कि भारत में धरना-प्रदर्शन होंगे, आगजनी होगी। जो बांग्लादेश में हुआ है, वह भारत में भी होगा, इसकी चेतावनी दी गई है। वहां कांग्रेस के दिग्गज नेता भी मौजूद थे, जिन्होंने इसकी स्वीकृति दी। आप सोचिए कि कांग्रेस पार्टी की क्या सोच है। उन्होंने कहा कि मुझे याद आता है कि संसद में खड़े होकर राहुल गांधी कहते थे इस देश में आग लग जाएगी, दंगे हो जाएंगे, प्रधानमंत्री पर हमला होगा।

### कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद का बयान

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने बयान दिया है कि जो बांग्लादेश में हो रहा है वो भारत में भी हो सकता है। वहीं बांग्लादेश में राजनीतिक संकट पर मंगलवार को कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा था कि ह्यबांग्लादेश की परिस्थिति बहुत संवेदनशील है। जिस तरह के हालात इस समय बांग्लादेश में बने हुए हैं वो पूर्व एशिया और दक्षिण एशिया के लिए चिंताजनक हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि आज दोनों सदनों में इस पर विस्तृत बहस होगी।और सरकार इसमें पूरा योगदान देगी। यह बहुत जरूरी है कि इस मुद्दे पर सदन में बहस हो।

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर विपक्ष चुप: गिरिराज

गिरिराज सिंह ने कहा कि बांग्लादेश के मुद्दे पर मनीष तिवारी ने बहुत कुछ कहा लेकिन वहां हिंदुओं के साथ हो रहे अत्याचार पर वो कुछ नहीं बोले। मैनें कहा कि कम से कम हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर भी तो कुछ बोलिए लेकिन वो नहीं बोले। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सलमान खुर्शीद के बारे में जो आप कह रहे हैं कि उन्होंने कहा कि ये भारत में भी हो सकता है तो आप जान लें ये गणतंत्र की जननी है। लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है।

### गाजियाबाद : घर में लगी आग, छः लोग बुरी तरह झुलसे

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के साहिबाबाद इलाके में एक घर में हुए गैस रिसाव के चलते आग लग गई। किचन में चाय बनाने पहुंची महिला ने जैसे ही चूल्हा जलाया, घर में आग लग गई। आग के कारण छह लोग बुरी तरह झुलस गए। सभी का इलाज दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में चल रहा है। गाजियाबाद के थाना साहिबाबाद इलाके के अर्थला स्थित नीलमणि कॉलोनी में एक मकान में बुधवार सुबह हुए गैस रिसाव के कारण आग लगने से छह लोगों के झुलसने की घटना सामने आई। सुबह घर में रहने वाली महिला रेनू जब परिवार के लिए चाय बनाने उठी और जैसे ही एलपीजी चूल्हे को जलाया, पूरे कमरे में आग फैल गई। इस घटना में घर में मौजूद सभी छह लोग बुरी तरह झुलस गए। घटना में रेनू, उसके पति प्रमोद के अलावा अजय, दीपक और बुधपाल झुलस गए हैं। इस घटना में रेनू का 7 माह का बेटा भी बुरी तरह झुलसकर जख्मी हो गया है। आसपास के लोगों ने किसी तरह से सभी को घर के बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। सभी घायलों को पहले जिला अस्पताल ले जाया गया। फिर उन्हें दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में रेफर कर दिया गया।

### बांग्लादेश संकट के बीच बोले सीएम योगी

# निशाने पर हिंदू, सनातन को बचाने के लिए एकजुट होना पड़ेगा

**एजेंसी। लखनऊ**



भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश में उठापटक का दौड़ लगातार जारी है। वहां शेख हसीना की सरकार का तख्तापलट हो गया है। इसके बाद लगातार हिंसा जारी है। इस हिंसा में कई लोगों की मौत भी हुई है। साथ ही साथ कई जगहों पर हिंदुओं के मंदिरों पर हमला किया गया है। हिंदुओं को निशाना बनाया गया है। इसके वीडियो सोशल मीडिया पर जबरदस्त तरीके से वायरल हो रहे हैं। भारत सरकार ने भी इन तमाम मसले को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की है। इन सबके बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बांग्लादेश मुद्दे को लेकर बड़ा बयान दिया है। हालांकि, अपने बयान में उन्होंने किसी देश का नाम नहीं लिया। लेकिन कहीं ना कहीं उनका इशारा बांग्लादेश की परिस्थितियों की ओर था।

बांग्लादेश का बिना नाम लिए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हिंदुओं को खोज कर मारा जा रहा है। हमें इतिहास से सीख लेना होगा। एक होकर संकल्प के साथ काम करना होगा। आज अयोध्या वासी को पूरे देश में सम्मान मिल रहा है। सम्मान मिले इसके लिए सम्मान सुरक्षित करना होगा। सनातन धर्म पर आने वाले संकट के लिए फिर से एक जो होकर कार्य करने की आवश्यकता है। मंगलवार को दो दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे योगी आदित्यनाथ ने आयुक्त सभागार में विकास कार्यों व कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक की। यहां जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, योगी ने कहा, सभी अधिकारी जनप्रतिनिधियों एवं जनपदवासियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें और समस्याओं का निराकरण संवाद एवं समन्वय से करें।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि अयोध्या के नगरीय एवं शहरी क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति 24 घंटे सुनिश्चित करायें तथा जहां भी ट्रांसफॉर्मर के जलने व खराब होने की शिकायत मिले, उसे जल्द से जल्द ठीक करायें। योगी आदित्यनाथ ने जनप्रतिनिधियों की समस्याएं सुनीं। योगी ने कहा कि अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं साधु-संतों व आम नागरिकों को धार्मिक नगरी अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं को कम से कम पैदल चलना पड़े, इसके लिए ई-कार्ट, ई-बस आदि की व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए। उन्होंने कहा कि कुंडों के जीर्णोद्धार के कार्यों में पुरानी पद्धति का इस्तेमाल करें और जल शोधन करते हुये जल को शुद्ध रखें।

### मुजफ्फरनगर में टीचर की बड़ी लापरवाही

# छात्र को कमरे में बंद कर लौट गई घर, प्रिंसिपल निलंबित

**एजेंसी। मुजफ्फरनगर**

उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के सरकारी स्कूल में अध्यापिका की बड़ी लापरवाही देखने को मिली है। यहां पर एक छात्र को कमरे में बंद कर सभी टीचर घर लौट गईं। मामले को संज्ञान में लेते हुए प्रिंसिपल को निलंबित कर दिया गया और एक अन्य टीचर के खिलाफ जांच का आदेश दिया गया। उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग में आए दिन कई कुछ न कुछ चर्चा का विषय बना रहता है। अब मुजफ्फरनगर में टीचर की लापरवाही सामने आई है। पूरा मामला मुजफ्फरनगर जिले के जानसठ ब्लॉक क्षेत्र के गांव गुज्जरहेड़ी का है। यहां के प्राथमिक विद्यालय में अध्यपिका की बड़ी



लापरवाही का किस्सा सामने आया। दरअसल, मासूम छात्र को कक्षा में बंद कर सभी टीचर अपने-अपने घर चले गए। जब छात्र घर नहीं पहुंचा, तो चिंतित परिजन उसको ढूंढते हुए विद्यालय आए। फिर एक कमरे में छात्र के रोने की आवाज सुनाई पड़ी। एक टीचर को बुलाकर जब कमरे का ताला खुलवाया गया तो घंटों से कमरे में बच्चा रोता-बिलखता हुआ बाहर आया। गुस्से से बौखलाए परिजनों ने विद्यालय प्रशासन पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप सिंह ने मामले को संज्ञान में लेते हुए इंचार्ज अध्यापिका को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया और एक सहायक अध्यापिका के खिलाफ जांच बैठा दी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि पूरी घटना 6 अगस्त की है। एक शिक्षिका, बच्चे को स्कूल में बंद छोड़कर चली गई। खंड शिक्षा अधिकारी की ओर से मुझे इस घटना की जानकारी प्राप्त हुई। दो सदस्यीय जांच कमेटी बनाई गई है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### नवादा में सीबीआई टीम पर हमले का एक और आरोपित गिरफ्तार

**नवादा।** जिले की रजौली थाना पुलिस ने बुधवार को सीबीआई टीम पर हमले के एक और आरोपित कसियाडीह गांव निवासी रामोतार महतो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों यूजीसी नेट के पेपर लीक मामले में सीबीआई की टीम नवादा जिले के रजौली कसियाडीह गांव पहुंची थी, जहां सीबीआई के अधिकारियों को फर्जी बताते हुए ग्रामीणों ने हमला कर दिया था। इस दौरान चालक समेत अन्य लोग जख्मी हो गए थे। इस घटना के बाद सीबीआई ने रजौली थाना में 8 नामजद एवं कुछ अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस एक युवती समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

# बिहार की भी दो राज्यसभा सीटों पर होगा चुनाव

**एजेंसी। पटना**

चुनाव आयोग ने देशभर में राज्यसभा की खाली हुई 12 सीटों पर उपचुनाव का एलान कर दिया है। इनमें दो सीटें बिहार की भी हैं। बिहार से राज्यसभा सदस्य विवेक ठाकुर और मीसा भारती के लोकसभा चुनाव में जीत के बाद दोनों ने राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया था। बिहार की इन्हीं दोनों सीट पर उप चुनाव होना है। इनमें एक सीट से रालोमो के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा का राज्यसभा जाना तय माना जा रहा है। चुनाव आयोग की ओर से दी गयी जानकारी के मुताबिक, मीसा भारती का कार्यकाल 7 जुलाई, 2028 तक था। विवेक ठाकुर का कार्यकाल 9 अप्रैल, 2026 तक था। उप चुनाव में जीत हासिल करने वाले उम्मीदवार का कार्यकाल उतना ही रहेगा। चुनाव आयोग ने दोनों सीट पर उप चुनाव की अधिसूचना जारी की है। इसके मुताबिक 14 अगस्त से नामांकन शुरू होगा। 21 अगस्त तक उम्मीदवार नामांकन



उपेंद्र कुशवाहा का राज्यसभा जाना तय

कर सकेंगे। 27 अगस्त को नाम वापसी की आखिरी तारीख है। यदि मतदान की नौबत आती है तो 3 सितंबर को वोटिंग होगी औ? उसी दिन रिजल्ट घोषित होगा। बिहार में होने वाले दोनों सीट के उप चुनाव में वोटिंग की संभावना न के बराबर है। दरअसल, दोनों सीटों पर अलग-अलग वोटिंग होगी। लिहाजा संख्या बल के आधार पर राजग गठबंधन दोनों सीट पर कब्जा कर लेगा। वैसे भी बिहार में राज्यसभा चुनाव में वोटिंग की नौबत शायद ही कभी आती है।

# अयोध्या दुष्कर्म पीड़िता का कराया गया गर्भपात

**एजेंसी। लखनऊ**

यूपी के अयोध्या में सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता का लखनऊ के केजीएमयू में गर्भपात कराया गया। इस दौरान डॉक्टरों ने डीएनए जांच के लिए भ्रूण का सैंपल भी लिया है। रेप पीड़िता का मंगलवार को केजीएमयू में अबॉर्शन (गर्भपात) में कराया गया। गर्भपात के बाद पीड़िता की हालत सामान्य बताई जा रही है और उसे जल्द ही अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी। बता दें कि पुलिस डीएनए रिपोर्ट के आधार पर दोषियों की पहचान करेगी। दरअसल, अयोध्या में रेप पीड़िता की तबीयत खराब होने पर उसे अयोध्या जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर कर दिया गया था। पीड़िता को पुलिस की कड़ी सुरक्षा में सोमवार को लखनऊ के क्वीन मैरी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। ज्ञात हो कि बीते दिनों अयोध्या में नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया था। आरोप है कि सपा नेता मोईद खान ने नाबालिग को नौकरी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। शिकायत में कहा गया था कि आरोपी उसके



साथ दो महीने तक रेप करता रहा और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। मामले का खुलासा तब हुआ, जब नाबालिग के पेट में दर्द हुआ। परिजन उसे डॉक्टर के पास ले गए, जहां मेडिकल जांच के बाद पता चला कि वह गर्भवती है। इसके बाद उसने परिजनों को पूरी कहानी बताई। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने नाबालिग के साथ बलात्कार के मुख्य आरोपी सपा नेता मोईद खान का मुद्दा विधानसभा में भी उठाया गया था। उन्होंने कहा कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। वहीं, इस मामले में आरोपी मोईद खान की बेकरी पर जिला प्रशासन ने बुलडोजर चला दिया था। साथ ही खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने आरोपी की बेकरी पर छापा मारकर सारा सामान जब्त कर लिया और उसकी बेकरी को सील कर दिया।

## आज का राशिफल

**मेष :** लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। पदोन्नति की संभावना है। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ।

**वृष :** आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**मिथुन :** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेगी। प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। मेहमानों का आगमन होगा।

**कर्क :** श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

**सिंह :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा।

**कन्या :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। दिमाग में निर्मूल तर्क पैदा होंगे। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ नरम रहेगा।

**तुला :** जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। धन के लेन-देन में सतर्क रहें।

**वृश्चिक :** परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान है अत: वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें। अपना कार्य स्वयं करें, किसी के भरोसे न रहें।

**धनु :** मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**मकर :** धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें।

**कुंभ :** सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेंगे। बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं।

**मीन :** उत्साह में वृद्धि होगी। आलस्य का त्याग करें। नये आय के स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता हैं। व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की परीक्षा होगी।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# मैंगनीज एंड आयरन ओर्स लिमिटेड ने नए सीईओ व सीओओ किया नियुक्त

**एजेंसी। नई दिल्ली**

खनन कंपनी संदूर मैंगनीज एंड आयरन ओर्स लिमिटेड (एसएमआईओआरई) कंपनी ने कृष्णेंदु सान्याल को मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और मंजूनाथ प्रभु को मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) नियुक्त किया है। कंपनी ने बुधवार को जारी एक बयान में बताया कि कृष्णेंदु सान्याल को मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और मंजूनाथ प्रभु को मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) के रूप में नियुक्त की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। इनकी नियुक्ति का उद्देश्य कंपनी के प्रबंधन बैंडविड्थ को बढ़ाना और धातु और खनन उद्योग में एकीकरण और स्थिरता के लिए अपनी महत्वाकांक्षी योजनाओं को आगे



बढ़ाना है। संदूर मैंगनीज के मुताबिक नवनियुक्त सीईओ कृष्णेंदु सान्याल का रणनीतिक, वित्तीय और परिचालन के क्षेत्र में 32 वर्षों का अनुभव हैं। उनका करियर भारत और श्रीलंका में टाटा स्टील, थाईलैंड में सियाम इंडस्ट्रियल वायर कंपनी और दक्षिण अफ्रीका में सेडिबेंग आयरन ओर जैसी प्रमुख कंपनियों में रहा है। कृष्णेंदु के पास मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री और बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में मास्टर डिग्री है। उन्होंने हार्वर्ड बिजनेस स्कूल से टाटा ग्रुप स्ट्रैटेजिक लीडरशिप प्रोग्राम में भी भाग लिया है। वहीं, कंपनी के नवनियुक्त सीओओ मंजूनाथ प्रभु को भी संचालन, नेतृत्व और रणनीतिक योजना में लगभग 36 वर्षों का अनुभव है। उनकी व्यापक पृष्ठभूमि में जेएसडब्ल्यू स्टील विजय नगर, एस्सार स्टील विशाखापत्तनम और केओआईसीएल मैंगलोर में महत्वपूर्ण भूमिकाएं शामिल हैं। मंजूनाथ को बेल्लारी क्षेत्र के धातु और खनन परिचालन की गहरी समझ है। मंजूनाथ प्रभु मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक हैं। उल्लेखनीय है कि संदूर मैंगनीज एंड आयरन ओर्स लिमिटेड देश के सबसे सम्मानित निजी क्षेत्र के व्यापारिक खनिकों और कमोडिटी उत्पादकों में से एक है, जिसका परिचालन ट्रैक रिकॉर्ड सात दशकों का है।


### कच्चा तेल 77 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का भाव 77 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 74 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों (पीएसयू) ने बुधवार को पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के दूसरे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.03 डॉलर यानी 0.04 फीसदी की उछाल के साथ 76.51 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.01 डॉलर यानी 0.01 फीसदी बढ़कर 73.21 यूएस डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है।

# पोको एफ6 डेडपूल और वूल्वरिन एडिशन भारत में लॉन्च

**एजेंसी। बेंगलुरु**

पोको ने बुधवार को भारत में पोको एफ6 डेडपूल और वूल्वरिन एडिशन स्मार्टफोन लॉन्च कर दिया। स्मार्टफोन की बिक्री दोपहर 12 बजे से फ्लिपकार्ट पर शुरू हो गई है। यह एक्सक्लूसिव डिवाइस पोको और मार्वल स्टूडियोज ने मिलकर बनाई है। यह 5जी स्मार्टफोन 12 प्लस 256जीबी स्टोरेज वेरिएंट में 29,999 रुपये में उपलब्ध है। इसमें 4,000 रुपये के बैंक ऑफर भी शामिल हैं। स्पेशल एडिशन स्मार्टफोन में नवीनतम प्रौद्योगिकी को मार्वल सुपरहीरोज के आइकॉनिक डिजाइन के साथ मिलाकर बनाया गया है, जो इसे मार्वल प्रशंसकों और स्मार्टफोन के शौकीनों के लिए एक जरूरी डिवाइस बनाता है। पोको एफ6 डेडपूल और वूल्वरिन एडिशन एक विशेष स्मार्टफोन है। स्मार्टफोन में




नवीनतम और एडवांस फीचर्स हैं। स्मार्टफोन का डिजाइन और थीम मार्वल के प्रसिद्ध पात्रों डेडपूल और वूल्वरिन पर आधारित है, जो इसे एक अनोखा और आकर्षक स्मार्टफोन बनाता है। इस स्मार्टफोन को बहुत ही सावधानी से डिजाइन किया गया है, जिसमें मार्वल सुपरहीरोज की भावना को दर्शाने वाला एक आकर्षक कस्टम डिजाइन शामिल है। डिवाइस के बाहरी हिस्से में सिग्नेचर रेड, ब्लैक और येलो कलर और कैरेक्टर आर्टवर्क है। मार्वल स्टूडियोज की 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' के रिलीज के बाद, यह स्मार्टफोन लॉन्च किया गया है ताकि भारत में प्रशंसकों के बीच उत्साह बढ़े।

### वैश्विक तापमान में वृद्धि से एथलीटों में हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ा : शोध

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ग्लोबल वार्मिंग के कारण हुई वैश्विक तापमान में वृद्धि का असर यह है कि हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ गया है, जो विशेष रूप से टेनिस जैसे प्रतिस्पर्धी खेलों में भाग लेने वाले एथलीटों के लिए अधिक परेशान करने वाला है। टेनिस में प्रसिद्ध बिग 3 ट्रायमविरेट के सदस्य राफेल नडाल इस वास्तविकता का एक उल्लेखनीय उदाहरण हैं, जब उन्हें 2022 में ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमीफाइनल के दौरान हीट स्ट्रोक का सामना करना पड़ा था, जिससे उनका 4 किलोग्राम वजन कम हो गया था। टेनिस मैच सख्त, घास और मिट्टी के कोर्ट पर खेले जाते हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि गर्मी का भार सतह के आधार पर भिन्न होता है, जिससे अलग-अलग सूक्ष्म जलवायु वातावरण बनते हैं। वेट-बल्ब ग्लोब तापमान सूचकांक (डब्ल्यूबीजीटी) का उपयोग खेलों में थर्मल वातावरण का आंकलन करने के लिए किया जाता है। टेनिस कोर्ट के बीच डब्ल्यूबीजीटी अंतर पर पिछले अध्ययनों में समय को लेकर कुछ सीमाएं थीं। इन मुद्दों पर विचार करते हुए दोशीशा विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य और खेल विज्ञान स्नातकोत्तर स्कूल के पीएचडी छात्र हिरोकी यामागुची और प्रोफेसर कोजीरो इशी के नेतृत्व में जापान की एक टीम ने डब्ल्यूबीजीटी मीटर का उपयोग करके विभिन्न टेनिस कोर्ट के तापमान की जांच की। यामागुची बताते हैं, "प्रतिस्पर्धी एथलीटों में गैर-दर्दनाक मौत का दूसरा सबसे आम कारण व्यायाम के दौरान होने वाला हीट स्ट्रोक है। एक टेनिस खिलाड़ी के रूप में मैंने मैचों के दौरान हीट स्ट्रोक का अनुभव किया है। विभिन्न टेनिस कोर्ट में गर्मी की स्थिति की जांच करने से व्यायाम संबंधी दिशा-निर्देशों की जानकारी मिल सकती है।

### आईओसी के सामने रखी कोका-कोला के साथ संबंध तोड़ने की मांग

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) को खिलाड़ियों और दर्शकों के स्वास्थ्य के साथ इस धरती को बचाने के लिए कोका-कोला के साथ अपने संबंध समाप्त करने होंगे। सार्वजनिक स्वास्थ्य संगठन वाइटल स्ट्रेटजीज के विशेषज्ञों ने बीएमजे ग्लोबल हेल्थ पत्रिका में प्रकाशित एक संपादकीय में अपने विचार रखे। उनका तर्क है कि कंपनी का प्रायोजन एथलीटों को अस्वास्थ्यकर शर्करा युक्त पेय पदार्थों का समर्थन करने के लिए मजबूर करता है और कोका-कोला राजनीतिक और कॉर्पोरेट नेताओं पर अनुचित प्रभाव डालता है। कोका-कोला ने लगभग एक सदी तक ओलंपिक खेलों को प्रायोजित किया है, जिसमें हाई-प्रोफाइल खेल आयोजन प्रायोजन एक अत्यधिक प्रभावी विपणन रणनीति है।

# सूरत के हीरा उद्योग में मंदी का असर वेतन कटौती के साथ कर्मचारी छुट्टी पर

**वैश्विक बाजार में हीरा की मांग में भारी कमी, युद्ध और लैबग्रोन डायमंड की प्रचुरता से बाजार प्रभावित**

**एजेंसी। सूरत**

सूरत के हीरा उद्योग में इन दिनों मंदी का संकट छाया हुआ है। अगर कुछ महीनों में हालात नहीं सुधरे तो वर्ष 2008 जैसी बड़ी मंदी आ सकती है, जिसमें बड़ी संख्या में हीरा कारीगरों ने आत्महत्या कर ली थी। यह हालात विश्व में दो-दो युद्ध, वैश्विक बाजार में मांग में गिरावट और लैबग्रोन डायमंड का ओवर प्रोडक्शन की वजह से पैदा हुए हैं। फिलहाल सूरत के हीरा उद्योग से जुड़े व्यवसायी हीरा कारीगरों की वेतन कटौती, मिनी वैकेशन आदि विकल्पों से व्यावसाय में बने रहने की चुनौती झेल रहे हैं। हीरा उद्योग में इन दिनों कर्मचारी खराब आर्थिक हालात से गुजर रहे हैं। उन्हें या तो मिनी वैकेशन के नाम पर छुट्टी पर भेज दिया गया है या फिर उन्हें कम वेतन पर काम पर रखा गया है। जानकारी के अनुसार कुछ बड़े हीरा उद्यमियों ने अपने कारखानों को आगामी 10 दिनों तक बंद रखने की घोषणा की है। सूरत में किरण जेम्स हीरा उद्योग की सबसे बड़ी यूनिट मानी जाती है। इसे विश्व की भी सबसे बड़ी नेचुरल डायमंड मैन्युफैक्चर कंपनी बताया जाता है। किरण जेम्स के अध्यक्ष वल्लभभाई लखानी के अनुसार उन्होंने अपने 50 हजार कर्मचारियों के लिए 10 दिन की छुट्टी घोषित की है।

### 10 लाख कर्मचारी करते हैं काम

सूरत में 3200 डायमंड यूनिट है, जिसमें 700 बड़ी और 2500 छोटी इकाइयां कार्यरत हैं। इन डायमंड यूनिट में लगभग 10 लाख कर्मचारी काम करते हैं। इनमें 8 लाख हीरा कारीगर हैं तो बाकी 2 लाख लोग प्रशासिक कार्य से जुड़े हैं। सूरत में बाहर के देशों से रफ डायमंड आयात किया जाता है, जिसे कटिंग और पॉलिशिंग के बाद बाहर के देशों में ही निर्यात किया जाता है। तैयार किए गए हीरे में से 95 फीसदी हीरा निर्यात हो जाता है। विश्व में 10 तैयार हीरा में से 9 हीरा सूरत आकर तैयार होता है। सूरत से निर्यात होने वाले हीरा में से 60 फीसदी अकेले अमेरिका भेजा जाता है।




# तबीयत बिगड़ने के कारण खेल गांव के पॉलीक्लिनिक में भर्ती हुई विनेश

एजेंसी

**पेरिस।** भारत के लिए पेरिस ओलंपिक के 12वें दिन की शुरूआत एक दुखद खबर के साथ हुई। कुश्ती के 50 किग्रा फाइनल में पहुंची विनेश फोगाट को डिसक्वालीफाई कर दिया गया है। इस फैसले से आहत विनेश डिहाइड्रेशन के चलते बेहोश हो गईं और अब उन्हें खेल गांव के पॉलीक्लिनिक में भर्ती कराया गया है। विनेश फोगाट को डिहाइड्रेशन के कारण खेल गांव के अंदर पॉलीक्लिनिक में भर्ती कराया गया था, किसी अस्पताल में नहीं। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने बुधवार को एक बयान जारी कर अधिक वजन के कारण विनेश के खेलों से बाहर होने पर चिंता जताई और पहलवान की निजता का सम्मान करने को कहा।

स्पर्धा से अयोग्य घोषित किए जाने के बाद, विनेश प्रतियोगिता में अंतिम स्थान पर रहेंगी। मंगलवार रात को सेमीफाइनल में क्यूबा की युस्नेलिस गुजमैन को 5-0 से हराकर विनेश ओलंपिक खेलों के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बन गईं। सेमीफाइनल में जीत के बाद, विनेश ने जॉगिंग, स्किपिंग और साइक्लिंग कर वजन को कम करने का हरसंभव प्रयास किया।

## 12 घंटे में कैसे 2.8 किलो बढ़ा वजन

विनेश फोगाट पेरिस ओलंपिक के कुश्ती के फाइनल में लड़ने से पहले ही डिसक्वालिफाई कर दी गईं। इसके बाद तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि मंगलवार को प्री क्वार्टर फाइनल में उतरने से पहले जो वजन मापा गया था, तब विनेश 49.9 किलो की थीं, जो कि 50 किलो भारवर्ग में उतरने के लिए ठीक था। मंगलवार को तीन राउंड, प्री क्वार्टर फाइनल, क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल खेलने के बाद उनका वजन बुधवार सुबह 52.7 किलो हो गया, जो कि 2.8 किलो ज्यादा था। अब सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि आखिरकार विनेश का 2.8 किलो वजन 12 घंटे के अंदर बढ़ा कैसे? पेरिस ओलंपिक में भारतीय दल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर दिनशॉ पारदीवाला ने बताया कि विनेश के साथ कैसे और क्या हुआ इस पर मंथन हो रहा है। डॉक्टर पारदीवाला ने कहा कि वजन घटाने की प्रक्रिया है वजन मापने वाले कार्यक्रम से पहले, उसमें काफी रिस्क होता है और काफी सावधानियां बरतनी पड़ती हैं। इसमें एथलीट्स को खाने और पीना संबंधी सावधानियां बरतनी पड़ती हैं। इसके अलावा एथलीट को काफी पसीना बहाना होता है। यह एक यंत्र के द्वारा किया जाता है और व्यायाम का इस्तेमाल होता है। साथ ही इसमें स्टीम का भी इस्तेमाल किया जाता है। यह भले ही उन्हें हल्के वेट कैटेगरी में ले जाता है, लेकिस इससे एथलीट में कमजोरी और ऊर्जा मे कमी आती है। इससे आपको उस कैटेगरी में खेलने में मुश्किल आती है।' डॉक्टर ने कहा- ऊर्जा को बनाए रखने के लिए हम एथलीट्स को पानी और उन्हें कुछ ऊजार्वान खाना देते हैं। इसको कैलकुलेट करने के लिए पहलवान के साथ मौजूद टीम जिम्मेदार होती है। विनेश को मैट पर उतरने के लिए जो डाइट की आवश्यकता थी, वह था 1.5 किलो। बुधवार सुबह 7.15 में जब उनका वजन मापा गया तो वह वजन के तय सीमा से 2.7 किलो ज्यादा था।' यानी विनेश का वजन 52.7 किलो था। प्री क्वार्टर फाइनल से पहले विनेश का वजन 49.9 किलो था, यानी उनके वजन में कुल 2.8 किलो की बढ़ोतरी हुई। डॉक्टर ने कहा- सुबह सात बजकर 15 मिनट से सात बजकर 30 मिनट का हमें समय दिया गया, हमने तब भी कोशिश की और सात बजकर 29 मिनट पर जब हमने फाइनल वजन कराया तो उसमें 100 ग्राम ज्यादा थे। अगर हमारे पास कुछ घंटों का और वक्त होता तो हम उस 100 ग्राम को भी मैनेज कर सकते थे, लेकिन हमारे पास समय नहीं था। जब वह डिसक्वालिफाई हो गईं तो हमने उन्हें रीहाइड्रेट करने की कोशिश की और उन्हें जरूर फ्लूइड दिए।

## विनेश फोगाट की जगह लेंगी युसनेलिस गुजमैन लोपेज



**पेरिस।** सेमीफाइनल में विनेश फोगाट से हारने वाली क्यूबा की पहलवान युसनेलिस गुजमैन लोपेज महिलाओं के 50 किग्रा फाइनल में भारतीय पहलवान की जगह लेंगी, क्योंकि विनेश पेरिस ओलंपिक में दूसरे दिन के वेट-इन में विफल रही थीं। आयोजकों ने बुधवार को यह जानकारी दी। विनेश को संयुक्त राज्य अमेरिका की सारा एन हिल्डेब्रांट के खिलाफ स्वर्ण पदक मुकाबले में प्रतिस्पर्धा करनी थी। नियम के अनुसार, विनेश (भारत) की जगह उस पहलवान को लिया जाएगा जो सेमीफाइनल में उसके खिलाफ हार गयी थी। इसलिए, क्यूबा की गुजमैन लोपेज युसनेलिस को फाइनल में लिया जाएगा, जिसे विनेश ने सेमी फाइनल में 5-0 से हराया।

## विनेश को अयोग्य घोषित किया जाना बहुत चौंकाने वाला : पीटी उषा

**पेरिस।** भारतीय पहलवान विनेश फोगाट के अयोग्य घोषित किए जाने के बाद भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने पहली प्रतिक्रिया दी है। भारतीय पहलवान विनेश फोगाट को वजन के नियमों का उल्लंघन करने के कारण 50 किलोग्राम महिला फ्रीस्टाइल कुश्ती के फाइनल में अयोग्य घोषित कर दिया गया था। उनका वजन निर्धारित मानक से 100 ग्राम अधिक था, जिसके कारण अधिकारियों ने कड़ा कदम उठाया। इस बीच, पीटी उषा ने विनेश के अयोग्य घोषित किए जाने को चौंकाने वाला बताया है और साथ ही कहा है कि आईओए उन्हें पूरा भावनात्मक और मेडिकल सपोर्ट प्रदान कर रहा है। आईओए प्रमुख ने कहा, विनेश को अयोग्य घोषित किया जाना बहुत ही चौंकाने वाला है। मैं उनसे ओलंपिक गांव के क्लिनिक में मिली, और उन्हें भारतीय ओलंपिक संघ, भारत सरकार और पूरे देश का पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया। हम विनेश को सभी तरह का मेडिकल और भावनात्मक सहयोग प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा, रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने यूडब्लूडब्लू को विनेश की अयोग्यता के फैसले पर फिर से विचार करने के लिए अपील की है। आईओए इस अपील को मजबूती से फॉलो कर रहा है।

## विनेश आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा : नीता अंबानी



नीता अंबानी ने कहा है कि विनेश ने बार-बार ये दिखाया है कि उनकी ताकत सिर्फ जीत में नहीं बल्कि विपरीत परिस्थितियों से उबरने की क्षमता में भी है। नीता अंबानी ने कहा कि विनेश आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा हैं। खासकर युवा लड़कियों और उनके माता-पिता के लिए जो उन्हें सपनों और दृढ़ता की शक्ति दिखाती है। विनेश आपकी इच्छाशक्ति किसी मेडल से भी बेहतर है। हम सब आपके साथ हैं।

# भारत सरकार ने विनेश को हरसंभव सहायता प्रदान की : मनसुख मंडाविया

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट को ओलंपिक से डिस्क्वालिफाई करने के मामले में केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने बुधवार को लोकसभा में बयान दिया। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने तथ्यों को सदन में रखते हुए बताया कि भारतीय रेसलर विनेश फोगाट को तय कैटेगरी में ज्यादा वजन (100 ग्राम) होने की वजह से पेरिस ओलिंपिक से बाहर होना पड़ा है। विनेश 50 किलोग्राम की कैटेगरी में खेल रही थी। स्पर्धा के लिए विनेश का वजन 50 किग्रा होना अनिवार्य था। अंतर्राष्ट्रीय कुश्ती संघ के नियमों के अनुसार, सभी प्रतियोगिताओं के लिए, संबंधित श्रेणी के लिए प्रत्येक सुबह वजन-माप का आयोजन किया जाता है। अनुच्छेद-11 के अनुसार, 'यदि कोई एथलीट वजन-माप (प्रथम अथवा द्वितीय) में भाग नहीं लेता है अथवा असफल हो जाता है, तो उसे प्रतियोगिता से बाहर कर दिया जाएगा और बिना किसी रैंक के अंतिम स्थान पर रखा जाएगा।' उन्होंने बताया कि 7 अगस्त 2024 को, 50 किग्रा महिला कुश्ती के लिए वजन का निर्धारण पेरिस समय के अनुसार 7:15 और 7:30 रेपेचेज और फाइनल में भाग लेने वाले पहलवानों के लिए किया गया था। विनेश का वजन 50 किलो 100 ग्राम पाया गया। इसलिए, वे स्पर्धा के लिए अयोग्य घोषित कर दी गई। भारत सरकार ने विनेश फोगाट की उनकी आवश्यकता के अनुसार हरसंभव सहायता प्रदान की है। उनके लिए पर्सनल स्टाफ भी नियुक्त किए गए हैं, जो अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ हैं। उनके साथ हंगरी के विख्यात कोच वोलेर अकोस और फिजियो अश्विनी पाटिल हमेशा रहते हैं।

उनको ओलंपिक के लिए इनके अतिरिक्त व्यक्तिगत सहायक स्टाफ जैसे विभिन्न स्पारिंग पार्टनर्स, स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग विशेषज्ञ के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि विनेश फोगाट को कोच के तौर पर वोलर अकोस, स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग विशेषज्ञ वेन पैट्रिक लोम्बार्ड, फिजियोथेरेपिस्ट अश्विनी जीवन पाटिल, स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग विशेषज्ञ मयंक सिंह गरिया और स्पारिंग पार्टनर के तौर पर शुभम और अरविंद को दिया गया। इनको पेरिस ओलंपिक चक्र के लिए सरकार की तरफ से कुल 70 लाख 45 हजार और 775 रुपए की वित्तीय सहायता दी गई।

## आप चैंपियन हैं : बोले पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में भारतीय महिला रेसलर विनेश फोगाट के अयोग्य घोषित होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बयान आया है। पीएम मोदी ने विनेश फोगाट का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि आप एक चैंपियन हैं। चुनौतियों का सामना करना हमेशा से आपका स्वभाव रहा है। इसके साथ ही पीएम मोदी ने कहा कि आप मजबूत होकर वापस आओ, हम सब आपके लिए प्रार्थना कर रहे हैं। इसी बीच पीएम मोदी ने विनेश फोगाट के अयोग्य घोषित होने पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ''विनेश, आप चैंपियनों में चैंपियन हैं! आप भारत का गौरव हैं और हर भारतीय के लिए प्रेरणा हैं। आज की असफलता दुख देती है। काश मैं शब्दों में उस निराशा को व्यक्त कर पाता जो मैं अनुभव कर रहा हूं। साथ ही, मैं जानता हूं कि आप लचीलेपन की प्रतिमूर्ति हैं। चुनौतियों का सामना करना हमेशा से आपका स्वभाव रहा है और मजबूत होकर वापस आओ! हम सब आपके लिए प्रार्थना कर रहे हैं।''

### पीएम मोदी ने की पीटी उषा से बात

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में भारतीय महिला रेसलर विनेश फोगाट के अयोग्य घोषित होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा से बात की। पीएम मोदी ने उनसे इस मुद्दे और विनेश फोगाट के बाहर होने के बाद भारत के पास मौजूद विकल्पों के बारे में जानकारी मांगी है। सूत्रों के अनुसार, पीएम मोदी ने पीटी उषा से विनेश के मामले में हर संभव सभी विकल्पों का पता लगाने के लिए कहा है।

> *भारतीय दल महिला कुश्ती 50 किग्रा वर्ग से विनेश फोगाट के अयोग्य घोषित किए जाने की खबर आपसे साझा करता है। रात भर टीम द्वारा किए गए बेहतरीन प्रयासों के बावजूद, आज सुबह उनका वजन 50 किग्रा से कुछ ग्राम अधिक था। इस समय दल द्वारा कोई और टिप्पणी नहीं की जाएगी। भारतीय दल आपसे विनेश की निजता का सम्मान करने का अनुरोध करता है। वह मौजूदा प्रतियोगिताओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहेगी।*
>
> **-भारतीय ओलंपिक संघ**

### कड़े संघर्ष और जुझारूपन से भरा है विनेश का जीवन

**नई दिल्ली।** विनेश फोगाट, वह नाम जो वर्षों से संघर्ष के कारण से चर्चा में रहा है। उनके फाइनल में पहुंचने के बाद भारत के खाते में पदक पक्का होने से देशवासी और खिलाड़ी खुश थे। हरियाणा में उसकी विधवा मां की तो जीवन की मुराद ही पूरी होने वाली थी। बत्तीस वर्ष की उम्र में पति की हत्या हो जाने, अनपढ व कैंसर से जूझती मां ने अपने बेटे व बेटियों को किस तरह पहलवान बनाने में अपने को झोंका और पति के सपनों को साकार किया, यह हर विपरीत परिस्थिति से जूझने का एक अलग ही अनूठा उदाहरण है।

## मुझे अपनी कमियों का पता होता तो मैं चैंपियन बनकर लौटती : लवलीना



**नई दिल्ली।** मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने पेरिस ओलंपिक से लौटने के बाद उन्होंने अपनी हार पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि जब मैं ओलंपिक में खेलने उतरी थी, तो जो सोचा था, वह नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि मैं इस हार को स्वीकार नहीं कर पा रही हूं। मुझे अपनी गलतियों का अहसास है। शायद मैं समझ नहीं पाई कि मुझमें क्या कमी रह गई। अगर मुझे अपनी कमियों का पता होता, तो मैं चैंपियन बनकर लौटती। अपने स्कोर के बारे में उन्होंने कहा कि हमारा खेल थोड़ा अलग है। इसमें यह नहीं पता चलता कि स्कोरिंग कैसे होती है। हमें लगता है कि हम जीत रहे हैं और विरोधी को भी यही लगता है। लेकिन यह जजों की सोच पर निर्भर करता है कि वे स्कोर कैसे देते हैं। इसमें आप सही या गलत नहीं कह सकते, जो भी फैसला आता है, उसे स्वीकार करना होता है। मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन को रविवार को पेरिस में चीन की ली कियान के साथ क्वार्टर फाइनल में कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा।

# मनु भाकर भारत लौटीं, दिल्ली एयरपोर्ट पर हुआ भव्य स्वागत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन और दो ओलंपिक मेडल के साथ बुधवार को स्वदेश लौटी मनु भाकर का दिल्ली एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत हुआ। जैसे ही मनु एयरपोर्ट से बाहर निकली उनके माता-पिता ने उन्हें गले लगाकर उनका माथा चूम लिया। मनु के साथ उनके कोच जसपाल राणा का भी सभी ने जोरदार स्वागत किया। मनु भाकर के एयरपोर्ट पर स्वागत के लिए उनके माता-पिता, परिवार के सदस्यों के साथ दिल्ली, हरियाणा और उत्तराखंड के लोग भी पहुंचे। मनु भाकर के एयरपोर्ट पहुंचने से पहले टर्मिनल-3 भारत माता के जयकारों से गूंज उठा। मनु भाकर के कोच जसपाल राणा मूल रूप से उत्तराखंड के रहने वाले हैं और मनु भाकर की जीत में उनका बड़ा योगदान है। इसलिए न सिर्फ मनु भाकर के लिए बल्कि उनके कोच जसपाल राणा के लिए भी समर्थकों में उत्साह दिखा। इस मौके पर कोच जसपाल राणा के पिता नारायण राणा भी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि एक ओलंपिक में दो पदक जीतकर मनु ने इतिहास रचा है। हमें बहुत खुशी है।



## अगर नीरज चोपड़ा स्वर्ण पदक जीतते हैं तो जीडी गोयनका विवि खेल छात्रवृत्ति में 1 करोड़ रु देगा

**नई दिल्ली।** भारत के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों में से एक, जीडी गोयनका विश्वविद्यालय को खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को छात्रवृत्ति के रूप में 1 करोड़ रुपये की उल्लेखनीय घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, अगर देश के प्रतिष्ठित एथलीट, नीरज चोपड़ा पेरिस 2024 ओलंपिक में स्वर्ण पदक हासिल करते हैं। 8 अगस्त, 2024 को होने वाले पुरुषों के भाला फेंक के फाइनल के साथ, सभी की निगाहें भारत के गोल्डन ब्वाय नीरज चोपड़ा पर रहेंगी, जो स्वर्ण पदक जीतेंगे और देश को फिर से गौरवान्वित करेंगे। इसे देखते हुए, जीडी गोयनका विश्वविद्यालय छात्रों की खेल उपलब्धि के आधार पर 1 करोड़ रुपये की असाधारण छात्रवृत्ति के साथ उनकी सफलता का जश्न मनाने और खेल में उत्कृष्टता का समर्थन करने के लिए तैयार है।

# पेरिस ओलंपिक: हॉकी के फाइनल में पहुंचा जर्मनी, बढ़त बनाने के बाद हारी भारतीय टीम

एजेंसी

**पेरिस।** जर्मनी ने हॉकी के सेमीफाइनल मुकाबले में भारतीय टीम को हराकर पेरिस ओलंपिक 2024 के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। वहीं भारतीय हॉकी टीम के लिए इस हार के बाद पेरिस ओलंपिक का सफर थम गया है। कांटे की इस टक्कर में पहला गोल कर बढ़त बनाने वाली हॉकी इंडिया आखिरी के छह मिनटों में गोल नहीं कर पाने की वजह से पेरिस ओलंपिक में पदक की रेस से बाहर हो गई। हालांकि पूरा मैच जर्मनी के डिफेंस और भारतीय आक्रमण के लिए याद किया जाएगा। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने जर्मनी के खिलाफ सेमीफाइनल मैच में शुरूआत से ही तेजी दिखाई और पहले क्वार्टर में ही 1-0 की बढ़त बनाई। भारत के लिए हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर को भुनाते हुए गोल किया और भारत को बढ़त दिलाई। हरमनप्रीत का पेरिस ओलंपिक का यह आठवां गोल रहा। वहीं जर्मनी ने दूसरे क्वार्टर में मिले पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। जर्मनी के लिए 18वें मिनट में गोंजालो पिलाट ने गोल दागा। दूसरे क्वार्टर में ही मिले पेनल्टी स्ट्रोक पर क्रिस्टोफर रुएहर ने शानदार गोल दागा और टीम को 2-1 की बढ़त दिला दी। क्वार्टर के 27वें मिनट में जर्मनी के लिए यह गोल आया। पहले क्वार्टर में 1-0 की बढ़त बनाने के बाद दूसरे क्वार्टर में 2-1 पिछड़ी भारतीय टीम ने तीसरे क्वार्टर में वापसी की। मैच के 36वें मिनट में सुखजीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दीलल किया और स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया।

## एक नजर

### निरंजन पासवान ने दर्जनों गांव का किया दौरा

**पाटन।** पाटन के दर्जनों गांव का भ्रमण कर भाजपा नेता निरंजन पासवान ने ग्रामीण से मिलकर केंद्र सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चलाए गए दर्जनों योजनाओं के बारे मे लोगो को अवगत कराया। लोगों को बताया की अबकी विधानसभा चुनाव में राज्य में भाजपा की सरकार बनेगी।भ्रमण के दौरान कूडूवा, किशुनपुर, पाटन, सगुना, पाल्हे, नौडीहा, कोकर्षा, गंगातुवा, मानहार गांव तुम संपर्क चलाया।साथ में उमेश पासवान, योगिंद्र पांडेय, विजय कुमार पांडेय मौजूद थे।

### कार से 1008 बोतल देशी शराब बरामद चार तस्कर गिरफ्तार

**हरिहरगंज।** पिपरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुड़वा गांव के समीप होल्या मोड़ से पुलिस ने एक कार से 1008 बोतल देशी शराब बरामद किया है. साथ ही चालक समेत चार शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है. शराब की खेप झारखंड से बिहार के टंडवा ले जाया जा रहा था. पिपरा थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई पलामू एसपी रीष्मा रमेशन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गयी है. सूचना पर कार्रवाई करते हुए छतरपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नौशाद आलम के नेतृत्व में टीम गठित कर पिपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार व पुलिस बल के साथ होल्या मोड़ पर वाहन चेकिंग के दौरान अपराह्न 4 बजे पिपरा बाजार की तरफ से पल्सर बाइक न. (बीआर26 क्यू5098) से दो व्यक्ति तथा उनके पीछे एक अल्टो सुजुकी कार नम्बर (जेएच01 इ एक्स 3239) आता दिखाई दिया. पुलिस द्वारा उसे रुकने का इशारा करने पर चालक वाहन को लेकर भागने का प्रयास किया. जिससे पुलिस बल द्वारा दबोच लिया गया।

### भुड़ली पहाड़ पर भगवान इंद्र का हुआ विशेष पूजा-अर्चना

विश्रामपुर। सैकडों वर्षों से चली आ रही धार्मिक परंपरा के अनुसार विश्रामपुर नप के भुड़ली पहाड़ की चोटी पर भगवान इंद्र की विशेष पूजा-अर्चना किसानों द्वारा किया गया.इस विशेष पूजा-अर्चना में दर्जन भर गांव के किसान शामिल हुये.स्थानीय लोगों में धार्मिक मान्यता है कि भगवान इंद्र के इस विशेष पूजा-अर्चना के बाद क्षेत्र में अच्छी बारिश होती है.इस विशेष धार्मिक अनुष्ठान के एक दिन पहले किसान भुड़ली पहाड़ पर जाकर भगवान इंद्र सहित कई देवी-देवताओं को जयघोष के बीच आमंत्रित करते हैं.उसके दूसरे दिन अहले सुबह से भगवान इंद्र की विशेष पूजा-अर्चना होती है.कर्मकांडी पुरोहित अच्यूता नंद पांडेय के द्वारा भगवान इंद्र की विशेष पूजा व अनुष्ठान संपन्न कराया गया.पूजा संपन्न होने के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया.समाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय ने बताया कि भगवान इंद्र की यह विशेष पूजा-अर्चना प्रत्येक सावन माह

### छत्तीसगढ़ में सोना महल ने मचाई धूम

**मेदिनीनगर।** उत्तरी झारखंड के प्रसिद्ध ज्वैलरी ब्रांड सोना महल छत्तीसगढ़ अंबिकापुर में भी अपना होगा परचम लहरा रही है। सोना महल द्वारा अंबिकापुर में मंगलवार को ज्वेलरी फैशन शो सह बंपर लक्की ड्रा का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम पुरस्कार होंडा अमेज कार के विजेता विवेक सिंह को चमचमाती कार की चाभी सौंपी गई। ब्रांड के संस्थापक सोनी बंधुओं द्वारा इस ज्वेलरी फैशन शो आयोजन में दिल्ली, मुंबई, राजकोट, दुबई के नए आधुनिक हीरे एवं सोने की आभूषणों की डिजाइनों को प्रदर्शित किया गया। हमेशा से सोना महल का प्रयास ग्राहकों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने में रहा है। सोना महल के संचालक धनंजय सोनी का कहना है कि ग्राहकों को खरीदारी के साथ-साथ कुछ गिफ्ट दे दिया जाए तो इससे ग्राहकों का विश्वास प्रतिष्ठान में बना रहता है।

### बीडीओ ने पंचायत सचिवालय का किया निरीक्षण

# तकनीकी खराबी दुरुस्त होते ही प्रक्रिया शुरू हो जायेगी : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार** बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव ने प्रखंड के विभिन्न पंचायत सचिवालय एवं प्रज्ञा केंद्रों का निरीक्षण कर मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के प्रगति की जानकारी ली. बालूमाथ पंचायत सचिवालय एवं प्रज्ञा केंद्र के निरीक्षण के क्रम में योजना से निबंधन कराने वाली महिलाओं ने फॉर्म की अनुपलब्धता एवं सर्वर डाउन रहने के कारण निबंधन नहीं होने की शिकायत की. बीडीओ ने महिलाओं की परेशानियों को देखते हुए प्रज्ञा केंद्रों में भरे हुए फॉर्म जमा कराने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि तकनीकी खराबी दुरुस्त होते ही निर्बाध रूप से निबंधन की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी.

# मध्य विद्यालय पथरा में नेत्र जांच शिविर का आयोजन



**हुसैनाबाद।** प्रखंड अंतर्गत राजकीय कृत मध्य विद्यालय पथरा में राज्यव्यापी 'नेत्र जांच कार्यक्रम' के तहत 05 वर्ष से 14 वर्ष तक के स्कूली बच्चों का नेत्र जांच किया गया।इस दौरान डॉ. कोमल राम व डॉ. दयानंद कुमार ने बच्चों का निकट दृष्टि दोष,दीर्घ दृष्टि दोष,आँख से पानी आना,आखों में खुजलाहट, लालिमा,सिरदर्द, नेत्र गोलक तिरछापन इत्यादि लक्षणों की जांच की।साथ ही आवश्यक दवाइयां तथा चश्मा प्रदान किया गया।मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामराज पासवान तथा प्रभारी प्रधानाध्यापक कमलनाथ वर्मा के द्वारा मेडिकल टीम को भरपूर सहयोग किया गया। मौके पर सहायक शिक्षक विनय कुमार रवि, सहायक अध्यापक कविंद्र कुमार पासवान, धीरेंद्र कुमार चौधरी, सहायक अध्यापिका शमीम बेगम तथा छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर हरिहरगंज का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने की चोरी

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के सतगावां स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना का अंजाम दिया है. घटना मंगलवार देर रात की है. विद्यालय के प्रधानाध्यापक विजयेंद्र प्रसाद ने गुरुवार की सुबह जब स्कूल पहुंचे, तो देखा कि मेन गेट के दरवाजे का ताला टूटा हुआ है. अंदर जाकर देखा तो प्रधानाचार्य तथा एकाउंटेंड कक्ष का भी ताला टूटा हुआ तथा दरवाजा खुला हुआ था. दोनों ऑफिस में रखें अलमारी का भी दरवाजा खुला हुआ और सभी सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था. प्रधानाचार्य श्री प्रसाद ने बताया कि स्कूल के अलमारी में रखे लगभग 500 रुपए भी गायब थे. उन्होंने तुरंत इस घटना की सूचना हरिहरगंज पुलिस को दिया. सूचना मिलते ही हरिहरगंज थाना के एएसआई रविंद्र सिंह पुलिस बल के साथ स्कूल पहुंचे और घटना का निरीक्षण किया. उन्होंने स्कूल के शिक्षक से पूछताछ करते हुए मामले की जानकारी लिया. हरिहरगंज पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने कहा कि पुलिस के द्वारा छानबीन अभियान चलाया जा रहा है. जल्द ही चोरों को गिरफ्तार किया जाएगा. घटना की जानकारी मिलने पर विद्यालय के अध्यक्ष राजीव रंजन, सचिव प्रदीप वर्मा, शिक्षक संजय सिंह, मोहन ठाकुर, निलीमा मेहता सहित कई लोग पहुंचकर चोरी कि घटना की जानकारी लिया.

# हेमंत सरकार बेहतर कार्य कर रही है: मंत्री मिथिलेश



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा** पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर नेमेराल प्रखंड के विकताम, अरंगी एवं ओखरगाड़ा पश्चिमी पंचायत के विभिन्न गावों में जनता संवाद आयोजित कर ग्रामीणों की समस्या सुनी. मंत्री ने ग्रामीणों की समस्या से रू-ब-रू होते हुए कई समस्या का ऑन द स्पॉट निदान किया. साथ ही शेष समस्या का निदान यथाशीघ्र करने बात कही. इस दौरान मंत्री ठाकुर ने विकताम में शिव मंदिर के समीप, ग्राम बसरिया में स्कूल के समीप ग्राम बौराहा में टुनटुन साव के भंडार के समीप, ग्राम कमरमा एवं सिकनी के ग्रामीणों के साथ असरेश सिंह के घर व सिकनी मदरसा के समीप, ओखरगाड़ा में शिव स्थान के समीप, ग्राम सिहो में आशीष अग्रवाल के घर के समीप, ग्राम टिकुलडीहा में स्कूल के समीप तथा ग्राम दलेली में बंशीधर यादव, फागु महतो के घर के समीप जनता संवाद का आयोजन किया. इस दौरान ग्रामीणों ने मंत्री का माला पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर काफी गर्मजोशी से स्वागत किया. मौके पर मंत्री ठाकुर ने कहा कि केंद्र की सरकार झारखंड के विकास एवं झारखंडियों की आवाज को दबाना चाहती है. आज झारखंड में हेमंत सरकार अपने बल बूते पर पूरे देश में बेहतर कार्य कर रही है. गरीबों, मजदूरों, किसानों, माताओं, बहनों सभी को उनका पूरा हक एवं अधिकार मिल रहा है. यह बात केंद्र सरकार को हजम नहीं हो रहा है. यही कारण है कि झारखंड सरकार को तबाह करने के लिए केंद्र हर गलत हथकंडा अपना रही है. उन्होंने कहा कि न्यायपालिका पर उन्हें पूरा भरोसा है.

### दानरो नदी पर छह करोड़ से बनेगा उच्चस्तरीय पुल

गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के गढ़वा सदर प्रखंड अंतर्गत मधेया पंचायत में अंजान शहीद के समीप दानरो नदी पर पांच करोड़ 90 लाख 90 हजार 600 रुपये की लागत से उच्च स्तरीय पुल का निर्माण किया जाएगा. ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है. मुख्यमंत्री ग्राम सेतू योजना के तहत इसका निर्माण किया जाएगा. जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि पुल निर्माण की स्वीकृति झारखंड सरकार ने प्रदान कर दी है. जल्द ही निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा. मंत्री ने बताया कि दानरो नदी पर लगभग 152.16 मीटर लंबी पुल का निर्माण किया जाएगा. यह मधेया-भरठिया रोड को जोड़ेगा.

### ओबीसी एकता अधिकार रथ पहुंचा सोनपुरवा

गढ़वा। ओबीसी एकता अधिकार मंच, झारखंड प्रदेश के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद के नेतृत्व में राजधानी रांची से चलकर गढ़वा जिला के मंझिआंव प्रखंड के ग्राम सोनपुरवा पहुंचा. जहां ओबीसी एकता अधिकार सह न्याय रथ यात्रा के साथ विशाल जनसभा का आयोजन किया गया. मौके पर केंद्रीय सचिव आनंद विश्वकर्मा ने कहा कि झारखंड अलग होने के बाद यहां पिछड़ा एवं ओबीसी आबादी 60 प्रतिशत से अधिक है. फिर भी सामाजिक आर्थिक आधार पर ओबीसी के लिए 14 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था लागू की गई है. जो उचित नहीं है. झारखंड में रहने वाले पिछड़े एवं अति पिछड़े वर्ग के द्वारा जातीय जनगणना के आधार पर 52 प्रतिशत आरक्षण की मांग के समर्थन की आवाज उठानी जरूरी है. हर सरकार को पिछड़े वर्ग के लोगों को सभी क्षेत्रों में आरक्षण लागू करना होगा. मौके पर कपिलदेव चौधरी, रामाशीष चौधरी, विनोद चौधरी आदि ने भी संबोधित किया. मौके पर ओंकार चौधरी, अरुण कुमार चौधरी, अमर प्रसाद सहित काफी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित थे.

# सोन नदी का जलस्तर बढ़ा, सैकड़ों एकड़ में लगी फसल बर्बाद



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा** कांडी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रविवार की देर शाम सोन नदी में आई बाढ़ के पानी से सोन तटीय इलाके की सैकड़ों एकड़ में लगी धान, मक्का, अरहर व तिल की फसल पूरी तरह जलमग्न हो गई. विदित हो कि सोन नदी का जलस्तर काफी तीव्र गति से बढ़ रहा था. जिसे लेकर सोन तटीय इलाका सोनपुरा, बरवाडीह, सुंडीपुर, बनकट सहित अन्य गांव के लोग बाढ़ की भय से पूरी रात जागते रहे. सोन नदी की बढ़ते जल स्तर से सोन तटीय इलाके के लोग अपने-अपने पालतू जानवरों को सुरक्षित स्थान पर ले जाकर रखे. बाढ़ का पानी नारायणपुर गांव स्थित पुलिया से होकर बेलहत, चोका, सोनपुरा, बरवाडीह, बलियारी गांव के दोहर में घुस गया. जहां किसानों द्वारा लगाए गए सैकड़ों एकड़ में लगा धान का फसल जलमग्न हो गया. जबकि दर्जनों की संख्या में मोटर व डीजल पंप पानी में डूब गए. किसानों द्वारा खून पसीना एवं कर्ज लेकर किसी तरह खेतों में फसल लगाये थे. परंतु प्राकृतिक आपदा ने किसानों की कमर तोड़ दी. अपने-अपने खेतों में फसलों को बर्बाद देख कर किसानों के बीच मायूसी छाई हुई है. स्थानीय किसान भोला मेहता, दिनेश मेहता, बलियारी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि ललन मेहता, अरविंद कुमार मेहता, रामप्रवेश चौधरी, धर्मेंद्र मेहता, शिव नारायण मेहता, विनोद मेहता, रूपदेव चौधरी, आलोक चौधरी, महेश चौधरी ने जिला प्रशासन से बर्बाद फसलों की क्षतिपूर्ति की मांग की है.

### माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड के शाखा प्रबंधक पर लेस्लीगंज थाने में प्राथमिकी

**नीलांबर- पीतांबरपुर।** प्रयत्न माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड के लेस्लीगंज शाखा प्रबंधक संतोष राम पर कंपनी के आरएम शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने लेस्लीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। संतोष राम पर 10 लाख 91 हजार 871 रूपया गबन करने का आरोप लगा है। शाखा प्रबंधक ऋण धारकों का 8 लाख 26 हजार 361 रूपए तथा बोल्ट से 2 लाख 65 हजार 510 रूपए लेकर एक सप्ताह पूर्व फरार हो गया है।

# हैदरनगर व मोहम्मदगंज में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यशाला का हुआ आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता। हुसैनाबाद** बुधवार को हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के मोहम्मदगंज प्रखंड व हैदरनगर प्रखंड में आगामी 10 अगस्त 2024 से आरंभ होने वाले फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर सभी जान प्रतिनिधियों को एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। उन्मुखीकरण कार्यशाला में प्रशिक्षक अनिल कुमार, प्रतिनिधि, पीरामल फाउंडेशन से, दिलीप कुमार, एम पी डब्लू, धीरेन्द्र कुमार, एम टी एस, विजय कुमार आदि उपस्थित थे, उपस्थित प्रशिक्षक के द्वारा बताया गया कि सभी जन प्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया कि फाइलेरिया अभियान में खिलाई जाने वाली दवा पूरी तरह से सुरक्षित है, तथा सर्वजन इसका सेवन करें और हांथी पाव से मुक्ति पाएं, साल में बस एक खुराक काफी है, दवा खाली पेट नहीं खाना है, साथ ही, एक वर्ष से काम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिला और गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को दवा नहीं खाना है, साथ ही अनुरोध किया गया कि दवा को लेकर आमजनों में किसी भी प्रकार की गलतफहमी को दूर करने में भी सभी जनप्रतिनिधि सहयोग करें।

### परेशानी

### सड़क पर जलजमाव, लोगों का घरों से निकलना हुआ मुश्किल

# पानी के जमाव से स्कूल नहीं जा पा रहे बच्चे



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार** नगर पंचायत क्षेत्र का एक ऐसा मुहल्ला है जहां लोग जलजमाव के कारण अपने घरों से नहीं निकल पा रहे हैं. हम बात कर रहे हैं शहर के पुलिस निरीक्षक बंगला के पीछे स्थित गायत्री नगर मुहल्ले की. इस मुहल्ले के एक इलाके में जलजमाव के कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है. यह परेशानी एक दिन की नहीं बल्कि पिछले 15 दिनों से अधिक की है. लोग अपने घरों से निकल नहीं पा रहे हैं. बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं. बच्चों को अभिभावक गोद में उठा कर जलजमाव को पार कर रहे हैं. लोगों को अपने घरों से तोलिया लपेट कर निकलना पड़ रहा है. जलजमाव पार कर सूखे स्थान पर जाकर पैंट व जूते पहन रहे हैं. लोगों का कहना है कि पानी में सांप व अन्य जहरीले जीव जंतु के काटने का अंदेशा हमेशा बना रहता है. लेकिन मजबूरी है तो इसी पानी से गुजरना पड़ता है. इसी से लोगों की परेशानियों का अंदाजा लगाया जा सकता है. बता दें कि इस इलाके में दो दर्जन से अधिक पक्के मकान हैं. लोगों को आधा किलोमीटर दूर चटनाही से होकर शहर पहुंचना पड़ रहा है. ऐसे में किसी इमरजेंसी या रात में लोगों को काफी परेशानी हो रही है.

### रसोई गैस व पानी वाहन नहीं जा पा रहे हैं

: सबसे अधिक परेशानी उन लोगों को हो रही है जिनके यहां गैस या पानी खत्म हो जा रहा है. रसोई गैस एजेंसियों के गाड़ी इन इलाकों में जल जमाव के कारण जाना छोड़ दिया है. इन वाहन चालकों का कहना है कि यहां पीसीसी सड़क है और सड़क के दोनो किनारों पर गड्ढे हैं. जलजमाव के कारण पता ही नहीं चल पा रहा है कि सड़क कहां है. ऐसे में जान जोखिम में डाल कर वे उस मुहल्ले में नहीं जा सकते हैं. ऐसे में लोगों को मोटरसाइकिल में रसोई गैस ढोना पड़ रहा है. बता दें कि इस मुहल्ले में बरसाती पानी के निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है.

### मां का दूध बच्चों के लिए अमृत के तुल्य : मीना कुमारी

**मेदिनीनगर।** योध सिंह नामधारी महिला महाविद्यालय में गृह विज्ञान विभाग व एनएसएन के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को विश्व स्तनपान दिवस के अवसर पर मां का दूध अमृत के तुल्य विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मीना कुमारी ने की। विषय प्रवेश डॉ. मिनी टुडू ने कराया। उन्होंने कहा कि एनएफएच आर-5 के अनुसार 1 घंटे के अंदर स्तनपान करने वाले बच्चों की संख्या बहुत कम हो गई है, जो की बहुत ही चिंता का विषय है। मां का पहला गाढ़ा दूध जिसे कोलेस्ट्रॉम के नाम से जाना जाता है वह बच्चों के लिए इम्यूनिटी बूस्टर का काम करता है। अज्ञानतावश महिलाएं अपने नवजात को नहीं पिलाती हैं।

## न्यूज बॉक्स

### अजय गुप्ता को प्रदेश मंत्री बनाए जाने पर पांकी वासियों में खुशी की लहर



**पांकी।** अजय गुप्ता को भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मंत्री बनाए जाने पर पांकी प्रखंड वासियो सहित कार्यकताओं में हर्ष व्याप्त है यहां के स्थानीय लोगों ने कहा कि अजय गुप्ता जी के कुशल नेतृत्व क्षमता एवं कुशल व्यवहार का ही नतीजा है कि आज प्रदेश नेतृत्व ने झारखंड प्रदेश ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मंत्री में उन्हें बड़ी जिम्मेवारी सौपी है उनके नेतृत्व में पार्टी व संगठन को मजबूती मिलेगी। प्रदेश मंत्री बनाए जाने पर अजय गुप्ता जी को लगातार क्षेत्र से व प्रदेश से बधाइयां मिल रही है।

### रक्तदान कर अनूज ने गर्भवती महिला की मदद की

**लातेहार।** कहते हैं कि अगर मानवता का परिचय देना हो या फिर किसी की मदद करनी हो तो रक्तदान से बड़ा कोई कार्य नहीं हो सकता है. कुछ ऐसा ही मानना है शहर के जेएनवी रोड के युवा अनूज प्रसाद का. अनूज ने रक्तदान कर सदर अस्पताल में भर्ती एक अनजान गर्भवती महिला की मदद की. दरअसल सदर अस्पताल में स्थानीय रवि भगत की पत्नी लीलावती देवी प्रसव (डिलीवरी) के लिए भर्ती थी. उसे बी पॉजिटीव ब्लड की जरुरत थी. लेकिन लातेहार ब्लड बैंक में इस ग्रुप का ब्लड नहीं था. किसी ने स्वेच्छिक रक्तदान के वाट्सएप्प ग्रुप में रक्तदान करने की अपील की. जिसे देख अनूज स्वयं ब्लड बैंक पहुंचे और उस महिला के लिए रक्तदान किया. अनूज ने शुभम संदेश को बताया कि यह उसका पांचवा रक्तदान है. कहा कि रक्तदान कर उसे काफी सुकून मिलता है. उसने अन्य युवाओं से भी रक्तदान करने की अपील की. कहा कि आपके द्वारा किये गये रक्तदान से किसी की जान बचायी जा सकती है. अनूज के इस पुनित कार्य के लिए लीलावती देवी के परिजनों ने उसके प्रति आभार प्रकट किया.

### नगर पंचायत ने चलाया ट्रेड लाइसेंस चेकिंग अभियान, वसूले आठ हजार

**लातेहार।** नगर प्रशासक राजीव रंजन के निर्देश पर नगर प्रबंधक राज कुमार वर्मा ने शहर में ट्रेड लाइसेंस चेकिंग अभियान चलाया. इस अभियान के तहत नगर पंचायत क्षेत्र के थाना चौक के पास कई दुकानों में ट्रेड लाइसेंस की जांच की गयी. इन प्रतिष्ठानों में हाई फैशन, आइएस कंप्यूटर प्रेस, राजेश फल दुकान, हिंद वाच व सोनू वस्त्रालय शानिल हैं. ट्रेड लाइसेंस की जांच कर आठ हजार राजस्व की वसूली की गयी. अभियान में स्पैरो टीम लीडर आदित्य कुमार व टीसी बिरसा उरांव शामिल थे. नगर प्रबंधक राज कुमार वर्मा ने बताया कि ट्रेड लाइसेंस चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा. उन्होंने उन प्रतिष्ठानों से नगर पंचायत कार्यालय आकर ट्रेड लाइसेंस बनवाने की अपील की, जिन्होंने अभी तक नहीं बनाया है. कहा कि बिना ट्रेड लाइसेंस के प्रतिष्ठान का संचालन करना प्रावधानों के विपरित है. बिना ट्रेड लाइसेंस प्रतिष्ठान का संचालन करने पर जुमार्ना वसूलने और दुकान को सील करने का प्रावधान है. उन्होंने वैसे प्रतिष्ठान, जिन्होंने अभी तक ट्रेड लाइसेंस रिन्यूअल नहीं कराया है, उनको लाइसेंस रिन्यूअल कराने की अपील की है.

## पेज एक का शेष

### मानकी व परगनैत...

राजकीय कोडरमा और चाईबासा जिलों में 100-100 एमबीबीएस सीट के मेडिकल कॉलेज स्थापना के लिए नियमों के अनुसार शैक्षणिक पदों का सृजन करने की स्वीकृति दी गई।
-एमडीएफ मत के तहत जिन जनों को 30 करोड़ राशि उपलब्ध है, उन्हें अनटाइड फंड से कम राशि दी जाएगी।
-लातेहार जिला में अवस्थित बिहार साल्वेंट एंड केमिकल लिमिटेड के अधिग्रहण पर वन विभाग के प्रस्ताव पर निर्णय लिया गया।
-वनरक्षी के 1553 पदों का प्रत्यापन करते हुए प्रधान वनरक्षी के 1315 पद इस सृजन की स्वीकृति दी गई।
-राज्य के पारंपरिक्रग्राम प्रधानों की दी जाने वाली सम्मान राशि बढ़ायी जायेगी।
-सरकार ने परंपागत पदाधिकारी मानकी, परगनैत, मुंडा, ग्राम प्रधान, डाकुवा, पराणिक, बीबीनायकी, गोड़ेत, मूल रैयत, ग्रामीण दिउरी, पहड़ा राजा, ग्रामसभा का प्रधान, घटवार व तावेदन को देय सम्मान राशि को दोगुना करने का फैसला लिया है।
-मानकी व परगनैत को 6,000 रुपये एवं मुंडा एवं ग्राम प्रधान की 4,000 रुपये सम्मान राशि दी जायेगी जबकि अन्य पारंपरिक ग्राम प्रधानों को 2000 रुपये प्रतिमाह दिए जायेंगे। इस बढ़ोतरी से सरकार को अतिरिक्त 44.79 करोड़ का बोझ पड़ेगा। इसमें करीब 89.58 करोड़ की राशि खर्च होगी।
-राज्य के पारंपरिक्रग्राम प्रधानों की दी जाने वाली सम्मान राशि बढ़ायी जायेगी।

### गरिमा व भव्यता...

बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के सचिव कृपानंद झा, राज्य के आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा एवं उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### बांग्लादेश में जारी...

इसी तरह, नटोर-2 (सदर और नाल्दंगा) निर्वाचन क्षेत्र के सांसद शफीकुल इस्लाम शिमुल के घर में भीड़ ने आग लगा दी, इसमें चार लोगों की मौत हो गई। बाद में उनके शव घर के अलग-अलग कमरों और बालकनी में पाए गए। ढाका में गुलिस्तान क्षेत्र में अवामी लीग के केंद्रीय कार्यालय के कुछ हिस्सों में आग लगा दी गई, जबकि सैकड़ों लोगों ने जलती हुई इमारत से फर्नीचर, टाइलें, छड़ें और अन्य सामान लूट लिए। शेख हसीना के इस्तीफे के तुरंत बाद कार्यालय में आग लगा दी गई थी और मंगलवार को दोपहर करीब 12.30 बजे फिर से हमला किया गया। फेनी में स्थानीय पुलिस को बुधवार को जुबा लीग के दो नेताओं मुश्फिकुर रहीम और बादशा मियां के शव मिले। देश भर में अवामी लीग के नेता और अल्पसंख्यक जारी हिंसा का मुख्य निशाना बन रहे हैं। एक विनाशकारी घटना में, खुलना डिवीजन में जबीर इंटरनेशनल होटल में भीड़ द्वारा आग लगाए जाने से 24 लोग मारे गए। यह होटल जशोर जिला अवामी लीग के महासचिव शाहीन चकलादार का है। अग्निशमन सेवा के उप निदेशक मामून महमूद ने कहा, शव अलग-अलग मंजिलों पर पड़े थे। आग मंगलवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 5.45 बजे बुझा दी गई।

### एयर इंडिया का...

एयर इंडिया ने देररात जारी बयान में कहा कि एयरलाइन नई दिल्ली से ढाका के बीच अपनी दो दैनिक उड़ानों का संचालन बुधवार से बहाल करेगा। इससे एक दिन पहले कंपनी ने बांग्लादेश की राजधानी ढाका के लिए अपनी सुबह की उड़ान को रद्द कर दिया था, लेकिन शाम की उड़ान को तय समय पर रवाना किया था। विस्तारा और इंडिगो एयरलाइंस भी बुधवार से तय समय-सारिणी के मुताबिक ढाका के लिए उड़ानों का संचालन करेंगी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज







CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# पूर्व पीएम शेख हसीना ने हिंडन में सेफ हाउस में बिताई दूसरी रात

एजेंसी



**गाजियाबाद।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना अपनी बहन के साथ गाजियाबाद में हिंडन एयरबेस के सेफ हाउस में रुकी हुई हैं। शेख हसीना की यह दूसरी रात सेफ हाउस में कटी। मंगलवार को दिन भर हिंडन एयर बेस में वीवीआईपी मूवमेंट देखने को मिला। बांग्लादेश एंबेसी की कई गाड़ियां भी हिंडन एयरबेस के अंदर जाती हुई दिखाई दी। सूत्रों की मानें तो जल्द ही शेख हसीना के मूवमेंट का प्लान बन सकता है, जिसके लिए लगातार तैयारी की जा रही है। हिंडन एयर बेस के बाहर सब कुछ सामान्य तरीके से चल रहा है, लेकिन अंदर सेफ हाउस के आसपास की सुरक्षा व्यवस्था काफी कड़ी कर दी गई है। सेफ हाउस तक किसी आम इंसान का पहुंचना बिल्कुल नामुमकिन है। साथ ही सेफ हाउस का रास्ता हिंडन एयरबेस के मुख्य द्वार से किसी भूल भुलैया से कम नहीं है। कई किलोमीटर में पहले इंडियन एयर बेस में सेफ हाउस तक कैसे पहुंच जाए यह वहां के कर्मचारी ही जानते हैं। बांग्लादेश में हिंसा के बाद भारत पहुंची बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना ने उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में हिंडन एयर बेस में बने सेफ हाउस में अपनी दूसरी रात बिताई है।

## बांग्लादेश में जारी हिंसा पूर्वोत्तर राज्यों के लिए चिंता का विषय : हिमंता



गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि बांग्लादेश में जारी हिंसा पूर्वोत्तर राज्यों के लिए गहरी चिंता का विषय है। पड़ोसी देश कभी भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में सक्रिय आतंकवादी संगठनों के लिए सुरक्षित पनाहगाह के रूप में काम करता था। हिमंता बिस्वा सरमा ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा, हमने अतीत में देखा है कि बांग्लादेश असम और पूर्वोत्तर के अन्य राज्यों में सक्रिय कई आतंकी संगठनों के लिए सुरक्षित पनाहगाह के रूप में काम करता रहा है। पिछले 15 वर्षों से पड़ोसी देश में शेख हसीना सरकार के कार्यकाल के दौरान स्थिति बदल गई। बांग्लादेश इस समय अशांति से गुजर रहा है, इसलिए हम बेहद चिंतित हैं। गैरकानूनी संगठन इस स्थिति का फायदा उठा सकते हैं और उन्हें ताकत मिल सकती है।

# वायनाड में मरने वालों की संख्या 413 पहुंची

एजेंसी

**वायनाड।** केरल के वायनाड में विनाशकारी भूस्खलन में मरने वालों की संख्या 413 पहुंच गई है। 152 लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। बचाव अभियान नौवें दिन भी जारी है। रक्षा बलों, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस, अग्निशमन सेवाओं और स्वयंसेवकों के कर्मियों वाली 1,000 से अधिक सदस्यीय बचाव टीम ने बुधवार सुबह चार सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों चूरलमाला, वेल्लारीमाला, मुंडक्कई और पुंचिरिमाडोम में तलाशी अभियान शुरू किया। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कहा है कि जब तक रक्षा बल कोई फैसला नहीं ले लेते, तलाशी अभियान जारी रहेगा। वर्तमान में सर्च अभियान अब उन क्षेत्रों में चल रहा है जहां लोग रहते थे और 30 जुलाई को सबसे भीषण प्राकृतिक आपदा आने के बाद फंसे हुए थे। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने मंगलवार को बताया था कि वायनाड जिले के चार गांवों में हुई त्रासदी के बाद मलप्पुरम जिले में स्थित नीलांबुर और उसके आसपास के इलाकों में चलियार नदी से 76 शव और शरीर के कई अंग बरामद किए गए हैं। बुधवार को भी बचाव टीम चलियार नदी में सर्च अभियान चला रही है। प्रभावित क्षेत्रों में और उसके आसपास विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में 100 से अधिक राहत शिविर बनाए गए हैं।

**152** लोग अब भी लापता, 1000 ये ज्यादा बचावकर्मी चला रहे अभियान



चलियार नदी से 76 शव और शरीर के कई अंग बरामद किए गए

## इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित करे केंद्र सरकार : राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार से वायनाड भूस्खलन को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग की है। राहुल गांधी ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि वायनाड में भीषण त्रासदी हुई है। वे कुछ दिन पहले अपनी बहन के साथ वायनाड गए थे और इस त्रासदी से उत्पन्न तबाही, दर्द और पीड़ा को उन्होंने अपनी आंखों से प्रत्यक्ष रूप से देखा। उन्होंने कहा, वहां पर पहाड़ का लगभग दो किलोमीटर का हिस्सा पूरा गिर गया है। सैकड़ों लोग मारे गए हैं, और कई लापता हैं। उन्होंने राहत एवं बचाव कार्य में जुटी एजेंसियों की सराहना करते हुए कहा कि वहां पर केंद्र सरकार, राज्य सरकार, सेना, एनडीआरफ सहित अन्य कई एजेंसियां राहत एवं बचाव कार्य कर रही हैं। कर्नाटक, तमिलनाडु और तेलंगाना की राज्य सरकार भी सहायता कर रही है। सभी लोग वहां के प्रभावित लोगों की मदद कर रहे हैं।

## केजरीवाल इस्तीफा दें फिर आतिशी झंडा फहराएं : सचदेवा

एजेंसी



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना को पत्र लिखकर मांग की है कि आतिशी को इस बार स्वतंत्रता दिवस के मौके पर झंडा फहराने की इजाजत दी जाए। उनकी इस मांग पर अब दिल्ली बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि अगर केजरीवाल चाहते हैं कि आतिशी झंडा फहराएं, तो फिर उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए और आतिशी को कार्यवाहक मुख्यमंत्री बनाना चाहिए। इसके बाद, वे झंडा फहरा सकती हैं। मुझे लगता है कि मुख्यमंत्री अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं, इसलिए वो इस तरह का लेटर लिख रहे हैं। बतौर मुख्यमंत्री उन्हें इस बात का पता होना चाहिए कि राष्ट्रीय ध्वज की कुछ मर्यादाएं होतीं हैं, लेकिन अब वे इस मर्यादाओं पर कुठाराघात करने पर आमादा हो चुके हैं, जो कि किसी भी मायने में उचित नहीं है। बीजेपी नेता ने आगे कहा, मुख्यमंत्री को यह बात समझनी होगी कि ध्वज फहराने वाले व्यक्ति का एक गरिमामय पद पर होना अनिवार्य है, लेकिन वे अब इस तरह की मांग कर गरिमा पर लगातार चोट कर रहे हैं, जो कि ठीक नहीं है।

## एजुकेशन/करियर

**रजनीश।** स्टेटमेंट ऑफ परपस (एसओपी) यह एक रिटन स्टेटमेंट होता है जो आपके व्यक्तित्व को रिफ्लेक्ट करता है। जो अंतरराष्ट्रीय यूनिवर्सिटीज के सामने आपको लिखित रूप में रिप्रेजेंट करता है और आपके द्वारा चुने गए कोर्स में आवेदन का उद्देश्य दर्शाता है। एसओपी स्टेटमेंट आपके करियर, रुचियों, पेशेवर योगदान, लक्ष्यों और किसी विशेष कोर्स में आगे बढ़ाने के पीछे की प्रेरणा शक्ति के बारे में बात करता है जो आपके एजुकेशनल दस्तावेज में शामिल नहीं हैं।

# विदेशी विश्वविद्यालय में पढ़ने के लिए स्टेटमेंट ऑफ परपस देना अनिवार्य

### एसओपी का महत्व

- एसओपी आपके आवेदन का एकमात्र दस्तावेज होता है जो आपको यह साबित करने का अवसर देता है कि आपके अंदर कुछ ऐसी अनोखी बात है जो आपको भीड़ से अलग करता है। एक अच्छी तरह से लिखा गया एसओपी यह भी दर्शाता है कि आप अपने राइटिंग स्किल्स का उपयोग करके अपने विचारों को कितनी अच्छी तरह व्यक्त कर सकते हैं।
- स्टूडेंट वीज़ा के लिए अप्लाई करने वाले आवेदकों की मानसिकता और आकांक्षाओं को समझने के लिए एक स्टेटमेंट ज़रूरी है।
- आपकी एजुकेशनल उपलब्धियां, फैमिली बैकग्राउंड, फाइनेंशियल स्टेबिलिटी और संभावनाओं को दर्शाता है।
- एसओपी के रूप में निजी स्टेटमेंट्स या उस कड़ी मेहनत और दृढ़ता को दर्शाता है जिस कोर्स लिए छात्र अप्लाई कर रहा है।
- एसओपी आपके वीज़ा अप्रूवल में भी एक क्रिटिकल भूमिका अदा करता है।
- एसओपी केवल उद्देश्य का विवरण ही आपके व्यक्तित्व को प्रदर्शित करेगा। जिनके पास स्पष्ट कैरियर लक्ष्य और महत्वाकांक्षाएं हैं।

### एसओपी में क्या शामिल नहीं करना चाहिए

अक्सर विश्वविद्यालयों को उद्देश्य का एक लंबा विवरण मिलता है और फिर भी वे इसे अस्वीकार करते हैं। यहां तक कि जब आप एक व्याकरणिक त्रुटि नहीं ढूंढ पाते हैं, तो उत्कृष्ट प्रतीत होने वाली एसओपी को अस्वीकार कर दिया जाएगा। और प्राथमिक कारण है – बहुत अधिक अनावश्यक जानकारी। उदाहरण के लिए, सिर्फ इसलिए कि आप अपने परिवार के बारे में बात करना चाहते हैं, इसका मतलब यह नहीं है कि आप केवल अपने परिवार के बारे में ही बात करते रहें। जबकि आपका एसओपी एक डींग शीट होना चाहिए, यह एक पदार्थ के साथ एक डींग शीट होना चाहिए। आपको चुनने और चुनने की आवश्यकता है कि क्या शामिल करना है। एक विषय चुनें और उन उपलब्धियों का उल्लेख करें जो आपकी उम्मीदवारी के लिए सबसे अधिक मायने रखती हैं।




### यूनिवर्सिटीज एसओपी में क्या देखते हैं?

- यूनिवर्सिटीज आपके एसओपी में कुछ पॉइंट्स देखना चाहते हैं जो नीचे दिए गए हैं।
- आपकी राइटिंग क्षमताएं कितनी अच्छी हैं।
- क्या चीज आपको सबसे अलग बनाती है।
- आप कम्युनिटी में क्या बदलाव लाएंगे।
- विश्वविद्यालय या विभाग से कितने परिचित हैं।
- एक शक्तिशाली स्टेटमेंट पर आपका निष्कर्ष होता है।

### 7 गलतियां जो एसओपी में नहीं होनी चाहिए

- आपको अपना एसओपी कुछ सप्ताह पहले ही तैयार कर लेना चाहिए। अंतिम समय में एसओपी तैयार करना एक बहुत बड़ी गलती साबित हो सकती है।
- शब्द सीमा का पालन न करना। यूनिवर्सिटी द्वारा निर्धारित शब्दों में ही आपको अपना एसओपी पेश करना होगा।
- अपने बारे में आवश्यकता से ज्यादा लिखने से बचें।
- अपनी प्रसंशा के साथ – साथ विश्वविद्यालय की भी अधिक प्रशंसा करने से बचें और वास्तविकता को बनाए रखने का प्रयास करें।
- अपने एसओपी की असाधारण प्रेजेंटेशन न करें। एसओपी जितना सिंपल हो उतना ही अच्छा लगता है।
- असाधारण राइटिंग या अनौपचारिक शब्दों को लिखने से बचें।
- जब आप लिखना समाप्त कर लें, तो यह सुनिश्चित करने के लिए समय निकालें कि आपने एसओपी में कोई साधारण गलती नहीं की है।

### कितना बड़ा होना चाहिए एसओपी

यदि आप अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी पर विचार करते हैं, तो एसओपी कम से कम 1-2 पेज लंबा होना चाहिए। शब्द काउंट के हिसाब से एसओपी लगभग 1,000 शब्दों का होना चाहिए। शब्द सीमा और लम्बाई कभी-कभी उस विश्वविद्यालय पर भी निर्भर हो सकती है जिसे कैंडिडेट टारगेट कर रहा है और डिग्री के स्तर पर भी। उदाहरण के लिए एक उम्मीदवार जो एक अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम के लिए एक एसओपी लिख रहा है, वह 800 से 1,000 शब्दों से अधिक नहीं हो सकता है, जबकि एक उम्मीदवार जो पीएचडी डिग्री कोर्स के लिए एसओपी लिख रहा है, उसे इसे लगभग 1,200 शब्दों में लिखना होगा।

### एसओपी फॉर्मेट

- **परिचय :** आपको सबसे पहले जनरल इंट्रोडक्शन देना होगा। याद रखे इस पैराग्राफ में आपको अपना निजी इंट्रोडक्शन नहीं लिखना है।
- जिस क्षेत्र में प्रवेश लेना चाहते हैं, उसमें आपका क्या इंटरेस्ट है, आपको क्यों प्रवेश लेना है, आपकी क्या एस्पिरशंस है।
- **बैकग्राउंड :** आपको अपनी अकादमिक जानकारी, ट्रेनिंग एक्सपीरियंस, प्रोफेशनल अनुभव अगर आपके पास हो तो। और आपकी ग्रेजुएशन के समय किसी भी एक्स्ट्रा को-करीकुलर एक्टिविटी में शामिल होने का अनुभव आदि व्यक्त करना होगा।
- **कोर्स के बारे में :** आपको स्पष्ट करना होगा की आप यह कोर्स क्यों करना चाहते है। यह कोर्स आपको किस रूप में सहायक होगा।
- **करियर गोल्स :** आपको अपने करियर के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देनी होगी, आपके लॉन्ग टर्म प्लान्स क्या हैं। इस पैराग्राफ में आपको विदेश में रहने की इच्छा को व्यक्त नहीं करना है।
- **इस यूनिवर्सिटी में क्यों पढ़ें :** आपको बताना होगा जिस यूनिवर्सिटी में आप प्रवेश के लिए आवेदन कर रहे हैं की आप वहां से ही क्यों पढ़ना चाहते हैं और वह आपको किस तरह से आपकी मदद करेंगे।
- **निष्कर्ष :** अंत में आपको एक निष्कर्ष देना होगा जो भी आपने अपने स्टेटमेंट में लिखा है

### एसओपी कैसे लिखते हैं

*अपना एसओपी तैयार करने के लिए अद्भुत तरीके से लिखना महत्वपूर्ण है। यदि आप चाहते हैं कि आपका एसओपी शानदार और ओरिजिनल लगे, तो आपको इसे बनाने के लिए कुछ रणनीतियों की जरूरत होगी।*

1. एक छोटा एसओपी लिखें लेकिन अपने शब्दों में व्याख्या करें कि आपने इस कोर्स और विश्वविद्यालय का चयन क्यों किया है। ठोस कारण बताएं कि आप इस क्षेत्र को क्यों आगे बढ़ाना चाहते हैं और अपनी क्रिएटिव स्टोरी से एडमिशन पैनल को प्रभावित करें।
2. आप जो कुछ भी लिखते हैं, आपको वास्तव में विवरण में देना होगा, न कि केवल लिखने के लिए। इंट्रोस्पेक्शन करें और कारणों का पता लगाएं।
3. आपके उद्देश्य के बयान को एक उपन्यास की तरह पढ़ा जाना चाहिए जिसका अर्थ थोड़ा फॉर्मल हो।
4. आपको कुछ क्राइटेरिया का पालन करना होगा जो विश्वविद्यालय के अधिकारियों को बताएंगे कि आपको पढ़ाई के लिए विदेश जाने के बारे में क्या जुनून है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह एक अप्रत्यक्ष तरीके से होना चाहिए।
5. हर विश्वविद्यालय दूसरों से काफी अलग होता है। उनके मूल्यों, दृष्टिकोण, आदर्श वाक्य, ताकत और कमजोरियों आदि के बारे में जानें। सब कुछ बिल्कुल कॉपी न करें और अपना विवरण विश्वविद्यालय के आधर पर बदलें।
6. आपको उन सभी विश्वविद्यालयों के बारे में विस्तार से जानकारी होनी चाहिए, जिन पर आप आवेदन कर रहे हैं और प्रत्येक विश्वविद्यालय के बारे में अपनी पसंद की सभी चीजों को सूचीबद्ध करें।